RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 159
नई दिल्ली, शनिवार, 15 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

श्रेय पाने के भूखे लोगों ने देश का अहित किया: मोदी

पूर्वोत्तर में पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गुवाहाटी को राष्ट्र को समर्पित किया, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर साधा निशाना

एजेंसी। गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में हुए विकास की चर्चा से कुछ लोगों को बहुत परेशानी होती है और श्रेय पाने के ऐसे भूखे लोगों व राज करने की उनकी भावना ने देश का बहुत अहित किया है। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में 1,123 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए आयोजित एक समारोह में यह भी कहा कि ऐसी भावना रखने वालों को उत्तर पूर्व के राज्य दूर लगते थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार समर्पण भाव से वहां की सेवा करती है।

वहीं एक अन्य कार्यक्रम में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के हीरक जयंती समारोह के समापन समारोह में मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दूरदराज के इलाकों, विशेषकर पूर्वोत्तर, में न्याय प्रदान करने की प्रणाली को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की जरूरत है। मोदी ने यह भी कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली न्याय प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

● गुवाहाटी उच्च न्यायालय की हीरक जयंती में कहा- न्याय प्रणाली को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की जरूरत

असम में रेलवे परियोजनाओं, मेथनॉल संयंत्र की शुरुआत की

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार हर संभावित क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने इस कड़ी में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), आधार और डिजिटल इंडिया मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि ये गरीबों को उनके अधिकार दिलाने का बहुत बड़ा माध्यम बने हुए हैं। न्यायिक प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते वैश्विक इस्तेमाल का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमें एआई के माध्यम से आम नागरिक के लिए न्याय की सुगमता में सुधार के प्रयासों को भी बढ़ावा देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में कई रेल परियोजनाओं और एक मेथनॉल संयंत्र की शुरुआत की और ब्रह्मपुत्र नदी पर एक पुल की आधारशिला रखी।

मोदी ने गुवाहाटी में इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम से ऑनलाइन तरीके से अन्य परियोजनाओं के साथ-साथ पांच रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने डिब्रूगढ़ के नामरूप में असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एपीएल) द्वारा 500 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता वाले एक मेथनॉल संयंत्र की भी शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने बिहू नृत्य भी देखा, जिसका आयोजन असम के बिहू नृत्य को असमिया लोगों की सांस्कृतिक पहचान और जीवन के शुभंकर के रूप में विश्व स्तर पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया गया था। मोदी ने कहा, आजकल एक नई बीमारी देखने को मिल रही है। मैं देश में कही भी जाता हूं, पिछले नौ वर्षों में हुए विकास की चर्चा करता हूं तो कुछ लोगों को बहुत परेशानी हो जाती है। ये नई बीमारी है उनकी शिकायत। वे शिकायत करते हैं कि दशकों तक उन्होंने भी देश पर राज किया है लेकिन उन्हें क्रेडिट क्यों नहीं मिलता? उन्होंने कहा, क्रेडिट के भूखे लोगों और जनता पर राज करने की भावना ने देश का बहुत अहित किया है। जनता को ईश्वर का रूप करार देते हुए मोदी ने कहा कि पहले वाले क्रेडिट के भूखे थे इसलिए पूर्वोत्तर उन्हें दूर लगता था। प्रधानमंत्री ने एम्स, गुवाहाटी के साथ ही नलबाड़ी चिकित्सा महाविद्यालय, नागांव चिकित्सा महाविद्यालय, और कोकराझार चिकित्सा महाविद्यालय को भी राष्ट्र को समर्पित किया।

उन्होंने एम्स, गुवाहाटी परिसर में आयोजित समारोह में कहा कि दशकों तक पूर्वोत्तर कई और चुनौतियों से जूझता रहा है लेकिन पिछले नौ वर्षों में यहां सामाजिक बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने दिल्ली स्थित एम्स का उल्लेख करते हुए कहा कि यह 50 के दशक में बना था और देश के कोने-कोने से लोग आकर इसमें इलाज कराते थे लेकिन दशकों तक किसी ने ये नहीं सोचा कि देश के दूसरे हिस्सों में भी एम्स खोलने चाहिए। उन्होंने कहा, अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने पहली बार इसके लिए प्रयास शुरू किए थे। लेकिन उनकी सरकार जाने के बाद फिर सब ठप्प का ठप्प पड़ गया। जो एम्स खोले भी गए, वहां व्यवस्थाएं खस्ताहाल ही रहीं। 2014 के बाद हमने इन सारी कमियों को दूर किया। हमने बीते वर्षों में 15 नए एम्स पर काम शुरु किया। इनमें से अधिकतर में इलाज और (शेष पेज 9)

सीबीआई ने केजरीवाल को 16 को किया तलब

● आबकारी नीति: केंद्रीय एजेंसी कल करेगी पूछताछ, आप का आरोप- मुख्यमंत्री को जेल भेजने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि केजरीवाल को जांच दल के सवालों का जवाब देने के लिए पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी मुख्यालय में उपस्थित होना होगा।

आम आदमी पार्टी (आप) ने इसे एक साजिश बताया और कहा कि मुख्यमंत्री को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। पार्टी ने पुष्टि करते हुए कहा कि केजरीवाल रविवार को एजेंसी के समक्ष पेश होंगे। एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि ऐसे आरोप हैं कि कुछ शराब कारोबारियों और दक्षिण लॉबी के पक्ष में नीति में फेरबदल कर जुटाए गए पैसे को आप द्वारा चुनावी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने का संदेह है। केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह का आरोप है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में शराब कारोबारियों को लाइसेंस देने के लिए कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाया गया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस आरोप को खारिज किया था।

यह नीति बाद में वापस ले ली गई थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने 17 अगस्त, 2022 को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कहा था कि आरोप लगाया गया है कि आबकारी नीति में संशोधन, लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ देना, लाइसेंस शुल्क में छूट/कमी, अनुमोदन के बिना एल-1 लाइसेंस का विस्तार आदि सहित अनियमितताएं की गईं। सूत्रों ने कहा है कि कई कारकों पर विचार करने के बाद मामले में आरोपपत्र दाखिल करते समय केजरीवाल की अंतिम भूमिका, गवाह (शेष पेज 9)

2025 के बाद ममता सरकार नहीं बचेगी

● शाह ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 35 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा, तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय गृहमंत्री की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

पीएनएस/एजेंसी। कोलकाता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए, अगले साल होने वाले आम चुनाव में पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 35 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा और कहा कि राज्य की ममता बनर्जी सरकार 2025 के बाद नहीं बचेगी।

नरेन्द्र मोदी के 2024 में फिर से देश का प्रधानमंत्री बनने पर जोर देते हुए शाह ने कहा कि ममता बनर्जी जैसे राजनीतिक नेता कभी भी पाकिस्तान को करारा जवाब नहीं दे सकते और कश्मीर में आतंकवाद से नहीं लड़ सकते। शाह की टिप्पणियों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

पार्टी ने पूछा कि कैसे कोई केंद्रीय मंत्री, अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले एक निर्वाचित सरकार को खुले तौर पर गिराने की धमकी दे सकते हैं। शाह ने यहां बीरभूम जिले के सूरी इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मैं साफ-साफ कह (शेष पेज 9)

पायलट प्रकरण को सुलझाने में कमलनाथ बने मध्यस्थ

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के हालिया अनशन से जुड़े प्रकरण को सुलझाने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बृहस्पतिवार को पायलट से मुलाकात भी की थी। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान पायलट ने अपने मुद्दों को कमलनाथ के सामने रखा और यह स्पष्ट किया कि उनका एक दिवसीय अनशन पार्टी के खिलाफ नहीं था, बल्कि पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर था। इस घटनाक्रम से अवगत एक सूत्र ने बताया, यह बैठक सौहार्दपूर्ण रही, हालांकि इसमें कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। उधर, राजस्थान में कांग्रेस के मामलों के प्रभारी सुखजिंदर (शेष पेज 9)

तिहाड़ में लॉरेंस के साथी प्रिंस तेवतिया की हत्या

● जेल में बंद उताउर्रहमान ने झगड़े के दौरान चाकुओं से गोदा, हमलावर समेत चार अन्य कैदी घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार शाम गैंगवार में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिस्नोई और हाशिम बाबा के साथी प्रिंस तेवतिया की हत्या कर दी गई। जेल में बंद दूसरे बदमाश अताउर्रहमान ने झगड़े के साथ प्रिंस पर सुएं और चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 वर्षीय प्रिंस तिहाड़ की जेल नंबर तीन में बंद था। उसे दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली कैंट इलाके में लग्जरी गाड़ी लूटने के आरोप में पिछले साल दिसंबर में गिरफ्तार किया था। इसी जेल में बंद अताउर्रहमान और प्रिंस के बीच वर्चास्व को लेकर हिंसक झड़प हुई। अधिकारियों (शेष पेज 9)

भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष पर बरसाईं गोलियां, मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

द्वारका जिले के मटियाला इलाके में भाजपा किसान मोर्चा के नेता सुरेंद्र मटियाला की उनके कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात हमलावारों ने आफिस में घुसकर ताबड़तोड़ छह गोलियां मारीं। गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। छानबीन में पता चला है कि सुरेंद्र मटियाला नजफगढ़ जिला (शेष पेज 9)

चन्नी विजिलेंस के समक्ष पेश हुए, आप सरकार को कोसा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को सतर्कता ब्यूरो के समक्ष पेश हुए। इस दौरान, अधिकारियों ने चन्नी से सात घंटे तक पूछताछ की। चन्नी ने मामले में उनके खिलाफ जारी जांच को पूरी तरह से राजनीतिक करार दिया। शाम को सतर्कता ब्यूरो के मोहाली कार्यालय से बाहर निकलते हुए चन्नी ने फिर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार मुगलों से भी बदतर व्यवहार कर रही है। वे तमाम तरीके से अपमानित और बदनाम करना चाहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने हमेशा ईमानदारी से काम किया है और आगे भी करता रहूंगा। कांग्रेस नेता चन्नी ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे ब्यूरो के मोहाली कार्यालय में जाने से पूर्व अपनी पेशी निर्धारित तारीख से पहले किए जाने को लेकर राज्य सरकार की निंदा की। चन्नी को (शेष पेज 9)

दया याचिकाओं पर फैसले में देरी का फायदा उठा रहे हैं दोषी: कोर्ट

● शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को ऐसी अर्जियों पर जल्द फैसला करने का निर्देश दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि मौत की सजा का सामना कर रहे दोषी अपनी दया याचिकाओं पर निर्णय में अत्यधिक देरी का फायदा उठा रहे हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकारों और संबंधित अधिकारियों को ऐसी याचिकाओं पर जल्द फैसला करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा अंतिम निष्कर्ष दिए जाने के बाद भी, दया याचिका पर फैसला करने में अत्यधिक देरी होने से मौत की सजा का उद्देश्य नाकाम हो जाएगा। पीठ ने कहा, इसलिए, राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को सभी प्रयास करने चाहिए कि दया याचिकाओं पर जल्द से जल्द फैसला किया जाए और उनका निपटारा किया जाए, ताकि आरोपी को भी अपने भविष्य का पता चल सके और पीड़िता को न्याय मिल सके।

पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर यह टिप्पणी की, जिसमें एक महिला और उसकी बहन को सुनाई गई मौत की सजा को कम कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने मृत्युदंड को आजीवन कारावास में इस आधार पर बदल दिया कि दोषियों द्वारा दायर की गई दया याचिकाओं (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

राहुल गांधी ने आवास से सामान हटाना शुरू किया

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजधानी के तुगलक लेन स्थित उस आवास से अपना सामान स्थानांतरित करना आरंभ कर दिया है जहां वह बतौर सांसद पिछले कई वर्षों से रह रहे है। मानहानि के मामले मे दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद पिछले महीने उन्हे लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। लोकसभा सचिवालय द्वारा भेजे गए नोटिस मे उनसे 22 अप्रैल तक 12 तुगलक लेन आवास खाली करने के लिए कहा गया है। उनके आवास के बाहर दो ट्रक खड़े देखे गए और बाद उनमे सामान लादकर उनकी मां सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ ले जाया गया। सूत्रो का कहना है कि राहुल गांधी यह आधिकारिक बंगला बहुत जल्द खाली कर देंगे। कांग्रेस सूत्रो ने बताया कि राहुल गांधी रहने के लिए कुछ मकान देखे है, हालांकि यह भी संभव है कि वह अपनी मां सोनिया गांधी के साथ ही रहे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा को भी कुछ साल पहले लोधी स्टेट इलाके मे स्थित सरकारी आवास को उस वक्त खाली करना पड़ा था जब उनकी एसपीजी सुरक्षा हटा दी गई थी।

कड़ी सुरक्षा के बीच प्रयागराज में आज होगा असद और गुलाम के शव का अंतिम संस्कार

● माफिया अतीक व अशरफ से धूमनगंज थाने में एसटीएफ व एटीएस की टीम ने की लंबी पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज/लखनऊ

झांसी में बीते बृहस्पतिवार को एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारे गए माफिया डॉन अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम के शव का प्रयागराज में शनिवार को अंतिम संस्कार होगा। असद के मौसा शव लेने के लिए देर शाम झांसी पहुंचे जबकि गुलाम का कोई परिजन नहीं गया है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस दोनों के शवों को लेकर प्रयागराज पहुंचेगी। मुठभेड़ के संबंध में एसटीएफ की ओर से बड़गांव थाने में दो मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

इनमें एक मुकदमा असद और गुलाम के खिलाफ पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने का है जबकि दूसरा मुकदमा सतीश पांडे नाम उस शख्स के खिलाफ दर्ज कराया गया है जिसके घर उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी गुड्डू मुस्लिम ने वारदात के बाद शरण ली थी। उधर दूसरी ओर पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात में ही नैनी जेल से निकालकर अतीक को अपने कब्जे में ले लिया।

धूमनगंज थाने पर उससे पूछताछ की जा रही है। कोर्ट ने अतीक और अशरफ को चार दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंपने का आदेश दिया है। आदेश के अनुपालन में नैनी जेल ने अतीक और (शेष पेज 9)

राउत ने मुठभेड़ों पर सीएम योगी का समर्थन किया

मुंबई। माफिया से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर योगी आदित्यनाथ का समर्थन करते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि अगर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माफिया राज खत्म करना चाहते हैं, तो जाति और धर्म का कोई सवाल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों और आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता है। राउत ने कहा कि जिन लोगों को पुलिस कार्रवाई पर संदेह है, वे उपचारात्मक उपायों के लिए (शेष पेज 9)

दिल्ली से चोरी कर भागा बंटी चोर कानपुर में पकड़ा

चोरी की कार, तीन मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, सेट टॉप बॉक्स के साथ पांच एलईडी टीवी, प्रेस, प्रिंटर और पर्स बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कुख्यात चोर देवेंद्र सिंह उर्फ बंटी को कानपुर से गिरफ्तार किया है। बंटी पर बॉलीवुड फिल्म ओए लकी, लकी ओए! भी बन चुकी है। पुलिस के अनुसार अमीर घरों में हाथ साफ करने के लिए कुख्यात बंटी सन 2012 तक देश भर में चोरी के लगभग 500 मामलों में वांछित था। वह कई बार विभिन्न राज्यों की पुलिस को गच्चा देकर फरार हो चुका है। बंटी की करतूतों पर 2008 में रिलीज फिल्म में अभय देओल ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

इसके बाद इस चोर का नाम हर किसी की जुबान पर चढ़ गया। सलमान खान के मशहूर टेलीविजन शो बिग बॉस सीजन-4 में 2010 में स्वयं देवेंद्र सिंह उर्फ बंटी शामिल हुआ था, लेकिन सलमान खान के साथ दुर्व्यवहार के बाद उसे शो से निकाल दिया गया था। पुलिस के अनुसार सुपर चोर के उपनाम से चर्चित 53 वर्षीय सिंह को राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में अंजाम दी गई चोरी के दो मामले में उत्तर प्रदेश के कानुपर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बंटी ने 14 साल की उम्र से ही चोरी करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह पहले सिर्फ दिल्ली में चोरी के 250 से अधिक मामलों में शामिल था। पुलिस ने कहा कि 12-13 अप्रैल की दरमियानी रात तीन महंगे मोबाइल फोन, पर्स, दो लैपटॉप, ब्रांडेड जूते, कलाई घड़ी और बलेनो कार की चोरी के संबंध में ग्रेटर कैलाश (जीके)-पार्ट टू निवासी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी की गई। उन्होंने कहा कि उसी दिन जीके-पार्ट टू के एक अन्य निवासी ने चोरी की खबर दी।

● बंटी की करतूतों पर 2008 में बन चुकी है फिल्म, 2010 में सलमान खान के शो बिगबॉस में भी पहुंचा था

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा कि इलाके और घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि टोपी पहने एक अधेड़ संदिग्ध दोनों घटनाओं में शामिल था। अधिकारी ने कहा कि टीम ने संदिग्ध के सीसीटीवी फुटेज को देखना शुरू किया और चोरी की कार के मार्ग का अनुसरण किया, जिससे पता चला कि वह सीआर पार्क में अलकनंदा के रास्ते नोएडा की ओर जा रही थी। इस दौरान चोरी किए गए एक फोन की लोकेशन आगरा के पास मिली।

पुलिस को अंदाजा हो गया कि चोर पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर भाग गया है। उन्होंने कहा कि टीम ने चोरी की कार को उप्र के इटावा के पास हाईवे पर देखा। बाद में टीम ने उप्र के कानपुर देहात में टोल बूथ पर कार को रोकने में कामयाबी हासिल की, लेकिन आरोपी ने भागने की कोशिश की। हालांकि, कार का शीशा टूटा हुआ था और आरोपी को पकड़ लिया गया। घर से चोरी किया गया सामान जैसे तीन मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, सेट टॉप बॉक्स के साथ पांच एलईडी टीवी, प्रेस, प्रिंटर और पर्स आदि सामान भी कार से बरामद कर लिया गया। बंटी चोर 9वीं कक्षा तक पढ़ा है और 1993 से उसने चोरी करना शुरू (शेष पेज 9)

मेट्रो की लिंक लाइन पहुंचाएगी आईजीआई एयरपोर्ट

दिल्ली मेट्रो रेल निगम की मैजेंटा लाइन से जुड़ेगी, 22 सेक्टरों के लाखों लोगों का होगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट को जोड़ने वाली लिंक लाइन की डीपीआर तैयार हो रही है। ये लिंक लाइन नोएडा के बोटेनिकनल गार्डन से सेक्टर-142 तक का है। जिसको एनएमआरसी ने फाइनल कर दिया है। इसकी डीपीआर डीएमआरसी तैयार कर रहा है।

इसके लिए तीन लाइनों पर चर्चा की जा रही थी। लेकिन एक्सप्रेसवे के साथ वाले रूट को फाइनल किया गया। प्रस्तावित मेट्रो लाइन के इस रूट की लंबाई तकरीबन 11.5 किलोमीटर होगी। इसमें पहले तैयार की गई डीपीआर में 11 स्टेशन बनाए जाने थे। ये सेक्टर-142, 136, 91, 93, 98 से लेकर बॉटेनिकल गार्डन तक अन्य स्टेशन शामिल थे। इस बार तैयार होने वाली डीपीआर में स्टेशन की संख्या घटाई जा सकती है। इस रूट पर स्टेशनों संख्या 5 होने का अनुमान है। इसमें सेक्टर-91, सेक्टर-98, सेक्टर 105 सेक्टर-44, बॉटनिकल गार्डन स्टेशन शामिल हैं।

स्टेशन की संख्या व लोकेशन अब एनएमआरसी फाइनल कर डीएमआरसी को सौंप दी है। कयास लगाए जा रहे है आगामी एक से दो महीने में इसकी डीपीआर तैयार हो जाएगी। तब इस रूट का अनुमानित कास्ट सामने आएगी।

बॉटेनिकल गार्डन नोएडा का सबसे इंटर चेंज है। यहां से जनकपुरी वेस्ट के लिए मैजेंटा लाइन है। ये लाइन टर्मिनल 1.आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन को जोड़ती है। बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक लाइन प्रस्तावित है। ये लाइन एनएमआरसी के एक्वा लाइन है जो सीधे नॉलेज पार्क-2 तक जाएगी।

नॉलेज पार्क से जेवर एयरपोर्ट तक करीब 25.5 किमी का लिंक तैयार होगा। इसकी डीपीआर तैयार हो चुकी है। यानी दिल्ली के जनकपुरी वेस्ट की ओर से आने वाले वे लोग जिनको नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जाना है वो इस लिंक लाइन का प्रयोग कर सकते है।

एक एक्सप्रेस लाइन की डीपीआर भी तैयार है। जिसे जून तक डीएमआरसी यमुना विकास प्राधिकरण को सौंप देगी।

ये एक्सप्रेस लाइन है जो नॉलेज पार्क-2 से सीधे दिल्ली एयरपोर्ट लाइन को नई दिल्ली में जोड़ेगी।

इस पर मेट्रो 120 किमी की रफ्तार से चलेगी। जिसकी कुल लंबाई करीब 72 किमी है। इसमें सात स्टेशन बनाए जाएंगे। इसका पूरा अलग कोरिडोर होगा। बॉटनिकल गार्डन स्टेशन से मेट्रो निकलने के बाद महामाया फ्लाई ओवर के पास सेक्टर.44 के सामने जाएगी। फिर यहां से सेक्टर.96 की तरफ बढ़ते हुए एक्सप्रेस. वे के सर्विस रोड के किनारे से होते हुए निकलेगी। इस लाइन पर मेट्रो चलने से सेक्टर 28, 29, 37, 44, 45, 46, 47, 48, 96, 99, 100, 105, 107, 108, 110 सेक्टरों के अलावा छलेरा, सदरपुर, भंगेल, सालारपुर, गेझा, हाजीपुर आदि गांव के लोगों को फायदा होगा।

इसके अलावा एक्सप्रेस वे के दूसरी ओर रहने या काम करने वाले लोगों की मेट्रो से ग्रेटर नोएडा व दिल्ली की कनेक्टिविटी होगी। एक्वा मेट्रो के सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट तक मेट्रो प्रोजेक्ट में अब काम शुरू होना है। यह प्रोजेक्ट मंजूरी के लिए कैबिनेट के पास है।

कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही इस पर निर्माण के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। इस रूट पर नौ स्टेशन बनने है। पहले फेज में पांच स्टेशन बनाए जाएंगे। इस पूरे लिंक को बनाने में करीब 2 हजार करोड़ रुपए का खर्चा आएगा।

नगर निगम में मेयर चुनाव लड़ने के लिए अभी तक किसी ने नहीं मांगी एनओसी

● अभी किसी भी राजनैतिक दल का टिकट फाइनल नहीं हो पाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मेयर टिकट पाने के लिए भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा आदि राजनैतिक दलो में जोर आजमाइश चल रही है। अभी तक किसी भी राजनैतिक दल की ओर से कोई भी टिकट फाइनल नहीं हो पाया है।

यहीं कारण है कि कोई भी नेता अभी नगर निगम से भी एनओसी नहीं ले रहे हैं। नगर निगम में एनओसी जारी करने के लिए दो टीम बनाई गई है। एक टीम नगर निगम में पार्षद का चुनाव लड़ने वाले इच्छुक लोगों को एनओसी जारी कर रही है। दूसरी टीम मेयर चुनाव के इच्छुक लोगों को एनओसी जारी करने के लिए तैनात की गई है।

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि मेयर चुनाव लड़ने के एक भी इच्छुक व्यक्ति की ओर से नगर निगम में एनओसी के लिए आवेदन नहीं किया है। न ही किसी व्यक्ति की ओर से अभी फार्म की लिया गया है।

माना जा रहा है कि अभी नेता टिकट पाने के लिए कोशिश में लगे हुए है। माना जा रहा है कि जिस भी नेता का टिकट फाइनल होगा वह ही एनओसी के लिए नगर निगम में आवेदन करेगा।

हिन्ट चौक पर बेकाबू कार ने पिता-पुत्री को कुचला

● सड़क हादसे में युवती की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर कॉलोनी में स्थित हिन्ट चौक के पास एक बेलगाम कार ने स्कूटी पर सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। इस हादसे में पीले क्वॉर्टर सिहानी गेट निवासी बलविंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी 35-36 वर्षीय पुत्री मनेंदर कौर की मौत हो गई।

उक्त हादसे के बाद अज्ञात वैगनआर कार का चालक गाड़ी को भगाकर ले गया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। इस संदर्भ में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू करके स्कूटी को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। वहीं विभिन्न कारणों के चलते अलग.अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों के दौरान जहां एक महिला की मौत हो गई वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर घायलों को उपचार के लिये अस्पतालों में भर्ती करवा दिया। उपचार के बाद चार लोगों को रिलीव कर दिया जबकि तीन की इलाज के लिए भर्ती कर लिया।

तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों मारी टक्कर, तीन घायल

गाजियाबाद। मोदीनगर में नोएडा पुलिस से बचकर भाग रहे कार सवार बदमाशों ने काकड़ा बंदीपुर मार्ग पर बाइक सवार तीन युवकों को कुचल दिया। बाइक में टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। बदमाश कार को छोड़कर फरार हो गए। रावली सुराना मार्ग पर राधाकुंज कॉलोनी स्थित पेट्रोल पंप पर देर रात 9:30 बजे के आसपास एक कार आकर रुकी। कार में पांच छह युवक बैठे हुए थे। चालक ने कार में पेट्रोल डालने की बात कही। जैसे ही कार में पेट्रोल डाला गया, इसी बीच चालक बिना पैसे दिए कार लेकर फरार हो गया। जब वह गांव काकड़ा स्थित प्राथमिक स्कूल के पास पहुंचा तो कार ने एक बाइक में टक्कर मार दी।

नोएडा में कोरोना वायरस के 114 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर में आज कोरोना वायरस से ग्रसित 114 नए रोगी पाए गए है। इसी सीजन में पहली बार एक साथ इतने अधिक संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है।

डॉक्टरों के अनुसार ओमीक्रान के नए वेरिएंट एक्सबीबी और लोगों की लापरवाही के कारण संक्रमण बढ़ रहा है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ अमित कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने 1727 संदिग्ध रोगियों की नमूनों की जांच की। इनमें से 114 संक्रमित पाए गए हैं। वहीं 24 घंटे में 69 रोगी इलाज के बाद स्वस्थ हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में सक्रिय मरीजों की संख्या 396 हो गई है। 15 रोगियों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

बाकी मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं है। इस सीजन में अभी तक कोरोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

गाजियाबाद में औसतन 50 केस आ रहे

गाजियाबाद में जिले में कोरोना संक्रमण रफ्तार पकड़ चुका है। महज 14 दिन में ही जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या 500 का आंकड़ा पार कर चुकी है। हर दिन औसतन 50 मरीज संक्रमण के सामने आ रहे हैं।

उन्होंने लोगों से अपील किया कि वे कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करें। मास्क का प्रयोग करें तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

एमिटी यूनिवर्सिटी में छात्रों के दो गुटों में मारपीट

नोएडा। नोएडा में एमिटी यूनिवर्सिटी में छात्रों के दो गुटों में मारपीट का 45 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि एक छात्र को दूसरे छात्र को सिर के बल जमीन पर पटक देता है।

जमीन पर पड़े युवक को दूसरा छात्र लात घुंसों से पीटता है। मारपीट के दौरान क्लास रूम में छात्रा और महिला शिक्षक छात्रों को छुड़ाने का प्रयास कर रही है।

वीडियो किस दिन का है। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि वीडियो सामने आया है। वहीं, सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की है।

संक्षिप्त समाचार

डीसीपी नोएडा, डीसीपी ट्रेफिक, एडीसीपी नोएडा एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी/कर्मचारियों के साथ फेस-1 फायर स्टेशन पर शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में 2 मिनट का मौन व्रत रखा गया।

एडिशनल सीपी ने दिखाई जागरूकता रैली को हरी झंडी

गाजियाबाद। अग्निशमन दिवस के अवसर पर एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने आग की विभिषका से बचाने के लिये फायर ब्रिगेड के द्वारा शुरू की की गई जागरूकता रैली को हरी झंड़ी दिखाई। सीएफओ राहुल पाल और कई एफएसओ की अगुवाई में निकली इस रैली ने कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को जहां आग से बचाव और आग लगने से कैसे रोका जाये, ऐसे पहलूओं पर जानकारी दी। यह जानकारी सीएफओ राहुल पाल ने दी। बता दें कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए अग्निकांड़ में 66 दमकलकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। आग बुझाने के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अग्निशमनकर्मियों की याद में आज के दिन को पूरे देश में अग्निशमन स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कार मार्केट की छवि खराब करने का आरोप

नोएडा। कार मार्किट वेल्फेयर एसोसिएशन नोएडा सेक्टर-16 के संजय चौहान ने बताया कि कार मार्किट के अन्दर लगभग 300 दुकाने है जिसके मुख्यद्वार पर कुछ लड़के जमावड़ा लगाकर खड़े रहते है। ग्राहक जैसे ही मार्किट में प्रवेश करता है। यें लड़के ग्राहक को घेर लेते है और मार्केट के मेन रास्ते में ही गाड़ी लगाकर काम करना शुरू कर देते है जिससे मार्केट का रास्ता भी ब्लॉक हो जाता है। ये लड़के ग्राहक से उल्टे सीधे पैसों से ठगते भी है और बदसलूकी भी कर देते है जिससे मार्किट की छवि दिन पर दिन खराब होती जा रही है। इस विषय को प्रशासन के सन्दर्भ में लाया गया है। कई बार नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीयों से शिकायत की गई लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। प्रेससवार्ता के दौरान कार मार्किट वल्फ़ेयर एसोसिएशन के राजीव त्यागी, संजय चौहान, दलवीर सिंह रावत, हरिश्चंद्र सिंह, मोनू ठाकुर, पवन ड्रेंगा, रजनीश गहलोत्रा, राजीव रल्हन, अनिल खुराना, संजय श्रीवास्तव सहित मार्किट के व्यापारी मौजूद रहे।

योगी आदित्यनाथ से मिले सुनील गलगोटिया

नोएडा। गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया और सीईओ ध्रुव गलगोटिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में औद्योगिक निवेशक, शिक्षा क्षेत्र और अच्छी कानून-व्यवस्था चर्चा हुई। सुनील गलगोटिया ने मुख्यमंत्री को श्रेय देते हुए कहा कि राज्य को 32 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश आने से करीब एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेंगे। यह सब इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि आज देश में सबसे अच्छी कानून व्यवस्था यूपी में है। उद्योग जगत का भरोसा बढ़ा है। सुनील गलगोटिया ने कहा आज निवेशक कहीं और जाने की बजाय भयमुक्त होकर उत्तर प्रदेश में काम कर पा रहे हैं। बताया कि पहले जहां उत्तर भारत के युवा उच्च शिक्षा के लिए दक्षिण भारत का रुख करते थे, वहीं सरकार का सक्रिय सहयोग मिलने के बाद माहौल पूरी तरह बदल गया है। अब दक्षिण भारत सहित अन्य राज्यों के छात्र-छात्राएं उत्तर प्रदेश के शिक्षण संस्थानों का रुख करने लगे हैं।

डॉ आंबेडकर ने समानता के लिए किया संघर्ष: डीएम

गाजियाबाद। जिला सभागार में देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर डीएम आरके सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डीएम आरके सिंह ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने न सिर्फ देश का संविधान लिखा बल्कि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष भी किया। उन्हें समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। एडीएम प्रशासन बिपिन कुमार ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने पूरा जीवन अपना अछूतों, महिलाओं और मजदूरों की भलाई के लिए न्यौछावर कर दिया। एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने कहा कि डॉ अम्बेडकर कहते थे कि शिक्षा सामजिक परिवर्तन का माध्यम है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट शुंभागी शुक्ला, एसीएम चंद्रेश कुमार, एसीएम निखिल चक्रवर्ती सहित जिला मुख्यालय के कर्मिक मौजूद रहे।

प्रधान पति ने शिक्षकों से की अभद्रता

गाजियाबाद। मोदीनगर में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के साथ प्रधान पति द्वारा अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज त्यागी ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव झलावा स्थित प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है। वीडियो में ग्राम प्रधान पति व उनके पुत्र शिक्षकों से अभद्रता कर रहे हैं। दो मिनट के वीडियो में दोनों के बीच नोकझोंक हो रही है। शिक्षक नेता अनुज त्यागी व स्कूल के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत करा दिया है।

सार्वजनिक सूचना

मैं, SUNWORLD RESIDENCY PVT LTD. व्यक्तिगत कारणों से उ0प्र0 रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं Sunworld Arista (संख्या UPRERAPRJ6444) एवं Sunworld Arista (PH-2 T-5,7,8,9), Club (संख्या UPRERAPRJ11625) को सरेन्डर/ कैन्सिलेशन /निरस्तीकरण करा रहा हूँ। किसी व्यक्ति/संस्था आदि द्वारा इस परियोजना में यदि कोई बुकिंग करायी गई हो तो कृपया अपना क्लेम/दावा प्रस्तुत करें। उक्त क्लेम/दावा को विवरण सहित 15 दिनों के अन्दर यूपी रेरा की ईमेल आईडी contactuprera@up-rera.in पर भी भेजा जाए तथा क्लेम/दावा विवरण को सचिव उ0प्र0 रेरा मुख्यालय, नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान, कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ-226007 को प्रेषित किया जाएं।

Public Notice

To be known to all that I, **N K Jain** S/ o Late Sh U S Jain **R/o S-37, Venus Aptts, Sec-9, Rohini, Delhi-85** has applied for conversion of the above flat from **Leasehold to Freehold** in DDA. The **original allotment** and **possession letter** of the above flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi, vide No.:832663/2020 Dated: 22/12/2020. Any person (s) claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone no 9810832620 immediately after the publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (GH), Vikas Sadan, New Delhi.

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 17 दुकानें और क्योस्क बिके

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की शॉप, ऑफिस और क्योस्क की योजना की ऑनलाइन बिड बुधवार को लगाई गई। जिसके जरिए 17 शॉप, ऑफिस और क्योस्क बिक गए हैं। सफल आवंटियों को शीघ्र ही आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा। 90 दिनों में भुगतान कर पजेशन प्राप्त कर सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर वाणिज्यिक विभाग की तरफ से विगत जनवरी को शॉपए क्योस्क व ऑफिस की योजना लांच की गई थी। इस योजना में 35 शॉप व ऑफिस और 17 क्योस्क शामिल किए गए। शॉप व ऑफिस सेक्टर गामा वन, कादंबा एस्टेट, ईकोटेक टू की बीएम मार्केट, टाउ स्वर्णनगरी, डेल्टा वन व टू, कासना बस डिपो अल्फा टू व बीटा टू और बीटा टू शॉपिंग सेंटर में स्थित हैं और 17 क्योस्क सेक्टर ईकोटेक टू कुलेसरा, ईकोटेक थ्री यूके वन, पाई वन व टू चौरसिया एस्टेट, फाई.चाई कासिया एस्टेट, सिग्मा टू सी ब्लॉक, सिग्मा टू डी ब्लॉक, सेक्टर 37 ब्लॉक ए व ओमीक्रॉन थ्री ब्लॉक ए में स्थित हैं।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान,
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 83/निविदा/2023-24 दिनांक: 13.04.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, वृत्त-ऊधमसिंह नगर/हल्द्वानी के अन्तर्गत पाईप लाईन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से टेण्डर बॉक्स के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक **29.04.2023** के अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर दिनांक **15.04.2023** से दिनांक **28.04.2023** की सांय 5.00 बजे तक कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान ऊधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाये जाने पर रु0 100.00 अतिरिक्त डाक व्यय देना होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी	मद
1	वि0ख0 गदरपुर के अन्तर्गत गूलरभोज नगरीय पेयजल योजना में विभिन्न वार्डो में पाईप लाईन सम्बन्धी कार्य।	1500+270.00 =1770.00	34900.00	60 दिन	'डी'/ उच्चतर	15वें वित्त
2	वि0ख0 बाजपुर के अन्तर्गत बाजपुर नगरीय पेयजल योजना में वार्ड नं0 12 भौना इस्लामनगर में पाईप लाईन सम्बन्धी कार्य।	500+90.00 =590.00	8400.00	60 दिन	'डी'/ उच्चतर	15वें वित्त
3	वि0ख0 बाजपुर के अन्तर्गत बाजपुर नगरीय पेयजल योजना में वार्ड नं0 11 तीन मन्दिर में पाईप लाईन सम्बन्धी कार्य।	500+90.00 =590.00	5800.00	60 दिन	'डी'/ उच्चतर	15वें वित्त

शर्ते-
1. विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेंगे।
2. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य है।
3. निविदा बिक्री/खुलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
4. निविदा डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
5. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।

"जल संचय-जीवन संचय"

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

PUBLIC NOTICE

My client, HERO HOUSING FINANCE LIMITED is mortgaging one Property Bearing No. 27/108/3A & New No. 7/97, Plot No. 32, Khasra No. 4044/3204/746 village Chandrawali alias Shahdara, Prem Block, Jwala Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi-32, lastly owned by Deceased Ashok Kumar Sharma through sale deed document no. 48 dated 02.01.2008 at SR-VIII, Delhi. After his demise his legal heirs namely Smt. Kamni Sharma now became owner through registered WILL No. 184 dated 01.08.2013 at SR-IVB, Delhi. Any Person/Bank/ Financial Institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the Undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 7 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Om Prakash Singhi S/o Late Sh KR Singhi R/o Flat Number 404, 4th Floor, Saral Co-operative Group Housing Society Ltd, Plot No. 15, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075. I am the owner of Flat Number 404, 4th Floor, Saral Co-operative Group Housing Society Ltd, Plot No. 15, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075. The original documents viz Share Certificate has been lost of the said property. An information report of this effect has been lodged in Police Station Crime Branch Delhi vide SO No: 430 / 2014 Delhi Police P.S: Crime Branch, Delhi LR No: 211981/ 2023. Any person(s) any right, interest having No objection or found in possession of the original document, may write/ contact with the above person at the address/ phone number 9434000633 within 15 days of the publication of this notice. The person claiming right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy Director, GH or Director GH, C-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

चंद्रमा मिशन पर जा सकता है गाजियाबाद का रोवर

● नासा ने प्रमाणित किया तो चंद्रमा की जमीन पर अंतरिक्ष यात्रियों को घुमाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नासा साल-2024 में आर्टेमिस प्रोग्राम के तहत चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की तैयारी कर रहा है। दरअसल, मैन मेड रोवर बेहतर से बेहतर बनाने के लिए नासा ने दुनियाभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों से सुझाव मांगे हैं। इस प्रतियोगिता में 61 टीमें चुनी गईं हैं, जिसमें भारत से 8 और उत्तर प्रदेश से 3 टीमें हैं।

एक हफ्ते बाद नासा में होने वाली इस प्रतियोगिता में चुनी गई टीमें अपने-अपने रोवर की खासियत बताएंगी। ऐसे में गाजियाबाद के काईट कॉलेज के स्टूडेंट्स ने खास रोवर तैयार किया है। उनका दावा है कि मून पर जाने के लिए उनका रोवर सबसे अच्छा साबित होगा। नासा ने इस कॉम्पिटिशन का नाम नासा ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज 2023 दिया है। पिछले साल इसके लिए कॉलेजों से एंट्री मांगी गई थी। सितंबर-2022 में इंजीनियरिंग छात्रों ने रोवर के बारे में अपने-अपने डिजाइन प्रोजेक्ट सम्बिट किए।

अक्टूबर-2022 में इसका रिजल्ट आया और नासा ने दुनियाभर से 61 टीमों को रोवर तैयार करने के लिए चुना। उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी और शिव नाडर यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग छात्रों की टीम का इस प्रोजेक्ट के लिए चयन हुआ। गाजियाबाद में काईट कॉलेज के इंडिया कॉलेजिएट क्लब से टीम इंटरस्टेलर्स को नासा ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज 2023 में भाग लेने के लिए चुन लिया गया है। 20 से 22 अप्रैल तक ये प्रतियोगिता हंट्सविले, अलबामा, यूएस नासा के अंतरिक्ष और रॉकेट केंद्र में होगी। दुनियाभर की 61 टीमें सबसे बेहतर मैन मेड रोवर का आविष्कार करने के लिए एक.दूसरे से कॉम्पिटिशन करेंगी। काईट कॉलेज की टीम के मेंटर तुहिन श्रीवास्तव के अनुसार, काईट ने तीसरी बार नासा ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज में भाग लिया है। उन्होंने कहा 2019 में हमें प्रतिष्ठित नील आर्मस्ट्रांग बेस्ट डिजाइन अवार्ड मिला। वर्ष 2021 में हमें फीनिक्स अवार्ड मिला। इस साल हमारी टीम में 6 छात्र सदस्य हैं और हमें प्रतियोगिता जीतने की पूरी उम्मीद है। 75 किलो वजनी ये रोवर पांच फीट चौड़ा और लंबा है।

चंद्रमा की सतह पर उतरने के सिर्फ एक सेकेंड में ये असेंबल हो सकता है और अगले 5 सेकेंड में ड्राइव के लिए रेडी हो जाएगा। चारों व्हील मैनुअल ड्राइव हैं, इसलिए पॉवर बैकअप जैसी जरूरत नहीं है। दो एस्ट्रोनॉट्स रोवर पर बैठकर इसे पैरों का मूवमेंट करके चला सकते हैं और बैठे.बैठे ही चंद्रमा की सतह से सैंपल एकत्र करके वापस स्पेस शटल में आ सकते हैं। 6 महीने इस रोवर के डिजाइन को तैयार करने में लगे और 6 महीने फेब्रिकेशन में लगे। काईट कॉलेज में 6 सदस्यीय छात्रों की टीम के कप्तान अगम जैन ने बताया, यह हमारे लिए आसान या सुगम यात्रा नहीं थी। पूरी.पूरी रात जागकर हमने अपने रोवर को डिजाइन और असेंबल किया है। पांच लंबाई.चौड़ाई साइज के बॉक्स में रोवर को फिट करना, फ्रेम की स्ट्रेंथ, व्हीकल के वजन को ध्यान में रखने जैसे सभी कड़े टास्क थे। पर पूरा विश्वास है कि हमारा रोवर प्रतियोगिता में मिलने वाली सभी कठिनाइयों को आसानी से पार कर लेगा।

नासा पिछले 15 साल से मिशन मून के लिए इस तरह की प्रतियोगिता करता रहा है। पहले इस प्रतियोगिता का नाम नासा मून बग्गी रेस होता था, जो अब बदलकर नासा ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज 2023 हो गया है। हर साल दुनियाभर के गिनी-चुनी टीमें चयनित होती हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

बिजली सब्सिडी को लेकर सरकार और उपराज्यपाल में खींचतान

ऊर्जा मंत्री ने कहा- सब्सिडी को नहीं मिली मंजूरी, एलजी कार्यालय ने आरोपों को बताया झूठ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिजली सब्सिडी को लेकर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार में फिर तकरार शुरू हो गई है। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि शुक्रवार से शहर के करीब 46 लाख लोगों को मिलने वाली बिजली सब्सिडी खत्म हो जाएगी क्योंकि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अभी तक उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने की फाइल को मंजूरी नहीं दी है।

इस बीच उपराज्यपाल के कार्यालय ने कहा कि वर्ष 2023-24 के लिए बिजली सब्सिडी विस्तार को एलजी ने मंजूरी दे दी है और दावा किया कि ऊर्जा मंत्री आतिशी झूठे आरोप लगा रही हैं।

यह आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच गतिरोध का ताजा मुद्दा हो सकता है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर सक्सेना के साथ बैठक के लिए समय मांगा था लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला।

आतिशी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार 46 लाख उपभोक्ताओं को जो सब्सिडी देते हैं, वह आज से बंद हो जाएगी। सोमवार से लोगों को बिना सब्सिडी के बढ़े हुए बिल मिलेंगे। मंत्री ने कहा कि दिल्ली मंत्रिमंडल ने वर्ष 2023-24 के लिए बिजली सब्सिडी के विस्तार को मंजूरी दे दी है, लेकिन फाइल अब भी उपराज्यपाल कार्यालय में लंबित है।

उन्होंने आरोप लगाया, जब तक फाइल मंजूर नहीं हो जाती, तब तक हम सब्सिडी नहीं दे सकते। मैंने इस मामले पर चर्चा के लिए एलजी कार्यालय से समय भी मांगा था लेकिन 24 घंटे से ज्यादा हो गए हैं और मुझे समय नहीं दिया गया है। फाइल भी अभी तक वापस नहीं आई है। आतिशी ने कहा कि फाइल कुछ दिनों पहले भेजी गई थी लेकिन जवाब का अब भी इंतजार है। इस सब्सिडी के बजट को विधानसभा ने पास कर दिया है। सरकार के पास सब्सिडी के लिए पैसा है लेकिन हम इसे खर्च नहीं कर सकते।

उनके आरोपों पर पलटवार करते हुए उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, बिजली मंत्री को सलाह दी जाती है कि वे एलजी के खिलाफ अनावश्यक राजनीति और निराधार झूठे आरोपों से बचें।

उन्हें झूठे बयानों से लोगों को गुमराह करना बंद करना चाहिए। उन्हें और मुख्यमंत्री को दिल्ली की जनता को जवाब देना चाहिए कि इस संबंध में फैसला चार अप्रैल तक लंबित क्यों रखा गया जबकि समय सीमा 15 अप्रैल थी। एलजी को 11 अप्रैल को फाइल क्यों भेजी गई और 13 अप्रैल को चिट्ठी लिखकर नाकट करने और फिर आज संवाददाता सम्मेलन करने की क्या जरूरत थी।

आप सरकार उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मासिक खपत के साथ मुफ्त बिजली प्रदान करती है।

प्रति माह 201 से 400 यूनिट खपत करने वालों को 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है जिसकी अधिकतम सीमा 850 रुपए है।

पिछले साल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की थी कि बिजली सब्सिडी केवल उन उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी जो इसके लिए आवेदन करेंगे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 58 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं में से 48 लाख से अधिक ने बिजली सब्सिडी के लिए आवेदन किया है। आप सरकार ने 2023-24 के अपने बजट में बिजली सब्सिडी के लिए 3250 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

बिजली छूट के विरोध में नहीं, ऑडिट हो : वीके सक्सेना

- वर्ष 2016-17 से डिस्कॉम को वितरित बिजली सबिसिडी राशि के विशेष ऑडिट की सरकार को दी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार द्वारा पिछले 6 वर्षों के दौरान निजी बिजली कंपनियों को दिए गए 13,549 करोड़ रुपये का ऑडिट नहीं कराये जाने की नाराजगी जताई है। यह सब्सिडी वर्ष 2016 से वर्ष 2022 के दौरान दी गई। उन्होंने गरीबों को बिजली सब्सिडी दिए जाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इस सब्सिडी का पूरी तरह समर्थन किया है और कहा कि बिजली कंपनियों को जो सब्सिडी दी गई है, उसका हर हाल में ऑडिट होना चाहिए ताकि बिजली सब्सिडी में अगर कहीं भी चोरी हो रही है तो उसे रोका जा सके। एलजी ने 2016-17 से विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को वितरित बिजली सब्सिडी राशि के विशेष ऑडिट के लिए केजरीवाल सरकार को सहमति दे दी है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गरीबों को दी जाने वाली बिजली सब्सिडी पर अपनी सहमति और प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स्पष्ट किया कि इस तरह की सब्सिडी में दिया गया पैसा जनता से कर राजस्व के रूप में प्राप्त धन है, इसलिए यह सुनिश्चित करना सरकार की प्रमुख जिम्मेदारी है कि यह किसी निहित स्वार्थ वाले या धन चोरी करने वाले के हाथों में न जाए बल्कि इसका लाभ बड़ी आबादी तक पहुंचे। एलजी ने केजरीवाल सरकार के कैग के पैनलबद्ध ऑडिटर्स से बिजली कंपनियों के ऑडिट के प्रस्ताव को अनुमति देते हुए स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में ऑडिट कैग द्वारा ही किया जाना चाहिए न कि कैग द्वारा पैनलबद्ध ऑडिटर्स से। कैग द्वारा पैनलबद्ध ऑडिटर्स को कैग ऑडिट के विकल्प के रूप में नहीं माना जा सकता।

आप सरकार ने बिजली कंपनियों के खातों के ऑडिट कराने में काफी लापरवाही बरती है। सरकार ने वर्ष 2015 में डीईआरसी से बिजली कंपनियों के खाते का ऑडिट कराने के लिए कह तो दिया लेकिन इस मुद्दे पर काफी उदासीन रही जबकि वह विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 108 को लागू कर सकती थी। इस अधिनियम के तहत डीईआरसी को ऑडिट करने के लिए बाध्यकारी निर्देश दे सकती थी। पर सच्चाई यह है कि डीईआरसी ने किसी तरह का ऑडिट नहीं किया। इसके बाद मुख्य सचिव ने इस अधिनियम के बाध्यकारी धारा के तहत डीईआरसी को ऑडिट करने के लिए दिसंबर 2022 में फाइल भेजा। लेकिन 27 जनवरी 2023 को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और बिजली विभाग के मंत्री मनीष सिसोदिया ने इसे भी खारिज कर दिया।

उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को भेजे अपनी फाइल में कहा है, हैरान करने वाली बात यह है कि दिसंबर 2022 में काफी देर से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 108 के तहत विभाग ने डीईआरसी को ऑडिट करने के लिए कहा लेकिन इससे भी बड़ी आश्चर्य की बात यह रही कि 27 जनवरी 2023 को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

सार्वजनिक धन का ऑडिट न कराने पर अपनी गंभीर आपत्ति व्यक्त करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि सबसे पहले उन्हें इस बात पर आपत्ति है कि दिल्ली वालों के 13,549 करोड़ रुपये का पिछले 6 वर्षों से ऑडिट नहीं किया गया है। इतने अधिक सार्वजनिक धन को, बिना किसी ठोस जांच के कि गरीबों के लिए तय की गई यह सब्सिडी बड़ी आबादी तक पहुंच रही है या नहीं, निजी बिजली वितरण कंपनियों को दे दिया गया। दरअसल वर्ष 2015 में हाईकोर्ट ने बिजली कंपनियों के कैग द्वारा ऑडिट कराने के दिल्ली सरकार के आदेश को रद्द कर दिया था।

आबकारी नीति : झूठे सबूतों से अदालत को गुमराह कर रहा ईडी : केजरीवाल

- मुख्यमंत्री ने कहा- सिसोदिया पर लगाया फोन तोड़ने का आरोप, जबकि उनमें से कई फोन ईडी के पास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने आबकारी मामले की जांच कर रहे प्रर्वतन निदेशालय पर हमला बोला है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ईडी का कहना है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने फोन तोड़ दिए, जबकि उनमें से कई फोन ईडी ने जब्त किया है। जिन 14 मोबाइल को नष्ट करने की जानकारी दी, उसमें से 5 फोन तो ईडी और सीबीआई ने अपने कब्जे में ले रखे हैं।

अन्य फोन मनीष सिसोदिया के घर काम करने वाले लोगों के हैं और अब भी मौजूद हैं। यह सारा मामला ही झूठा और मनगढ़ंत है। ईडी लोगों को प्रताड़ित कर और दबाव डालकर झूठे बयान ले रही है। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के केस में निकल कर आया कि जो व्यक्ति था, उसने बयान कुछ दिया था और ईडी की चार्जशीट में कुछ और लिखा हुआ था। अब यह तथ्य निकल कर सामने आया है कि ईडी ने कहा कि मनीष सिसोदिया ने अपने कई फोन तो? दिए, जबकि उनमें से कई फोन तो ईडी की ही कस्टडी में हैं।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेताओं और प्रवक्ताओं अगर जरा भी नैतिकता बची है, तो वो टीवी चैनलों पर हाथ जोड़कर देश वासियों के सामने माफी मांगें। भाजपा के प्रवक्ता चिल्ला-चिल्ला कर बोल रहे थे कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन नष्ट कर दिए, जबकि सच्चाई कुछ और ही है। मनीष सिसोदिया को बदनाम करने वाले अधिकारियों को टीवी चैनल पर हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, वह कोर्ट से निवेदन करते है कि आपको गुमराह करने और गलत तथ्य व गलत जानकारी देकर जमानत रद्द करवाने वाले ईडी के अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र के मामले में कार्रवाई की जाए।

सिसोदिया और जैन के साथ तिहाड़ में शामिल होंगे केजरीवाल: भाजपा

नइ दिल्ली। भाजपा ने आप संयोजक केजरीवाल पर कथित शराब नीति घोटाले का मास्टरमाइंड बताते हुए हमला तेज किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह दिन दूर नहीं जब तीन दोस्त, जो एक-दूसरे को याद करते हैं -अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन -तिहाड़ जेल की एक ही बैरक में बैठेंगे।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली भाजपा हमेशा से कहती रही है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मास्टरमाइंड है, जिसमें उनके मंत्री मनीष सिसोदिया जेल में हैं। केजरीवाल सीधे तौर पर घोटाले में शामिल हैं, क्योंकि आबकारी नीति को उनकी अध्यक्षता में कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल सरकार ने आबकारी नीति लाकर दिल्ली के राजस्व को नुकसान पहुंचाया और समाज को भी नुकसान पहुंचाया।

अच्छी शिक्षा से गरीबी दूर करने में मिलेगी मदद : मुख्यमंत्री

बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने से गरीबी दूर करने में मदद मिल सकती है। केजरीवाल ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर यहां सिविक सेंटर में आयोजित एक समारोह में कहा कि शिक्षक, सफाई कर्मचारी और अन्य कर्मचारी दिल्ली सरकार में अपने समकक्षों की तरह व्यवस्था में सुधार करने के लिए अगले साल जादू करेंगे।

दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) दोनों में आम आदमी पार्टी (आप) सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंबेडकर शिक्षा के मूल्य और समाज को गरीबी से ऊपर उठाने तथा लोगों के बीच समानता लाने में इसकी भूमिका को जानते थे।

उन्होंने सिविक सेंटर परिसर में आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इससे पहले उन्होंने एक ट्वीट में कहा, पूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

आइए हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जहाँ देश के हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले, देश तरक्की करे और दुनिया का नंबर-एक देश बने।

धोखाधड़ी मामले में गोपाल अंसल पर केस चलाने का आदेश

नई दिल्ली। अदालत ने 1991 में कनॉट प्लेस में एक इमारत में निवेश के नाम पर एक निजी कंपनी और उसके प्रवर्तकों के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी और जालसाजी करने के मामले में रियल इस्टेट कारोबारी गोपाल अंसल के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया है।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने धोखाधड़ी जैसे मामलों में अंसल के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। हालांकि, अदालत ने स्टेट्समैन हाउस निर्माण करने वाली आरोपी कंपनी को आरोप मुक्त कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

नई दिल्ली। शाहदरा इलाके के रामनगर विस्तार में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में केक काटा गया ओर खीर, जूस, मिठाई ओर केले बांटे गए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैकड़ों लोगों ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित किये और उन्हें याद किया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं ओर बुजुर्गों ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया ओर बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम आयोजक समिति के रविन्द्र कुमार ने बताया बाबा साहब का 132 वी जयंती के मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने प्रसाद वितरित किया गया है, बाबा साहब दबे कुचले समाज के मसीहा है उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए कार्य किये है ओर देश के सविधान निर्माता रहे है। इस मौके पर आयोजन समिति की तरफ से छत्तर पाल, भॅवर सिंह, मनोज कुमार, विजय कुमार, श्याम सुंदर, सतेंदर कुमार, शलेंदर, दीपक कुमार, गणेश चंद , विनय, नरेश, योगी, लवनीश भी उपस्थित रहे।

फ्यूज्ड किडनी वाली महिला ने पति को दिया जीवनदान

नई दिल्ली। एक महिला जन्म से ही फ्यूज्ड किडनी से पीड़ित थी और उसने अपनी एक किडनी अपने पति को दी है। उसका पति यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती था और उसकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया था। डॉक्टरों ने यह जानकारी दी। फ्यूज्ड किडनी आमतौर पर एक जन्मजात दोष है, जिसमें दोनों किडनी (गुर्दे) आपस में जुड़ जाती हैं, जिससे उनका आकार घोड़े की नाल की तरह हो जाता है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत के चिकित्सकों ने गुर्दा प्रतिरोपण किया और उनके अनुसार यह इस तरह का पहला मामला है। जांच में सामने आया कि महिला के पति (53) की किडनी काम नहीं कर रही है और किडनी प्रतिरोपण ही अंतिम उपाय है। इस पर महिला (49) ने अपनी एक किडनी पति को दान करने की पेशकश की।

बोगेनविलिया के फूलों की पहली प्रदर्शनी शुरू

नई दिल्ली। राजधानी को हरा-भरा बनाने की कोशिशों को तेज कर दिया गया है। गत दिनों कई पुष्प प्रदर्शनी आयोजित किए गए थे। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए 14 से 16 अप्रैल तक बोगेनविलिया के फूलों की पहली प्रदर्शनी का सैद-उल-अजैब, साउथ ऑफ साकेत के र्डन ऑफ फाइव सेंसेज शुरू हो गया है। इसमें बोगनविलिया फूलों के 3 दर्जन से अधिक प्रजातियां और 300 किस्मों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा बोगनविलिया बोन्साई पौधे और गार्डन ट्रे आधारित बोगेनविलिया शामिल हैं। बोगनविलिया के अलावा फलों और सब्जियों के पौधे भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस प्रदर्शनी को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

दिल्ली का अधिकतम तापमान 39 डिग्री पहुंचा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। विभाग में बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे शहर में सापेक्ष आर्द्रता 46 फीसदी दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता, मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह नौ बजे के आसपास दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 280 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है।

मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर अमीर बता करता था लड़कियों से ठगी

- रौब जमाने के लिए महंगी गाड़ियों में घूमता था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर खुद को एक अमीर कुवांरा बताकर महिलाओं से कथित तौर पर पैसे ठगने के आरोप में 26 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर लोग शादी के लिए रिश्ते तलाशने के वास्ते अपना खाता बनाते हैं। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के निवासी विशाल ने वेबसाइट पर खुद को एक अमीर कुंवारा बताया था। वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए महंगी गाड़ियों का इस्तेमाल करता था। वह महिलाओं को कम दाम पर आईफोन (मोबाइल फोन) दिलाने के बहाने कथित तौर पर पैसे भेजने को कहता था। उन्होंने बताया कि विशाल एक पढ़ा-लिखा पेशेवर हैं और एक बहुराष्ट्रीय निगम (एमएनसी) में काम करता था। अपने कारोबार में नुकसान झेलने के बाद, उसने महिलाओं को ठगना शुरू किया।

एक महिला के उत्तर पश्चिमी दिल्ली के केशवपुरम थाने में 3.05 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराने के बाद यह मामला सामने आया। पुलिस ने बताया कि गुरुग्राम में एक एमएनसी में काम करने वाली महिला के माता-पिता ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर उसका खाता बनाया था। वर की तलाश में उनकी पहचान इस व्यक्ति से हुई जो खुद को हर साल 50 से 70 लाख कमाने वाला एक एचआर पेशेवर बताता था।

भीड़भाड़ वाले इलाके में सरेराह युवक की चाकू घोंपकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खजूरी चौक इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित रूप से चाकू घोंपकर 27 वर्षीय एक सुरक्षा गार्ड की हत्या कर दी। पीड़ित वरूण सोनिया विहार का रहने वाला था। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार शाम पांच बजकर 20 मिनट पर वरूण नामक गार्ड के साथ यह वारदात हुई।

वह गढ़ी मेंडू में अपनी बहन के घर जा रहा था और खजूरी चौक पर फल खरीदने गया था। पुलिस के अनुसार खजूरी खास में रहने वाला 25 वर्षीय करण वहां से गुजर रहा था जिसे वरूण ने इशारा किया और बताया कि किसी ने उसे बर्फ काटने वाला चाकू घोंप दिया है। पुलिस के मुताबिक एक अच्छे नागरिक का फर्ज निभाते हुए करण उसे तुरंत भजनपुरा के पेंटाग्राम नर्सिंग होम ले गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस नर्सिंग होम पहुंची तब उसे पता चला कि वरूण के पेट पर चाकू से तीन बार वार किया गया है।

ट्रकों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने की व्यवहार्यता का अध्ययन करेगी सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए परिवहन विभाग जल्द ही सरकारी ट्रकों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने की व्यवहार्यता पर गौर करने के लिए अध्ययन शुरू करेगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन (आईसीसीटी) द्वारा आयोजित अध्ययन अगले सप्ताह शुरू होगा और कुछ महीनों में सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे। आईसीसीटी के प्रबंध निदेशक (भारत) अमित भट्ट ने अध्ययन के पीछे के उद्देश्य के बारे में बताया, हम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हम कचरा निपटान ट्रक, पानी के टैंकर, बागवानी ट्रक जैसे सरकारी ट्रकों का विद्युतीकरण कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए, ऊर्जा खपत को देखेंगे ताकि भविष्य में जब वे विद्युतीकृत हों, तो हमें पता चल सके कि उन्हें किस प्रकार की बैटरी और चार्जिंग अवसंरचना की आवश्यकता होगी। ट्रक बहुत अधिक उत्सर्जन करते हैं और उनके विद्युतीकरण की जरूरत है।

डीयू के सभी कॉलेजों में लगेंगे सीसीटीवी

आईपी महाविद्यालय की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का मुद्दा गर्माने के बाद उठाया गया कदम

- दिल्ली विश्वविद्यालय की समिति ने कुछ उपाय सुझाए थे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबंध सभी कॉलेजों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे।

इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वुमेन की छात्राओं की उत्पीड़न की घटना के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की समिति ने कुछ उपाय सुझाए गए हैं, जिसमें सीसीटीवी कैमरे लगाना, बाहरी लोगों के प्रवेश को प्रतिबंधित करना, निजी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और दीवारों की ऊंचाई बढ़ाना शामिल है। दिल्ली पुलिस के सहयोग से डीयू ने दिशा निर्देश तैयार किए हैं। सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी किए जाने की संभावना है। दिल्ली विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई बैठक करने और आईपीसीडब्ल्यू कॉलेज की घटना का विश्लेषण करने के बाद दिशा-निर्देश तैयार किए हैं।

वह नहीं चाहते कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा हो। दिशा-निर्देश तैयार किए गए। दिल्ली पुलिस की ओर से कुछ सुझाव मिले थे, वह उन्हें भी शामिल कर रहे हैं। इसकी सूचना सोमवार को दी जाएगी।

कॉलेज फेस्ट (कॉलेज में आयोजित किए जाने वाले वार्षिक उत्सव) के दौरान महिला कॉलेजों में उत्पीड़न की कई घटनाएं सामने आने के बाद ये दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं। उत्पीड़न की हालिया घटना आईपीसीडब्ल्यू में सामने आई, जहां 28 मार्च को छात्राओं ने आरोप लगाया कि उन्हें फेस्ट के दौरान अज्ञात पुरुषों ने परेशान किया।

पहाड़गंज के 536 होटलों ने की अवैध रूप से भूजल निकासी

- एनजीटी ने एसडीएम और डीपीसीसी को कदम उठाने का निर्देश दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने एक समिति को राष्ट्रीय राजधानी के पहाड़गंज इलाके में 536 होटल द्वारा भूजल को कथित तौर पर अवैध तरीके से निकाले जाने के खिलाफ कदम उठाने का निर्देश दिया है।

अधिकरण के अप्रैल, 2021 में पारित पहले के आदेश को लागू करने के अनुरोध संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने समिति को होटल और इसी तरह के प्रतिष्ठानों द्वारा भूजल निकाले जाने की वैधता को देखने के अलावा भूजल उपलब्धता और अन्य उपायों पर गौर करने का भी निर्देश दिया।

मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। याचिका में पहाड़गंज में संचालित 536 होटल द्वारा भूजल की अवैध निकासी के खिलाफ रोक लगाए जाने का अनुरोध किया गया है। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. के. गोयल की पीठ ने कहा कि हालांकि कोई भी आवेदन जिसमें कई कारण बताए गए है, नियमों के तहत स्वीकार्य नहीं है, अगर पर्यावरणीय मानदंडों का गंभीर उल्लंघन होता है तो अधिकरण स्वत: अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर सकता है।

माउंट एवरेस्ट फतह करने चली ट्रैक्टर मैकेनिक पिता की बेटी रीना भट्टी

इससे पहले किलिमंजारो चोटी को कर चुकी हैं फतह

जीवन के उतार-चढ़ावों के बीच जा चढ़ी दुर्गम पहाड़ों पर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

पर्वतारोही रीना भट्टी का स्वागत करते मानव आवाज संस्था के सदस्य व समाजसेवी।

मान ली तो हार है और ठान ली तो जीत है। इसी को अपना मंत्र बनाकर हरियाणा की बेटी रीना भट्टी ने पर्वतारोही के रूप में अपनी यात्रा शुरू की। रीना ने साउथ अफ्रीका की किलिमंजारो चोटी पर चढ़ाई करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साथ में मात्र 24 घंटे में माउंट एल्ब्रुस चोटी को फतह करने वाली रीना पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अपने बुलंद हौंसलों के दम पर अब रीना दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह करने के लिए चली हैं।

माउंट एवरेस्ट की यात्रा शुरू करने से पहले रीना भट्टी (32) का यहां होटल कोरस इन में मानव आवाज संस्था की ओर से स्वागत करते हुए उन्हें इस सफर पर सफल होने की शुभकामनाएं दी। मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट, समाजसेवी हेमंत वशिष्ठ, सेवानिवृत आईआरएस कल्याण शर्मा समेत अनेक गणमान्य लोगों ने रीना भट्टी का स्वागत किया और उन्हें गुरुग्राम के मौजिज लोगों से रूबरू कराया। रीना भट्टी को मदद करने वाली संस्था वी-टू गेदर से प्रदीप ने रीना की पहले की कामयाबी को सराहा और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

बेहद ही सामान्य परिवार में जन्मीं रीना के परिवार की आर्थिक हालत मजबूत नहीं है। उसके ट्रैक्टर मैकेनिक पिता जैसे-तैसे करके परिवार का खर्च चलाते, फिर भी रीना के सपनों को पूरा करने में उन्होंने उसे प्रेरित किया। हर संभव मदद की। अपनी यात्रा के संस्मरणों को सांझा करते हुए रीना भट्टी ने कहा कि वर्ष 2019 में उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी।

हरियाणा के हिसार जिला के गांव बालक में जन्मीं रीना के पिता ट्रैक्टर मैकेनिक हैं। इसी काम के चलते परिवार को हिसार शहर में शिफ्ट होना पड़ा। चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी रीना ने अपनी पढ़ाई के साथ जॉब भी की, ताकि परिवार की आर्थिक रूप से मदद की जा सके। स्कूल समय में आठवीं कक्षा तक वे कबड्डी की खिलाड़ी रहीं। रीना कहती हैं कि जीवन की जद्दोजहद के बीच उनकी खिलाड़ी वाली भावनाएं दबती जा रही थी।

लड़की हुई है सोच को बदलने की सोच: साथ ही वे इस सोच को बदल देना चाहती थी कि किसी परिवार में जब बेटी का जन्म होता है और परिवार मासूसी से कहता है कि-लड़की हुई है। उसे यह टैग लाइन एक तरह से चुभती थी। सोच और विचारों में खोई रीना ने बताया कि उसकी एक दोस्त ने कहीं बाहर जाने की प्लानिंग की और वे अमरनाथ यात्रा पर निकल गई। परिवार की अनुमति से तीन बार अमरनाथ यात्रा उन्होंने की।

लद्दाख में चादर ट्रैक से की थी ट्रैकिंग की शुरुआत : रीना भट्टी ने बताया कि ट्रैकिंग की शुरुआत उसने लद्दाख में चादर ट्रैक से की। चादर ट्रैक मतलब माइनस तापमान में नदी के पानी की जमीं हुई बर्फ पर ट्रैकिंग करना होता है। उसमें सफलता हासिल की। इस दौरान माउंट एवरेस्ट के बारे में भी पढ़ा-जाना। इसके बाद रीना ने साउथ अफ्रीका में माउंट किलिमंजारो की चोटी पर चढ़ाई की। इसमें उसका 2.5 लाख रुपये खर्चा आया। यह यात्रा उसने नवंबर 2019 में की थी।

मदर्स डे पर की 105 किलोमीटर की साइकिलिंग : मदर्स डे पर उसने माओं को समर्पित 105 किलोमीटर की साइकिलिंग की। फिर वर्ष 2021 में 7000 किलोमीटर की चढ़ाई की। वर्ष 2022 में रीना भट्टी ने 8 चढ़ाई चढ़ी, इसमें उन्होंने रिकॉर्ड बनाए। एक राज्य स्तर पर 6000 मीटर 70 घंटे में दो चढ़ाई करके रिकॉर्ड शामिल है। दूसरा रिकॉर्ड राष्ट्रीय स्तर का है। मात्र 24 घंटे में रीना ने माउंट एल्ब्रुस चोटी को फतह करने वाली रीना पहली भारतीय महिला बन गई हैं। रीना कहती हैं कि उनकी यह यात्रा व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने उसे इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की।

बाबा साहेब व्यक्ति नहीं एक विचारधारा : सुखबीर तंवर

बाबा साहेब को नमन करते सुखबीर तंवर।

गुरुग्राम। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीम राव आंबेडकर के 132वें जन्म दिवस पर क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद इंदिरा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बाबा साहब का व्यक्तित्व बहुमुखी और दर्शन अतुलनीय है। उन्होंने आजीवन सामाजिक समरसता के लिए संघर्ष किया। बाबा साहब का नारा शिक्षित बनो-संगठित रहो-संघर्ष करो सर्व समाज और राष्ट्र के संदर्भ में आज भी पूर्णतया प्रासंगिक है। प्रतिकूल परिस्थितियों और संसाधनों के अभाव के उपरांत वैश्विक शिक्षा जगत में भारत का नाम रोशन करके सिद्ध किया कि शिक्षा ही मानव जीवन की प्रगति और गुणवत्ता का एकमात्र आधार है। बाबा साहेब का जीवन अंतराष्ट्रीय स्तर पर सर्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बाबा साहब ने भारतीय संविधान की रचना से पहले ही वंचितों, श्रमिकों एवं मातृशक्ति के जीवन को सरल, सहज और सुगम बनाने के लिये अनेक सफल प्रयास किये।

संक्षिप्त समाचार

नेशनल फायर सर्विस डे के अवसर पर लगाया रक्तदान शिविर

शिविर में रक्तदान करते युवा।

गुरुग्राम। नेशनल फायर सर्विस डे के अवसर पर सेक्टर-79 स्थित गोदरेज आयरिया एवं गोदरेज-101 सोसायटी में उपायुक्त गुरुग्राम निशांत कुमार यादव व अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन व रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बिल्डिंग प्रबंधक प्रदीप छोकर व बिल्डिंग अग्निशमन अधिकारी तथा सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र डबास ने किया। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसायटी टीम से कविता सरकार, भीम शर्मा, सिविल अस्पताल ब्लड बैंक टीम, संत भगत सिंह जी महाराज चैरिटेबल फरीदाबाद ब्लड बैंक की टीम और रक्त दाताओं का विशेष योगदान रहा। सचिव विकास कुमार ने कहा कि रक्तदान अधिक से अधिक किया जाना चाहिए। हर क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति अपनी पूर्ण जांच कराकर नियमों के मुताबिक रक्तदान कर सकते है। युवा पीढ़ी इस नेक कार्य के लिए सदा तैयार रहें।

सेक्टर-22 गुरुद्वारा में मनाया गया बैसाखी पर्व

सेक्टर-22 गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञानी दिलबाग सिंह को सम्मानित करते सभा के सदस्य।

गुरुग्राम। सेक्टर-22 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा की ओर से खालसा साजना दिवस (बैसाखी) पर्व धूमधाम से व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगतों द्वारा दर्शनी डिआड़ी का उद्घाटन किया गया। भाई अवतार सिंह द्वारा कीर्तन गायन किया गया। ज्ञानी दिलबाग सिंह को यहां सम्मानित किया गया। साथ ही सेवा मुक्त हुए हरिपाल सिंह ने बताया कि सुबह से ही यहां पर श्रद्धालु मत्था टेक रहे थे। प्रधान बलजीत सिंह ने अंत में सभी का धन्यवाद किया।

सोहना में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए 68 करोड़ रुपये खर्च होंगे : बनवारी लाल

जलभराव की समस्या के समाधान को नई सीवर लाइन डालने पर 68 करोड़ रुपये खर्च होंगे

कहा, शहरवासियों को इस जलभराव की समस्या से जल्द ही छुटकारा मिलेगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना में जलभराव का फाइल फोटो।

हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल ने कहा कि सोहना में बरसात के दिनों में होने वाली शहर में जलभराव की समस्या को जल्द ही समाप्त किया जाएगा। जिसके लिए नई सीवर लाइन डालने पर 68 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नहरी पानी को पेजयल आपूर्ति करने के लिए टैंकों में भरकर रखा जाएगा।

शुक्रवार को बाबा साहिब भीम राव अंबेडकर जयंती समारोह में आए हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल ने कहा कि बारिश के मौसम में सोहना शहर के अंदर जलभराव की समस्याओं से स्थानीय नागरिक बहुत परेशान है। लेकिन शहरवासियों को इस जलभराव की समस्या से जल्द ही छुटकारा मिलेगा। इसके लिए सरकार के आदेशानुसार शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए 68 करोड़ रुपये की योजना तैयार कर ली है। उक्त योजना को बहुत ही जल्द पहल करते हुए शरह में से जलभराव की समस्या को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय पत्रकारों को वार्ता में बताया कि प्रदेश में नहरी पानी से पेयजल की समस्या को समाधान नहीं हो पाया है। आने वाले समय में बहुत ही जल्द प्रदेश के प्रत्येक गांव व शहर में जल संरक्षण टैंक बनाएं जाएंगे। ताकि नहरी पानी को आबादी के अनुसार जल संरक्षण टैंक में इकट्ठा किया जाएगा। टैंक के माध्यम से ही सुबह-सायं नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। नहरी पानी से भी दक्षिण हरियाणा में पेयजल संकट की समस्या समाप्त नहीं हो रही है। इसलिए प्रत्येक गांव शहर में जल संरक्षण टैंक बनाएं जाएंगे।

अदालत के आदेश की होगी पालना: दक्षिण हरियाणा को पंजाब से आने वाले नहरी पानी पर पूछे गए सवाल पर कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यों की सरकारों को आपस में बैठकर इस समस्या का समाधान करने के लिए आदेश जारी किए हुए है। जिसके लिए पंजाब व हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री स्तर की कई बार वार्ता हो चुकी है। दोनों ही राज्यों की सरकारें इस समस्या को जल्द ही एक साथ बैठकर समाधान करेंगे। पंजाब की सरकार से इस संबंध में कई बार फोन पर बातें हुई है।

सदियों तक प्रेरणादायी रहेगा डा. आंबेडकर का जीवन

डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा पीढ़ी के पथ-प्रदर्शक

कन्हई गांव, गुड़गांव गांव समेत कई स्थानों कार्यक्रम में पहुंचे नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

डा. आंबेडकर जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते नवीन गोयल व अन्य।

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर शुक्रवार को कन्हई और गुड़गांव गांव समेत कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। उन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया और समाज को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि डा. बीआर आम्बेडकर ने हमारे देश के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं। संविधान का निर्माण करके देश के हर वर्ग को अधिकार देने का काम उन्होंने किया। संविधान निर्मात्री सभा के प्रमुख होने के नाते बाबा साहेब ने ऐसा संविधान देश को दिया है, जो सबको समान अधिकार देता है। भारत को इतना व्यापक संविधान देने के उनके कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका आदर्श जीवन व संघर्ष हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर जेजेपी नेता सूबे सिंह बोहरा, सतीश यादव पूर्व पार्षद, अनिल यादव कन्हई, कृष्ण नम्बरदार, दिनेश यादव एडवोकेट, विजयपाल यादव, दीपचंद फौजी, अमित हिन्दू, रतनलाल गुप्ता, महाबीर, राजीव अग्रवाल, राजकुमार, सुरेंद्र, नरेंद्र यादव, कार्यक्रम संयोजक अरविंद कुमार समेत अनेक सम्मानित लोग मौजूद रहे।

शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो का नारा अपनाएं : गुड़गांव गांव में भी बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम में नवीन गोयल ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके देश में योगदान को दोहराया। नवीन गोयल ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। आज की आवश्यकता हर व्यक्ति को शिक्षित बनाने की है। समाज के विकास के लिए संगठित होना आवश्यक है। बाबा साहेब ने सामानता के लिए संघर्ष किया और अपने लक्ष्य को प्राप्त करके सामाजिक सामानता की स्थापना की। इस अवसर पर बाली पंडित, परमिंदर कटारिया, डब्बू, राकेश, मुकेश, दिनेश सैनी, परमिन्दर कटारिया, अमित चौहान व अन्य जन उपस्थित रहे।

आंबेडकर जयंती पर ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

स्वच्छ भारत मिशन की टास्क फोर्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में डा. आंबेडकर जयंती पर स्वच्छता अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में सफाई करती महिलाएं।

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन की टास्क फोर्स ने जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

अभियान में सुमेर तंवर, स्वास्तिक फाउंडेशन से राज सैनी बिसरवाल, बुलंद आवाज से कुलदीप सिंह, सरोज सारवान, महेश डावरा, प्रदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में चलाए गए इस स्वच्छता अभियान के तहत टास्क फोर्स की टीम ने जिला के विभिन्न गांवों में रिहायशी क्षेत्रों के आसपास बिखरे हुए कूड़े-करकट को उठाकर एक जगह एकत्रित किया। टीम ने लोगों द्वारा जगह-जगह पर कूड़ा, गोबर व मिट्टी आदि डालकर बनाई गई कुड़ी के आसपास सफाई कर उन्हें रिहायशी क्षेत्रो से दूर शिफ्ट किया। इस दौरान अभियान के तहत सार्वजनिक शौचालयों, पंचायत घर, वाटर वर्क्स, आंगनबाड़ी केंद्र, पार्कों, पीएचसी, सीएचसी व अन्य सरकारी भवनों में भी सफाई करवाई गई।

इस सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही रिहायशी इलाकों को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। मिशन की टीम ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बिमारियां नहीं फैलती हैं। लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित करना चाहिए। हमारे आसपास सफाई रहेगी तो हम सभी स्वस्थ रहेंगे। टास्क फोर्स की टीम द्वारा ऐसे आयोजन समय-समय पर भविष्य में भी किए जाएंगे, ताकि लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा सके।

मासूम बच्चा समेत पांच लोग बाल-बाल बचे

सोहना के दमदमा मोड़ चौक पर शुक्रवार की सुबह दो वाहनों की टक्कर में पलटी गाड़ी।

एन. रोहिल्ला। सोहना

शहर के दमदमा मोड़ चौक पर फिर टकराए दो वाहनों में सवार बच्चा समेत छह लोग जानलेवा हादसे का शिकार होने से बच गए। टक्कर से दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। एक गाड़ी घटना स्थल पर पलट गई। आस-पास से दौड़कर आए नागरिकों ने पलटी हुई गाड़ी में फंसे दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला।

शहर के दमदमा मोड़ पर गतिरोधक हटाएं जाने से बढ़ते सड़क हादसों को दैनिक पायनियर समाचार पत्र ने बुधवार को अपने संस्कारण में प्रकाशित किया था। जिसका उद्देश्य वाहनों में सफर करने वाले नागरिकों का जीवन सुरक्षित रहे। लेकिन हादसों का यह दमदमा मोड़ चौक बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के कारण खूनी चौक में तब्दील न हो जाएगा। आम नागरिक समय से पहले मौत का शिकार न बनें। इस चौक पर बीते तीन दिन में हुई आधा दर्जन से भी अधिक सड़क दुर्घटनाओं में करीब 10 नागरिक घायल हो चुके हैं। जिसमें से एक घायल मजदूर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के बेड पर लेट 48 घंटा से जिन्दगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

दुकानदारों को भी जान का खतरा: दमदमा चौक से लोहटकी, सोहना शहर और गुरुग्राम को जाने वाली सड़कों के ऊपर चौक के निकट फूल विक्रेता से लेकर सब्जी, फल, गन्ना का जूस, पिंचर लगाने वाला तथा अन्य सामान बेचने वाले दुकानदार बैठे हैं। एलिवेटेड मार्ग से बेलगाम गति से आ रहे वाहनों से बेकाबू होकर सड़क किनारे बैठे दुकानदार कभी भी हादसे के शिकार बन सकते हैं।

बीएंडआर विभाग की योजना नहीं चढ़ी सिरे : बीएंडआर विभाग ने दमदमा मोड चौक पर मार्डन रेड लाइट लगाने की कवायद शुरू की थी, लेकिन इस योजना को करीब एक माह पहले शुरू किया था। योजना के तहत अभी तक चौक पर रेड बत्ती लगाने ही पहल नजर नहीं आ रही है। स्थानीय नागरिकों को डर है कि हादसों का चौक बन चुका दमदमा मोड़ कही खूनी चौक न बन जाए।

योगिता वार्डे की पुस्तक कुकर की सीटी ने मचाई धूम

लेखिका योगिता वार्डे की हिंदी ड्रमैटिक पुस्तक लिखी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जानी-मानी लेखिका योगिता वार्डे की हिंदी ड्रमैटिक पुस्तक 'कुकर की सीटी' इन दिनों काफी चर्चा में हैं। कुकर की सीटी पुस्तक ने इन दिनों पाठकों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना ली हैं। वैसे तो योगिता विभिन विषयों पर बहुत रचनाएं लिख चुकी हैं लेकिन उनका कहना है, कि इस पुस्तक से वह भावनात्मक रूप से बहुत करीब से जुड़ी हुई है।

इसका कारण उनका थियेटर से जुड़ाव होना है। एक अनंत सुख की अनुभूति देने वाले इस सम्बंध को सिर्फ महसूस ही किया जा सकता है। जीवन की हकीकत को जमीनी स्तर पर समझने के लिए उसके दोनो महत्वपूर्ण हिस्सों सुख और दु:ख से भलीभांति रूबरू होना अत्यंत जरूरी है। योगिता को उनकी लेखन कुशलता और पाठकों के मध्य एक ख़ास पहचान बनाने के लिए देश में विभिन्न जगहों पर और नामचीन हस्थियों के द्वारा कई सारे अवार्डस से सम्मानित किया जा चुका है। योगिता ने बताया कि कुकर की सीटी पर मुंबई की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी काली एंटरर्टेनमेट ने पुस्तक पर टाइटल ट्रैक बनाने का फैसला भी किया है। योगिता ने बताया को पुस्तक को इस तरह आगे बढ़ते हुए देख कर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। वह इसी प्रकार पाठकों के दिलों तक पहुँचना चाहती है कि उनका भरोसा और उनकी सफलता उनके पाठक ही हैं।

पुस्तक का प्रकाशन फ्लाई ड्रीम्स पब्लिशिंग हाउस ने किया है। कुकर की सीटी पुस्तक को देश के अलग-अलग शहरों के पाठकों के माध्यम से बहुत प्यार मिल रहा है। योगिता के अनुसार आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच के साथ-साथ लगातार चलते रहने की जरूरत होती है। योगिता के द्वारा लिखा हुआ गाना मैं सिर्फ चाहू तुझे भी लोगों को बहुत पसंद आया। इस गाने के साथ ही योगिता ने फिल्म इंडस्ट्री में भी अपना कदम रख दिया है। उनके लेखन कार्य को अब और सराहा जा रहा है। इन दिनो योगिता नयी पुस्तकें, गाने और शॉर्ट फिल्म में कहानियाँ लिख रही हैं। बड़ी बात ये है की योगिता को कई नामचीन ओटीटी प्लैट्फ़ॉर्म से स्क्रिप्ट राइटिंग और डायलॉग राइटिंग के ऑफर भी आ रहे हैं।

पूजा मोहन ने जीता मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड और यूनीक टाइम्स मैगजीन मिसेज इंडिया ग्लोबल 2023 का खिताब

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

कोच्चि में 11 अप्रैल को आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में पूजा मोहन को मणप्पुरम फाइनेंस और यूनीक टाइम्स मैगज़ीन मिसेज इंडिया ग्लोबल 2023 के विजेता और अवनी अवस्थी और मेरिन जॉन को क्रमश: फर्स्ट रनर-अप और सेकेंड रनर-अप के रूप में ताज पहनाया गया। खिताब विजेता पूजा को एसएजे ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन और एमडी साजन वर्गीज ने ताज पहनाया।

नेचुरल सैलून और स्पा के सीईओ और सह-संस्थापक सी के कुमारवेल ने पहली रनर-अप को, जबकि अनीता टेक्सकोट प्राइवेट लिमिटेड, तिरुपुर के एमडी ए चंद्रशेखर ने दूसरी रनर-अप को ताज पहनाया। पेगासस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ अजीत रवि पेगासस समारोह के दौरान उपस्थित थे। परक्कत ज्वेल्स ने विजेताओं द्वारा पहने जाने वाले सुनहरे मुकुटों को डिजाइन किया, जिन्हें खिताब विजेता, प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता के लिए क्रमश: 1,00,000 रुपये, 60,000 रुपये और 40,000 रुपये का उपहार पुरस्कार मिला। निर्णायक पैनल में हरमीत सिंह गुप्ता (प्रबंध निदेशक, यू एंड आई एंटरटेनमेंट), डॉ. महिमा बख्शी (मॉडल और उद्यमी), जैमिनी के पुरोहित (यूनिट हेड (साउथ), वेला इंडिया और पूर्व उद्यमी) और वेलेंटीना मिश्रा (मालिक और सीईओ शामिल थे।

अग्निशमन विभाग मनाएगा 20 अप्रैल तक शहीदों के सम्मान में अग्निसुरक्षा सप्ताह

अग्निशमन के अधिकारियों ने कहा, फसल के निकट हुक्का, बीड़ी या सिगरेट न पीएं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

अग्निशमन विभाग 14 से 20 अप्रैल तक के समय को अग्निसुरक्षा सप्ताह मनाएगा। इस दौरान स्कूली बच्चों से लेकर कॉलेज के विद्यार्थियों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर अग्निशमन विभाग कर्मी आम नागरिकों को आग की घटनाओं से सुरक्षित रहने के प्रति जागरुक करेंगे।

अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग की घटनाओं से जानमाल की सुरक्षा को लेकर आमजन को अपने विभाग द्वारा मनाया जा रहा अग्निशमन सप्ताह के दौरान करेंगे। स्थानीय फायर स्टेशन के प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम पूरे सप्ताह जागरुकता अभियान चलाएगी। जिसमें स्कूल से लेकर कॉलेज, अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर आम नागरिकों को आग की घटनाओं से सुरक्षित रहने और आगजनी की घटना पर कैसे काबू पाने का प्राथमिक प्रशिक्षण देगी।

उन्होंने बताया कि अग्निशमन सप्ताह के दौरान किसानों को भी अपनी फसल का आग की घटना से बचाव के उपाय बताएंगी। किसान अपनी कटी हुई फसल के आस-पास आग न जलाएं। अपनी फसल को बिजली की लाइनों से दूर रखें। फसल के निकट हुक्का, बीड़ी या सिगरेट न पीएं।

उन्होंने बताया कि स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आग लगने के दौरान हिम्मत दिखाते हुए अपनी और अपने सहसपाठियों की जान बचाने के सुझाव दिए जाएंगे। आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व आम नागरिकों को घरों में लगने वाली आग से बचाव व सुझाव। विशेष रुप से रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग को काबू पाने के उपाय बताए जाएंगे। आग की घटना की जानकारी अपने निकतम फायर स्टेशन को फोन से जानकारी देने के लिए 112/101 नंबर पर कॉल करके दे।

मुंबई यार्ड में 14 अप्रैल 1944 को शहीद हुए अग्निशमन कर्मचारी व अधिकारियों के सम्मान में पूरे में देश में अग्निशमन सप्ताह मनाया जाता है। इस दिन हुआ विस्फोट में विभाग के 66 जवान और ग्रामीण शहीद हो गए थे।

देवेन्द्र सिंह (फायर स्टेशन प्रभारी सोहना)

कोरोना में तेजी : 113 पॉजिटिव, 68 स्वस्थ हुए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से बाजार, मॉल्स और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन आदेशों के पहले ही दिन लोगों ने जिला प्रशासन के द्वारा जारी किए गए नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

शहर में हुए विभिन्न कार्यकमों में लोग बिना मास्क के नजर आए। वहीं जिले में शुक्रवार को 113 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़ों में की है। जिसमें राहत की बात यह बताई गई कि 68 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। वहीं जिले में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 451 पर पहुंच गया है। जिसमें अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 9 है और होम आईसोलेशन वाले मरीजों की संख्या का आंकड़ा 442 पर है। अम्बेडकर जयंती के अवकाश के कारण शुक्रवार को कोरोना के केवल 411 सैम्पल ही जांच हुए। वहीं दूसरी तरफ सरकारी प्रयोगशालाओं में 189 और निजी प्रयोगशालाओं में लिए गए 54 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष्ष है। जिले में सैम्पल पॉजिविटी रेट शुक्रवार को 27.49 प्रतिश रहा।

सीवरेज के खुले मैनहोल दे रहे हादसों को न्योता

कविता। फरीदाबाद

मुजेसर में खुले मैनहोल का नजारा, मैन होल के ऊपर लगा डंडे में कपड़ा।

खुले मैनहोल से बचने को उसके चारों ओर पत्थर रखकर सावधान होने का संकेत।

पर्वतीया कालोनी, राजीव कालोनी, एनएच-पांच, ओल्ड फरीदाबाद समेत शहर के विभिन्न इलाकों में सीवरेज के खुले मैनहोल के कारण कई लोग घायल हुए और कुछ ने अपनी जान गवां दी, लेकिन इसके बाद भी नगर निगम की लापरवाही के चलते शहर में अब एक बार फिर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

शहर में कई जगहों पर सीवर मैनहोल के ढक्कन खुले पड़े हैं। रात में बिना स्ट्रीट लाईटों के अंधेरे वाली सड़कों पर राहगीरों को यह खुले मैनहोल और भी ज्यादा परेशानी देंगे। जिससे किसी की भी इसके अंदर गिरने से मौत हो सकती है। अधिकारियों को बार-बार इनकी शिकायत देने पर भी नये ढक्कन नहीं लगवाए जा रहे हैं। शहर में कई जगहों पर सीवर मैनहोल के ढक्कन खुले टूटे पड़े हैं।

लोग कर रहे बचाव का प्रयास: विभाग तो सीवरेज के ढक्कन टूटने पर कोई सुध ही नहीं ले रहा है। सीवरेज के खुले मैनहोल पर विभाग न तो नये ढक्कन लगवा रहा और ही यहां कोई चेतावनी बोर्ड लगवा रहा है। ऐसे में यहां अक्सर लोगों को गिरने का खतरा रहता है। लोगों के बार-बार शिकायत करने पर भी निगम अधिकारी इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शहर में करीब आधा दर्जन स्थानों पर मैनहोल खुले पड़े हैं। ऐसे में लोग या तो वहां पत्थर लगा देते है या फिर डंडे में कपड़ा बांधकर संकेत देने का प्रयास करते हैं। लेकिन रात में अंधेरी सड़कों पर इन उपाय में से कुछ भी काम नहीं आता।

पूरे शहर का बुरा हाल: करीब 25 लाख की आबादी वाले शहर में करीब साढ़े छह लाख मकान हैं। इन घरों से निकलने वाले गंदे पानी को एकत्रित कर शहर से बाहर ले जाने के लिए सीवर पाइप डाली गई है। इनकी सफाई कराने के लिए जगह-जगह मैनहोल बनाए गए हैं। जब सीवर पाइप जाम होती है तो ढक्कन को खोलकर उसकी सफाई करने का कार्य किया जाता है। लेकिन कई स्थानों पर ढक्कन टूटने से मैनहोल खुले पड़े है।

ऐसा नजारा शहर के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल रहा है। जिसके चलते हर समय दुर्घटना होने का डर बना रहता है। इसे लेकर लोग कई बार शिकायत करते हैं। लेकिन नगर निगम के कान पर जूं नहीं रेंगती।

डीग गांव में फसल काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद, तनाव के हालात

मामले को लेकर छानबीन करती पुलिस।

फसल काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की

डीग गांव में गेहूं की फसल काटने को लेकर दो पक्षों के बीच काफी विवाद हो गया। एक पक्ष का आरोप है कि उन्होंने रात को फसल काट कर खेतों में रखी थी। वहीं सुबह भी दूसरे पक्ष के लोग सरेआम उनकी सफल काट कर ले जा रहे हैं। जबकि जमीन उनके नाम पर दर्ज है और फसल भी उन्होंने ही बोई थी। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि इस जमीन पर पिछले करीब 25-30 साल से उनका कब्जा है और वे लगातार इस जमीन पर खेतीबाड़ी कर रहे हैं। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

नचौली गांव निवासी सुषमा ने थाना सदर बल्लभगढ़ में शिकायत दी है। सुषमा ने अपनी शिकायत में कहा कि उनकी सात कनाल सात मरले जमीन डींग गांव में है। उस जमीन में गेहूं की फसल की बिजाई कर रखी है। जिसकी फिलहाल कटाई की जा रही है। शुक्रवार को जब सुषमा मजदूर लेकर गेहूं की कटाई करने खेत पर पहुंची तो देखा कि कटी हुई फसल में से आधे से अधिक पड़ोसी उठा कर ले गए। आरोपी पक्ष के लोग बची हुई फसल को भी काटने का प्रयास कर रहे हैं। जब पीड़ित लोगों ने इस बारे में आरोपी पक्ष के लोगों से पता किया तो वह झगड़े करने पर उतारू हो गए। यह सब देखकर सुषमा के परिजनों ने डायल नंबर 112 पर संपर्क किया। थोड़ी ही देर में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि उनका इस जमीन पर पिछले 25-30 साल से कब्जा है। वे जमीन पर लगातार खेती कर रहे हैं। इस बार भी उन्होंने ही फसल बोई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि इस जमीन को लेकर मामला अदालत में विचाराधीन है। जिसकी शनिवार को तारीख भी है। पुलिस ने मौके पर दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत किया। जिसके बाद पुलिस छानबीन के लिए दोनों पक्षों को अपने साथ थाने ले गई।

दुष्कर्म के आरोपी को पनाह देने पर दरोगा पिता गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

दरोगा के बेटे के खिलाफ छह महीने पहले दर्ज हुआ था दुष्कर्म का केस

आरोपी प्रदीप एनएच तीन स्थित एक फिजियोथैरेपी सेंटर में काम करता था

पद का दुरूपयोग करते हुए दुष्कर्म के आरोपी बेटे को संरक्षण देने और पीड़िता के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाने के आरोप में महिला थाना सेंट्रल ने हरियाणा पुलिस के एक एएसआई को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिलहाल नूह जिले के नगीना थाने में तैनात है। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। जबकि दुष्कर्म के आरोपी बेटे को एक दिन के रिमांड पर पुलिस ने लिया है।

जानकारी के मुताबिक अक्टूबर 2022 में आरोपी एएसआई सुरेंद्र रावत के बेटे प्रदीप रावत के खिलाफ महिला थाना सेंट्रल में दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। आरोपी प्रदीप एनएच तीन स्थित एक फिजियोथैरेपी सेंटर में काम करता था। आरोपी अपने साथ काम करने वाली एक युवक को सेक्टर-88 स्थित अपने मकान में ले गया और दुष्कर्म कर डाला।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी पुलिस ने बचने के लिए लगातार छिपता रहा। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर दस हजार रुपये इनाम की घोषणा भी की थी। आरोप है कि प्रदीप के पिता एएसआई सुरेंद्र ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए थाना एसजीएम नगर में पीड़िता के खिलाफ हनी ट्रेप का मामला दर्ज करवा दिया।

जांच पड़ताल में मामला झूठा पाया गया। पुलिस आयुक्त आदेश पर गठित की गई एसआइटी ने मामले की गहनता के साथ की। महिला थाना सेंट्रल प्रभारी गीता और अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने जांच करते हुए बुधवार को आरोपी एएसआइ सुरेंद्र रावत को नूंह से गिरफ्तार कर लिया। एएसआइ की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप को भी गिरफ्तार कर लिया।

बैसाखी के उपलक्ष में हुआ यज्ञ का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हवन में आहुति देते हुए प्रिंसीपल, अध्यापक और बच्चे।

डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद की आर्य समाज इकाई द्वारा बैसाखी के उपलक्ष में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए प्राध्यापकों के साथ, सभी अध्यापकों तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या ने सभी सेवानिवृत प्राध्यापकों का स्वागत किया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैसाखी का त्यौहार मुख्यत: किसानों का त्योहार है। यह पंजाब और हरियाणा में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस समय रबी की फसल पककर तैयार हो जाती है। इसके अतिरिक्त यह पर्व सिख नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। दिन गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

बैसाखी के शुभ अवसर पर गुरु गोविन्द सिंह और उनके पंच प्यारों को याद किया जाता है और उनके सम्मान में शब्द-कीर्तन किये जाते हैं। उन्होंने देश तथा समाज की रक्षा के लिए लड़ते लड़ते अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। हम सभी को भी सदा समाज की भलाई के लिए कार्य करने चाहिए अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए। अपने बच्चों को भी समाज भलाई के कार्यों के लिए प्रेरित करना चाहिए। स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी इस उद्देश्य से ही आर्य समाज और डीएवी संस्थाओं की स्थापना की थी। यज्ञ के पश्चात श्री अरुण भगत, सेवानिवृत अध्यक्षचर इंग्लिश विभाग द्वारा सभी के लिए ऋषि लंगर का आयोजन भी किया। सभी शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने ऋषि लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित शर्मा यज्ञाचार्य की भूमिका में रहे। महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए सभी प्राध्यापक विशेष रूप से इस यज्ञ में शामिल हुए। इनके अतिरिक्त डॉ अर्चना सिंघल, डॉ शिवानी, डॉ प्रिया कपूर, डॉ मीनाक्षी हुड्डा, डॉ सुरभि, डॉ अंकिता, डॉ ललिता ढींगरा आदि प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्तिथ रहे।

बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चल रही है भाजपा सरकार : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर भारी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके सभी को शुभकामनाएं दी। बल्लभगढ़ के अम्बेडकर चौक पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जन्म दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के 132वें जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने बल्लभगढ़ में भारत रत्न बाबासाहेब आंबेडकर की 132 वीं जयंती महोत्सव लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में सरकारें गरीब और मजदूरों के बच्चो को योग्यता के आधार सरकारी नौकरियां देने का काम कर रही हैं। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर जनता के बीच में पहुंच कर आज आम जन की समस्याओं को जानने और दूर किए जा रहे हैं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलकर बच्चे और युवा शिक्षा को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए बनाएं अपना मजबूत हथियार, शिक्षा के बल पर ही समाज का उत्थान होता है।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। देश व प्रदेश में अब योग्यता के आधार सरकारी नौकरियां मिल रही हैं।

इनोस्किल में 35 से ज्यादा कॉलेजों ने दिखाई प्रतिभा, विजेता पुरस्कृत

मानव रचना में आयोजित हुआ दो दिवसीय इनोस्किल एनुअल टेक्निकल फेस्टिवल

दिल्ली- एनसीआर से 35 करीब शिक्षण संस्थानों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

तकनीकी फेस्टिवल में प्रतिभा दिखाते विद्यार्थी।

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) के दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी फेस्टिवल इनोस्किल 2023 का गुरुवार को समापन हुआ। फेस्टिवल में ओपी जिंदल, गलगोटिया, शिव नादर यूनिवर्सिटी, आईपीयू, डीयू, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, जेसी बोस व यूपीईएस सहित करीब 35 उच्च शिक्षण संस्थानों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। बतौर प्रायोजक लांसर, टेक शेफ, एडवॉय स्टडी एबरॉड, स्किल बाउट प्रोफेशनल, आईएसीएल आरएंडडी, डीईएआरसी आदि कंपनियों ने भी भागीदारी निभाई। पहले दिन उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे इंडोऑटो टेक लिमिटेड के वाइस प्रेजिडेंट एसके जैन जिन्होंने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान एमआरआईआईआरएस के प्रो वाइस चांसलर डॉ. नरेश ग्रोवर, एमआरआईआईआरएस रजिस्ट्रार डॉ. आरके अरोड़ा, रजिस्ट्रार एमआरयू कामेश्वर सिंह, डीन फैकल्टी ऑफ अप्लाइड साइंसेज और प्रो वाइस चांसलर एमआरआईआईआरएस प्रो. जीएल खन्ना, प्रो वीसी एमआरयू डॉ. संगीता बांगा, स्पोर्टस डायरेक्टर सरकार तलवार आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरे दिन आयोजित हुए पुरस्कार वितरण समारोह में एमआरआईआईआरएस के वाइस चांसलर डॉ. संजय श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में प्रेम, ममता, जुड़ाव और समर्पण को ऊर्जा का आधार बताया। उन्होंने कहा कि जब आप इन गुणों के साथ कुछ करने का प्रयास करेंगे तभी कुछ बेहतर और रचनात्मक कर सकेंगे। इसके बाद सभी श्रेणियों में विजेताओं को प्रमाण पत्र और कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रो वीसी डॉ. नरेश ग्रोवर, प्रो वीसी डॉ. प्रदीप कुमार, रजिस्ट्रार आरके अरोड़ा, प्रिंसिपल एमआरडीसी डॉ. अरुणदीप सिंह, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. दीपा बूरा ने सभी का आभार जताया।

1500 छात्रों ने लिया भाग: फेस्टिवल के तहत कुल आठ थीमों में 40 प्रतियोगिताएं और 21 प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने इंजीनियरिंग और डिजाइन-इनोस्किल स्क्वायर चैलेंज, हेल्थकेयर मिस्ट्री व कुलिनरी सक्सेसर, मीडिया और लाइब्रेरी स्टम्पर, स्पोर्ट्स पायनियर, एडवांस गार्ड, लॉ नॉट, बिजनेस एंड मैनेजमेंट कॉनड्रम और सोशल स्पेक्ट्रम थीमों में प्रतिभा दिखाई। सभी श्रेणियों में छात्रों ने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स पेश किए। इनमें करीब 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं को करीब 1.70 लाख रुपये के पुरस्कार वितरित किए गए।

सात दिवसीय अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू

कार्यक्रम की जानकारी देते अग्निशमन विभाग के अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

14 अप्रैल को बोम्बे डाय यार्ड में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी

जिले में अग्निशमन सुरक्षा दिवस के मौके पर 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसकी शुरूआत सेक्टर-15ए स्थित दमकल केन्द्र से की गई। इस मौके पर 14 अप्रैल 1944 में बोम्बे डाय यार्ड में लगी भयंकर आग में वीरगति को प्राप्त हुए अग्निशमन विभाग के कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर मौजूद सहायक मंडल अग्निशमन अधिकारी (एडीएफओ) सत्यवान सामरीवाल ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक चल रहे सेवा सप्ताह में स्कूल और कॉलेजों के संग लोगों को जागरूक किया जाएगा कि किस तरह से आप अग्शिमन विभाग की सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। आग लगने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए। लगातार छह दिनों के जागरूकता अभियान के बाद एक जुलुस निकाल कर लोगों को वह जागरूक करेंगे। 20 अप्रैल को निकाले जाने वाला जुलूस सेक्टर-15ए स्थित अग्निशमन विभाग के दफ्तर से होता हुआ वापस यहीं पर आकर समाप्त होगा। इसके लिए रूट मैप बनाया जाएगा। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

संक्षिप्त समाचार

महान शिक्षाविद् थे डॉ अम्बेडकर : सुरेन्द्र बबली

फरीदाबाद। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सैक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई व उनके चित्र पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, डाक्टर साहब शिक्षाविद् समाज सुधारक थे। उनके आदर्श मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। सभी से प्रार्थना भी की जो भी हमारे महानुभाव दिवंगत हो गए उनकी जयंती पुण्यतिथि अवश्य मनानी चाहिए। इस अवसर पर पं करण पाराशर इंजीनियर, दादा राजू, नरेन्द्र, अनुराग, साहिल, अंकित, रोहित, श्रवण, रामजीलाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल

फरीदाबाद। एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगे। पलवल के विधायक दीपक मंगला और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा के महासचिव जगदीश मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहेंगे। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. एनपी कौशिक इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में केबी. टेक, एम. टेक, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, बीएड., एमएड, डीफार्मेसी, बीफार्मेसी एवम एमफार्मेसी के छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जानी है। समारोह में विशेषतया अग्रणी योग्य परमाण पत्र व स्वर्ण पदक भी महामहिम के हाथो से वितरित किए जायेगे। संस्था के चेयरमैन डा पुनीत गोयल ने बताया कि इस समारोह में महामहिम के हाथों से करीब 200 उपाधियां वितरित की जायेंगी। जिनमें बीटेक, एमटेक, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, बीएड, एमएड, डीफार्मेसी, बीफार्मेसी एवम एमफार्मेसी के छात्र-छात्राएं समलित होंगे। संस्था की चेयरपर्सन डा पूनम गोयल ने बताया कि इस समारोह के दौरान 17 छात्रों को अग्रणीय योग्य परमाण पत्र व 2 छात्रों को स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। संस्था के प्रशासक डा सुनील दलाल ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

बैसाखी उत्सव में झूमे एसआरएस इंटरनेशनल के नन्हे छात्र

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों ने बैसाखी पर्व खूब हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन विनय गुप्ता, प्रिंसीपल मौजूद रहे। उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभवावकों व विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व की बधाई दी। इस मौके पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व स्कूल की प्रार्थना सभा में बच्चों ने बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने बैसाखी के महत्व को दर्शाते हुए कई क्राफ्ट्स भी बनाए। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन विनय गोयल ने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश हैं जहां हर पर्व को बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बैसाखी का अपना विशेष महत्व है। यह किसान की खुशी का प्रतीक है। इस दिन किसान अपनी फसल को लेकर भगवान से अरदास करते हैं तथा फसल पकने पर खुशी से बैसाखी उत्सव मनाते हैं। विनय गोयल ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में यह पर्व विशेष रूप से मनाया जाता। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गिद्दा, भांगड़ा आदि की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे पंजाबी परिधानों में बच्चों ने सभी को खूब आकर्षित किया।

सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लगाना अनिवार्य : डीसी

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि कोरोना की संभावित लहर के प्रकोप से बचाव के लिए महामारी अधिनियम, 1897 और आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जिला में सभी लोगों के लिए घरों से बाहर आने की स्थिति में सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते सरकार ने ये फैसला लिया है। बढ़ते कोरोना के मामलों को लेकर जारी पत्र में सार्वजनिक स्थान, सरकारी कार्यालयों, मॉल, बाजार आदि सहित 100 से अधिक लोगों का जमावड़ा होता है या भीड़भाड़ वाले स्थलों पर मास्क अवश्य लगाएं। उन्होंने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो कोविड-19 के फैलाव को कम करने में मदद कर सकता है। मास्क लगाना कोविड-19 के संक्रमण को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इस संक्रमण का पता नहीं चलता कि यह किसी व्यक्ति में होता है या नहीं। मास्क लगाने से संक्रमण का फैलना कम होता है और इससे लोगों की सुरक्षा बढ़ती है। इसलिए, स्वास्थ्य मंत्री के आदेश का पालन करना बहुत आवश्यक है ताकि हम सभी अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा कर सकें। उपायुक्त ने जिलावासियों से कोविड-19 उचित व्यावहार की पालना करने की अपील की।

सेक्टर-तीन में लगेंगे दो रैनीवैल ट्यूबवेल : मूलचंद शर्मा

फरीदाबाद/बल्लभगढ़। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को उनके बल्लभगढ़ विधानसभा कार्यालय सेक्टर- 8 पर नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें सेक्टर-3 की 36 गज की पॉकेट में दो नए ट्यूबवेल लगाने के निर्देश दिए हैं। ताकि गर्मी के मौसम लोगो को परेशानी नही आए। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक में सख्त दिशा निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी का मोसम शुरू हो गया है। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों को पीने के पानी की जरूरत को देखते हुए अलर्ट रह कर कार्य करना होगा। ताकि आम जनता के लिए मीठे पीने के पानी की कमी नही रहे। उन्होंने सेक्टर- 3 की 36 गज की पॉकेट में पानी की जरूरत को देखते हुए दो नए ट्यूबेल लगाने और पुराने ट्यूबलो को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने कहा बल्लबगढ़ विधान सभा क्षेत्र में में पीने के पानी की समस्या न आए। उसके लिए उन्होंने रेनीवेल योजना के तहत लोगों को मीठा पानी देने का काम किया है। इसके अलावा शहर में जगह-जगह जरूरत के मुताबिक ट्यूबेल लगवाने का काम किया है। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, निगम के एक्सईन पदम भूषण, एसडीओ महेंद्र रावत और जेई के अलावा सेक्टर-3 निवासी रमेश भारद्वाज, नवीन चैची भी मौजूद रहे।

ऑपरेशन स्माइल के तहत पांच बच्चों को किया रेस्क्यू

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व उनकी टीम ने ऑपरेशन स्माइल के तहत बल्लभगढ़ बस स्टैंड से पांच बच्चों को रेस्क्यू करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा छोटे बच्चों को मजदूरी व अन्य कार्यों से मुक्ति दिलवाकर स्कूल भेजने के लिए चलाए गए ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत क्राइम ब्रांच कैट द्वारा तीन छोटे बच्चों को बल्लभगढ़ बस स्टैंड से रेस्क्यू किया गया है। सभी बच्चो के परिजनो को क्राइम ब्रांच कैट टीम द्वारा भरसक प्रयास से तलाश किया गया। रेस्क्यू किए गए तीनों बच्चे 5 साल से 13 साल की उम्र के हैं। बच्चों को बाल कल्याण समिति फरीदाबाद के सम्मुख पेश किया गया। बच्चों और उनके परिजनों के काउंसलिंग करवाई गई जिसमें बच्चों को स्कूल भेजकर उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करने की हिदायत दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस द्वारा सड़क पर भीख मांगने वाले या ढाबों पर कार्य करने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए चलाई गई मुहिम के तहत उन्हें एक नया रास्ता दिखाकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का फरीदाबाद पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

व्यवस्था की विफलता

अकारण सजा

बारह वर्ष के एक बच्चे पर हत्या का आरोप लगा, उसे दोषी माना गया तथा उसे अपने जीवन के अनेक बहुमूल्य साल जेल में बिताने पड़े। निरनाराम चेतनराम चौधरी हमारी पुलिस व न्याय व्यवस्था की दयनीय स्थिति के जीते जागते प्रमाण हैं। 1994 में वे 12 साल के थे, लेकिन 22 वर्ष आयु का अनुमान लगा कर हत्या के आरोप में उनके खिलाफ सुनवाई हुई। इसका कारण किसी प्रकार उनका पूना के एक हत्याकांड में फंसना था जिसमें पांच महिलाओं व दो बच्चों को चाकू घोंप कर मार डाला गया था। कक्षा 3 के बाद वे राजस्थान के बीकानेर में अपने घर से भाग गए, पूना पहुंचे तथा दर्जी की एक दूकान में काम करने लगे। उनको अब याद नहीं है कि वे घर से क्यों और किसके साथ भागे या उनके कोई भाई हैं। कुछ पुलिसजनों ने उनके नाम को गलती से निरनाराम की जगह 'नारायन' कह दिया। इससे उनकी सुनवाई हुई, दोषसिद्ध हुए और फांसी की सजा मिली। आश्चर्यजनक व हृदयविदारक है कि व्यवस्था में से किसी ने भी इस पर गौर नहीं किया कि एक बच्चे के खिलाफ सुनवाई हो रही है। इसमें विभिन्न श्रेणियों के पुलिस अधिकारी, वकील और न्यायिक पदानुक्रम में विभिन्न स्तर के न्यायाधीश शामिल हैं। हो सकता है कि किसी जूनियर पुलिस अधिकारी ने उनके नाम का गलत उच्चारण किया हो, पर क्या वह 12 साल के एक बच्चे और 22 साल के युवा के बीच अंतर नहीं कर सका? उसके वरिष्ठ अधिकारी क्या कर रहे थे? सवाल यह भी है कि अभियोजन व बचाव पक्ष के वकील तथा सुनवाई व अपीलीय अदालतों के जज क्या कर रहे थे? स्वास्थ्य का ध्यान न रखने वाला 42 साल का युवा 52 साल का लग सकता है, जबकि शरीर की अच्छी तरह देखभाल करने वाला 52 वर्षीय व्यक्ति 42 साल का लग सकता है। लेकिन 12 साल के बच्चे को 22 साल का कैसे समझा जा सकता है? यदि उसने कोई अपराध किया भी था तो उसे उस समय लागू बाल कानून के अंतर्गत तीन साल से अधिक जेल में नहीं रखा जा सकता था। कहा जाता है कि न्याय अंधा होता है, पर न्याय देने वालों को अंधा नहीं समझा जा सकता है। उनकी संज्ञानात्मक व बौद्धिक क्षमताओं के मजबूत होने की आशा की जाती है। लेकिन चौधरी के मामले में इन सबका अभाव दिखा जिसका उसे भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। उसे जेल में 28 साल बिताने पड़े और वह भी मौत की सजा की प्रतीक्षा करते हुए। उसके जीवन के सबसे अच्छे साल जेल के सीखचों के पीछे बीते जिनमें किशोरावस्था व अधिकांश युवावस्था शामिल है। अपनी रिहाई के बाद निरनाराम ने हाल ही में एक अखबार को बताया, 'जब आपको फांसी की सजा की प्रतीक्षा करनी पड़ती है तो सारी उम्मीदें टूट जाती हैं। आपके लिए रोज दिन बिताना कठिन हो जाता है।' उन्होंने कहा कि अब अंधेरी रात में तारों को देख कर उनको खुशी होती है क्योंकि सालों उनको जेल के भीतर लाइटों के चकाचौंध में बिताने पड़े हैं। हालांकि, जेल में उन्होंने काफी पढ़ाई की तथा समाजविज्ञान में परास्नातक डिग्री प्राप्त की। उसी समय उनको पता लगा कि जेल के रिकार्डों की तुलना में उसकी आयु बहुत कम है। सर्वोच्च न्यायालय ने मार्च में यह नतीजा निकाल कर उनको पीड़ा से मुक्ति दिलाई कि हत्याओं के समय निरनाराम की आयु 12 साल 6 महीने थी। स्कूल के दस्तावेजों व चिकित्सा परीक्षण से इसकी पुष्टि हुई। यह कार्रवाई राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की परियोजना 39ए के अंतर्गत हुई जो मृत्यु दंड में सुधार पर काम कर रहा है। यदि किसी प्रमाण की जरूरत हो तो इस प्रकरण से सिद्ध होता है कि भारत की न्याय व पुलिस प्रणाली में तत्काल सुधारों की आवश्यकता है। लेकिन हमारे राजनेता न्याय व्यवस्था में सुधार के ज्यादा इच्छुक नहीं है जिसका खामियाजा निरनाराम चेतनराम चौधरी जैसे लोगों को लगातार भुगतना पड़ता है।

डॉ. बी.आर. अंबेडकर का महत्व

अंबेडकर की जयंती पर उनको सच्ची श्रृद्धांजलि सबको राष्ट्रीय स्तर पर अवसर व सुविधायें प्रदान कर न्याय व समानता सुनिश्चित करना है।

बंडारू दत्तात्रेय
(लेखिका, हरियाणा के राज्यपाल हैं)

एक राष्ट्र के रूप में शताब्दियों तक हमने अश्पृश्यता व जाति-आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए संघर्ष किया है। ऐसे अमानवीय व्यवहारों के कारण हिंदुओं की बड़ी संख्या को 'अश्पृश्य' घोषित कर दिया गया था। समय-समय पर अनेक महान आत्माओं ने विभिन्न सामाजिक बुराइयों के कारण होने वाले उत्पीड़न से हमें मुक्ति दिलाने के प्रयास किए। इनमें संत शिरोमणि रविदास, संत चोखामेला, संत कबीरदास, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी रामकृष्ण परमहंस व संत तुकाराम, आदि शामिल हैं। 19वीं शताब्दी के लगभग अंत में उम्मीदों से भरा एक बच्चा स्कूल में पढ़ाई का आनन्द ले रहा था। एक दिन उसे कक्षा में सबसे पीछे बैठने को कहा गया क्योंकि वह अश्पृश्य था। एक बार जब वह अपने भाई और चचेरे भाई के साथ अपने मामा के गांव जा रहा था तब उनको बीच रास्ते में गाड़ी से उतार दिया गया क्योंकि पता चला कि वे अश्पृश्य थे। एक दिन जब यह लड़का कहीं जा रहा था, तब रास्ते में वह सार्वजनिक नल से पानी पीने के लिए रुका। वहां उसकी पिटाई की गई क्योंकि अश्पृश्यों को वह सुविधा प्रयोग करने का अधिकार नहीं था। यह लड़का कोई अन्य नहीं बल्कि भीमराव रामजी अंबेडकर था जो बाद में बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से लोकप्रिय हुआ।

अंबेडकर पिता रामजी मालोजी सकपाल तथा माता भीमाबाई मुरबाडकर सकपाल के बेटे थे और उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 को महू की सैनिक छावनी में हुआ था। वे अपने माता-पिता की चौदहवीं संतान थे। उनको अपने बचपन में सबसे बुरी सामाजिक बुराइयों, जैसे अश्पृश्यता, जाति-आधारित उत्पीड़न व भेदभाव का सामना करना पड़ा। इससे उनके जीवन व विचार प्रक्रिया पर अमिट छाप पड़ी। अपने जीवन में घटी घटनाओं के अनुभवों से उनको पता चला कि जातिवाद, अश्पृश्यता, अपमान व उत्पीड़न हिंदू समाज में कितनी गहराई तक जमे हुए हैं। यहां तक कि दुर्भाग्य ने भी उनका साथ नहीं छोड़ा। केवल 6 वर्ष की आयु में उनकी माताजी का निधन हो गया। भेदभाव व अलगाव के भयंकर आघातों के बावजूद उन्होंने अपना संघर्ष नहीं छोड़ा। अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपना अध्ययन जारी रखा। यह असाधारण साहस, प्रतिबद्धता तथा 'निरंतर संघर्ष' व कभी हार न मानने की भावना का उदाहरण था। डा. अंबेडकर ने एलफिन्स्टन हाई स्कूल से 1908 में मैट्रीकुलेशन पास किया। उनके पिता ने उनको अच्छे संस्कार दिए तथा वे उनको महान संतों, जैसे तुकाराम व ज्ञानेश्वर के विचारों तथा रामायण व महाभारत की शिक्षाओं से परिचित करते रहे। उन्होंने एल्फिंस्टन कालेज में अर्थशास्त्र व राजनीति शास्त्र का अध्ययन किया। 1912 में उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की। महाराजा बड़ौदा से प्राप्त स्कालरशिप के माध्यम से वे न्यूयार्क सिटी के कोलम्बिया विश्वविद्यालय में पढ़ने गए।

'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' पर सफलतापूर्वक अपनी थीसिस पूरी करने के बाद उनको जून, 1915 में परास्नातक डिग्री मिली। 1916 में वे लंदन स्कूल आफ इकोनोमिक्स चले गए और वहां शोध प्रबंध 'रुपये की समस्या: उसका मूल एवं समाधान' पर काम किया। उन्होंने आगे अध्ययन के लिए छत्रपति साहूजी महाराज से 5,000 रुपये कर्ज लिया। 1920 में उनको लंदन विश्वविद्यालय से डीएससी की उपाधि मिली। वे जर्मनी के बॉन विश्वविद्यालय में भी पढ़ने गए। जून, 1927 में उनको कोलम्बिया विश्वविद्यालय से डाक्टरेट की उपाधि मिली। वे अपने समय के ऐसे विरले भारतीय राजनेता थे जिन्होंने कोलम्बिया विश्वविद्यालय, एलएसई तथा बॉन विश्वविद्यालय में अध्ययन किया।

डा. अंबेडकर को गरीबों तथा अश्पृश्यों की बहुत चिन्ता थी। डा. अंबेडकर उनके लिए स्वतंत्रता चाहते थे। उन्होंने बड़ौदा महाराज की अध्यक्षता में 'डिप्रेस्ड क्लास सोसाइटी' की स्थापना की। 1920 में उन्होंने मराठी प्रकाशन 'मूकनायक' शुरू किया। इसके माध्यम से उनको कट्टरपंथी हिंदू विश्वासों की आलोचना करने का अवसर मिला। 1927 में उन्होंने मराठी पत्रिका 'बहिष्कृत भारत' शुरू की और इसके माध्यम से उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के मुद्दों व महत्वाकांक्षाओं को उजागर किया। वे भारत में जातीय-भेदभाव का व्यवहार समाप्त करने के लिए इतने प्रतिबद्ध थे कि उन्होंने 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' की स्थापना की। 1936 में उन्होंने 'इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी' स्थापित की जिसने 1937 में सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेम्बली के लिए मुंबई से 13 आरक्षित सीटों तथा चार सामान्य सीटों पर चुनाव लड़ा। उसे 11 आरक्षित तथा तीन सामान्य सीटों पर विजय मिली। उनके लिए लोकतांत्रिक मूल्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे।

सारी कठिनाइयों का सामना करते हुए अपना अध्ययन पूरा करने के बाद डा. अंबेडकर ने अपनी जीवन वंचितों की सेवा, उनके उत्थान व सशक्तीकरण के लिए समर्पित कर दिया। इस प्रकार संघर्ष उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया। 1927 में डा. अंबेडकर ने महाड के चावदार तालाब से पेयजल प्राप्त करने के लिए एक शांतिपूर्ण आंदोलन किया। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में उनके हजारों अनुयाई इस आंदोलन में शामिल हुए। उस समय सी.के. बोल द्वारा पेश प्रस्ताव 192 को बंबई सरकार द्वारा स्वीकृत करने के बावजूद अश्पृश्यों को उसका पानी लेने की अनुमति नहीं थी, जबकि प्रस्ताव में ऐसे सभी अश्पृश्यों को सार्वजनिक जल स्रोतों, कुओं व धर्मशालाओं से पानी लेने का अधिकार था जिनका रखरखाव सरकारी पैसे से होता हो। डा. अंबेडकर ने 3 मार्च, 1930 को नासिक के कालाराम मंदिर में सभी हिंदुओं का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए एक आंदोलन किया। वे हिंदू समाज तथा हिंदू दर्शन के संपूर्ण परिवर्तन तथा सभी हिंदुओं को समान अधिकार देने के पक्षधर थे। वे समावेशन के पक्ष में थे। जातिवाद व अश्पृश्यता 'हिंदूवाद' व वेदों की भावना के विरुद्ध है। इनका मूल गुणवत्ता, न्याय तथा भ्रातत्व में निहित है। उनको आश्चर्य था कि हिंदूवाद इतना समावेशी है, लेकिन इसके बावजूद हिंदुओं का बड़ा हिस्सा अश्पृश्यों के रूप में जानवरों से भी बुरा जीवन बिता रहा है। उनको यही कष्ट था।

डा. अंबेडकर 'हिंदुत्व' के विरोधी नहीं थे। उन्होंने हिंदूवाद का प्रतिरोध जरूर किया था, पर वे उसके विरोधी नहीं थे। 14 अक्टूबर, 1956 को उनके द्वारा बौद्ध धर्म स्वीकार करना इसका प्रमाण है क्योंकि बौद्ध धर्म की जड़ें भारतीय संस्कृति में हैं। हालांकि, इस्लामी व ईसाई विद्वानों ने उनको प्रभावित करने के सारे प्रयास किए, पर उन्होंने कोई अन्य धर्म स्वीकार नहीं किया। कहा जाता है कि जब दूसरे गोलमेज सम्मेलन में डा. अंबेडकर और महात्मा गांधी की मुलाकात हुई तो उन्होंने कहा था वे ऐसा धर्म नहीं स्वीकार कर सकते हैं जो मनुष्यों के साथ बिल्लियों और कुत्तों जैसा व्यवहार करता है तथा वे ऐसा धर्म स्वीकार करेंगे जो हिंदूवाद के लिए कम हानिकारक हो। डा. अंबेडकर के व्यक्तित्व की विविधता असाधारण थी। अपने आलोचकों को सुनने की उनकी क्षमता बेजोड़ थी। अनेक मुद्दों पर वीर सावरकर व महात्मा गांधी से अपने मतभेदों के बावजूद वे अपने विचारों में एक बात पर एकमत थे कि सामाजिक समानता तथा समाज को अश्पृश्यता जैसी घृणित बुराइयों से मुक्ति दिलाना जरूरी है। डा. अंबेडकर ने कभी सशस्त्र संघर्ष का समर्थन नहीं किया, पर वे हमेशा अपने सामाजिक-राजनीतिक व आर्थिक अधिकार प्राप्त करने के लिए उत्पीड़ित सामाजिक समूहों के बीच एकता के पक्षधर थे। वे चाहते थे कि समाज के वंचित व उत्पीड़ित वर्ग एकजुट रहें तथा ज्ञान और शिक्षा प्राप्त करें ताकि उनको उत्पीड़न से मुक्ति मिल सके।

संविधान निर्माता के रूप में डा. अंबेडकर ने मजबूत, स्वस्थ तथा ज्यादा समावेशी समाज बनाने का मंत्र और रोडमैप दिया है। सामाजिक समानता तथा सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सार्वजनिक जीवन में रहने वाले सभी लोगों के लिए एक निर्देशक सिद्धान्त है। वे न केवल वंचित व उत्पीड़ित वर्ग के नेता हैं, बल्कि वे देश के सभी 135 करोड़ लोगों के नेता हैं। वे सच्चे राष्ट्रवादी नेता व सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने लोगों के दिलों में स्थाई शांति की भावना पैदा की। उनके योगदान का आंकलन नहीं किया जा सकता है, बल्कि इसे सबके जीवन में आए परिवर्तन से अनुभव किया जा सकता है।

उनकी जयंती पर डा.भीमराव अंबेडकर को हमारी सच्ची श्रृद्धांजलि राष्ट्रीय अवसर व सुविधायें प्रदान कर गरीबी समाप्त करने तथा सबके लिए न्याय व समानता सुनिश्चित करना है। हमने अश्पृश्यकता को अस्वीकार कर दिया है, पर अभी समग्र रूप से सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए देश व समाज के स्तर पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। वंचित लोगों का समग्र रूप से सशक्तीकरण जरूरी है। जाति, नस्ल, धर्म और क्षेत्र के छुद्र विचारों से ऊपर उठ कर हमें भारत को 'विश्व गुरु' बनाना है। स्वतंत्रता के इस 'अमृत काल' में अच्छे विचार सभी दिशाओं से आने चाहिए तथा हमें उनको दुनिया भर में फैलाना चाहिए।

उपचार में तकनीक का बढ़ता प्रयोग

> प्रौद्योगिकी द्वारा सुगम उपचार की बढ़ती मांग मेडटेक उद्योग में नवाचार चला रही है क्योंकि इससे स्वास्थ्य इक्विटी तक पहुंच में सुधार होगा।

चंद्रा गंजू
(लेखक एक स्वास्थ्यरक्षा कम्पनी के सीईओ हैं)

क्रांतिकारी स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति और उपचार की बढ़ती मांग के संयोजन ने मेडटेक उद्योग में नवाचार को बढ़ावा देना जारी रखा है।

कई प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ 2023 को मेडटेक उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष होने का अनुमान लगाते हैं, क्योंकि आभासी देखभाल और जनसांख्यिकीय सनक को तेजी से अपनाना, जैसे कि बढ़ती उम्र की आबादी, बढ़ती पुरानी बीमारियां, और स्वास्थ्य कार्यकर्ता की कमी, मेडटेक-सक्षम समाधानों की निरंतर मांग।

हाल के शोध से संकेत मिलता है कि चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का बाजार लगभग 19.65 बिलियन डॉलर का है। बाजार के 3.83 प्रतिशत सीएजीआर के साथ 2027 तक 22.84 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

लाइफ साइंसेज और हेल्थकेयर में इनोवेटर्स और रेगुलेटर्स भी देखभाल और स्वास्थ्य इक्विटी तक पहुंच में सुधार के लिए मेडटेक की ओर देख रहे हैं। रोबोटिक्स से लेकर नेक्स्ट-जेन सीक्वेंसिंग तक, आइए इस गतिशील व्यवसाय में नए अवसरों की पेशकश करने वाले मेडटेक रुझानों की सूची में तल्लीन करें। क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है, और हर साल नए रुझान और नवाचार सामने आ रहे हैं।

2023 में अपेक्षित कुछ शीर्ष मेडटेक रुझान यहां दिए गए हैं :

टेलीमेडिसिन : टेलीमेडिसिन, या दूरस्थ चिकित्सा परामर्श, इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले आराम और पहुंच के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। टेलीमेडिसिन से मरीज अपने घर बैठे ही चिकित्सा देखभाल प्राप्त कर सकते हैं। 2023 में, टेलीमेडिसिन के अधिक प्रचलित होने की उम्मीद है क्योंकि तकनीक में सुधार होता है और अधिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता देखभाल के इस तरीके को अपनाते हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई): एआई स्वास्थ्य सेवा उद्योग को कई तरीकों से बदल रहा है। इसका उपयोग रोगी डेटा का विश्लेषण करने, व्यक्तिगत उपचार योजनाओं का निदान और विकास करने के लिए किया जाता है। 2023 में, हम एआई के और भी उन्नत होने की उम्मीद कर सकते हैं, और यह संभवत: स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में एक बड़ी भूमिका निभाएगा। एआई का उपयोग नई दवाओं और उपचारों को विकसित करने के लिए भी किया जाएगा।

नेक्स्ट-जेन सीक्वेंसिंग (एनजीएस) तकनीक : यह एक तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है जिसने आनुवंशिक जानकारी के विश्लेषण के तरीके में क्रांति ला दी है। 2023 में, सीक्वेंसिंग गति, सटीकता और लागत-प्रभावशीलता में सुधार पर जोर देने के साथ हृत्स में रुझान जारी रहने की उम्मीद है। सटीक दवा में एनजीएस का उपयोग बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि प्रौद्योगिकी व्यक्तिगत रोगियों के लिए लक्षित उपचार के विकास को सूचित करने के लिए बड़ी मात्रा में आनुवंशिक जानकारी का तेजी से और सटीक रूप से विश्लेषण करने का एक तरीका प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, एनजीएसका अन्य तकनीकों के साथ एकीकरण, जैसे क्रिसपर कैस9, आनुवंशिक अनुसंधान और जैव प्रौद्योगिकी के लिए संभावनाओं का विस्तार करना जारी रखेगा।

नवजात स्क्रीनिंग (एनबीएस) : यह नवजात शिशुओं या शिशुओं में किया जाने वाला एक नैदानिक परीक्षण है, जिनका जन्म के तुरंत बाद कुछ आनुवंशिक या चयापचय संबंधी विकारों के लिए परीक्षण किया जाता है। 2023 में, नवजात स्क्रीनिंग की प्रवृत्ति इन परीक्षणों की सटीकता, गति और लागत-प्रभावशीलता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। इसमें नए, अधिक व्यापक स्क्रीनिंग पैनल विकसित करने के लिए नई, अधिक उन्नत स्क्रीनिंग तकनीकों को लागू करने की संभावना शामिल होगी। इसके अतिरिक्त, आनुवंशिक विकारों के पहले पता लगाने और निदान को सक्षम करने के लिए नवजात स्क्रीनिंग में जीनोमिक जानकारी को शामिल करने पर जोर दिया जा सकता है।

नवजात स्क्रीनिंग में एक और प्रवृत्ति स्क्रीनिंग सेवाओं की दक्षता और पहुंच में सुधार के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) और टेलीमेडिसिन जैसी डिजिटल तकनीकों का बढ़ता उपयोग है। इसमें संभवत: परिवारों और शिशुओं को दूरस्थ परामर्श और अनुवर्ती देखभाल प्रदान करने के लिए ईएचआर और टेलीमेडिसिन में स्क्रीनिंग परिणामों का एकीकरण शामिल होगा। कुल मिलाकर, इन प्रवृत्तियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी नवजात शिशुओं के पास आनुवंशिक और चयापचय संबंधी विकारों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए उच्च-गुणवत्ता, प्रभावी और समय पर जांच सेवाओं तक पहुंच हो।

सर्जिकल रोबोट : रोबोटिक सर्जिकल फर्मों में निवेश चिकित्सा प्रौद्योगिकी के लिए उद्यम पूंजी निधि में वृद्धि के प्राथमिक चालकों में से एक रहा है। इसके अलावा, कई विशेषज्ञ दावा करते हैं कि कोविड-19 के दौरान रोबोटिक तकनीक का उपयोग विशेष रूप से लाभप्रद है क्योंकि यह मानव-से-मानव शारीरिक संपर्क को कम करने में मदद करता है।

जैसा कि मेडटेक विकसित होता है, उद्योग को बाधाओं और संभावनाओं दोनों का सामना करना पड़ेगा। बेहतर रोगी देखभाल समाधान जो परिणामों को बढ़ा सकते हैं और कम लागत को कार्यान्वयन के लिए कम बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। नतीजतन, यह दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मूल्य प्रदान करने और इनपेशेंट और आउट पेशेंट देखभाल मानकों के लिए यथास्थिति को चुनौती देने के लिए और अवसर पैदा करेगा।

हेल्थकेयर के लिए अधिक आशाजनक भविष्य प्रदान करना : ट्रिविट्रोन हेल्थकेयर, एक प्रमुख वैश्विक मेडटेक संगठन, स्थायी लक्ष्यों की स्थापना कर रहा है और मेडिकल इमेजिंग, इन-विट्रो डायग्नोस्टिक्स, नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग, न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग, क्रिटिकल केयर और रेडिएशन प्रोटेक्शन में कई प्रगति की है। कुशल और उन्नत देखभाल प्रदान करने के मिशन के बाद, ट्रिविट्रोन सहयोग, उन्नति और नवाचार के माध्यम से लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

आप की बात

स्कूलों का समय

महू सैन्य क्षेत्र में आने वाले आर्मी पब्लिक स्कूल में गुरुवार दोपहर सात बच्चे अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े, साथ ही बच्चों को उल्टियां भी होने लगी। माल रोड स्थित आर्मी स्कूल में यह घटना करीब दोपहर दो बजे हुई। बताया जा रहा है कि आर्मी पब्लिक स्कूल के कैंटीन में बच्चों ने आइसक्रीम व समोसा खाया। इसके बाद वह मैदान में खेलने चले गए। जहां अधिक तपती धूप में खेलते हुए ही बच्चे अचानक गिर गए और कुछ बच्चे उल्टियां करने लगे। कुछ वर्ष पहले तक परीक्षा के रिजल्ट आने के पश्चात स्कूल सीधे 1 जलाई से खुलते थे। लेकिन प्राइवेट स्कूलों ने अपनी कमाई के खातिर 1 अप्रैल से ही भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप में स्कूल शुरू कर दिए। अब बेचारे बच्चे मन मारकर स्कूल जाते हैं और अभिभावक भी उनका कॅरियर बनाने की आस में उन्हें समझा-बुझाकर भरी गर्मी में स्कूल में भेज देते हैं! उक्त घटना के मद्देनजर मध्य प्रदेश सरकार को अप्रैल माह में लगने वाली कक्षाओं को तत्काल बंद करके 1 जुलाई से स्कूल खोलने के आदेश जारी करने चाहिए। देश के अधिकांश भागों में स्कूलों का समय बच्चों की सुविधा के अनुसार तय होना चाहिए, प्रबंधकों की तानाशाही के चलते नहीं। पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य को महत्व देना भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

मोदी के प्रयास

14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती देश भर में मनाई गई। अंबेडकर देश में सभी को समान अवसर देना और खुशहाल भारत देखना चाहते थे। उनकी अवधारणा थी कि समतामूलक,समाज के लिये सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक विषमता के मूल में अभाव मुख्यकारक है। इसे दूर किया जाना चाहिये। इसके कारण समाज व देश की बुनावट कमजोर होती है। इसे दूर करने के लिये अवसरों में समानता तथा न्याय मिलना चाहिए। उनका मानना था कि समाज मे गरीबी ऐसी न हो कि सबल लोग निर्बल लोगो का शोषण करें और उनकी आवाज को न सुना जाए। अभाव से मुक्ति के लिये सबसे बड़ी जरूरत है कि समाज स्वावलंबी और स्वनिर्भर बने। इसी अवधारणा को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सत्ता संभालते ही सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ काम करना शुरू किया है। समाज और देश के विकास की हर उनकी हर योजना सर्वजन हिताय और बिना भेदभाव के साथ चलाई जा रही है। सरकार के प्रयासों से अंबेडकर के आदर्शों को जमीन पर उतारा जा रहा है।

–**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

योगी का वादा

योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा। उन्होंने अपना वादा पूरा कर दिया है। वे दिन गए जब अपराधी खुले आम निर्दोष लोगों को मार डालते थे व रंगदारी लेकर अपने राजनीतिक आकाओं की झोली भर देते थे, तब उनको संरक्षण देने वाले शांत रहते थे। आज जब पुलिस पर हमले का जवाब दिया जा रहा है तो उन्हीं अपराधियों के संरक्षकों को परेशानी हो रही है। योगी जी महाराज की नेतृत्व वाली सरकार ने एक बार नहीं अनेकों बार सिद्ध किया है कि अपराधी का संरक्षण मजहब या वोटबैंक के आधार पर बिलकुल भी नहीं होगा । उत्तर प्रदेश पुलिस पर भले ही कुछ विपक्षियों को विश्वास न हो परन्तु जनता को पूरा विश्वास है । योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस बिना किसी दबाव के निष्पक्ष कार्यवाही कर रही है इसमें किसी को कोई संदेह नहीं है । अतीक अहमद व उसके गुर्गो पर कानूनी कार्रवाई का अर्थ संगठित अपराध की रीढ़ पर सीधा प्रहार है। योगी जी महराज की सरकार व पुलिस ने पुन: सिद्ध कर दिया है कि अपराधी किसी मजहब या पंथ का हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन रहा है।

–**दिव्य अग्रवाल,** देवघर

दुग्ध उत्पादन

भारत विश्व में सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। स्वतंत्रता के पश्चात श्वेत क्रांति के माध्यम से दूध के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दूध एक संपूर्ण आहार है जिसकी हमारे देश में काफी खपत है। नकली, मिलावटी व सिंथेटिक दूध भी हमारे देश में बड़ी तादाद में बिकता है। दूध से बनने वाले खाद्य पदार्थों की एक लंबी श्रृंखला है। विशेषज्ञों का कहना है कि हाल ही में दूध की मांग में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी वजह से दूध के दाम बढे हैं। मांग के अनुसार दूध की आपूर्ति न हो पाने के पीछे कई कारण हैं। इसमें चारे की कमी, लंपी वायरस व अन्य बीमारियां, कोरोना महामारी, पशु आहार की कीमतों में बढ़ोतरी, दूध पाउडर की बिक्री आदि शामिल है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए बकरी एवं गाय के दूध को भी बढ़ावा मिलना चाहिए। दूध देने वाले पशुओं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु किसानों को प्रेरित किया जाना चाहिए। साथ ही पशुपालकों एवं किसानों को चारे की व्यवसायिक खेती प्रारंभ करना चाहिए। दुग्ध संगठन, सरकार व उपभोक्ताओं के बीच संवाद जरूरी है।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

साइबर क्राइम विंग को जल्द मिलेगा प्रशासनिक भवन

● सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में विभागीय जरूरतों का ब्योरा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

373 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही योगी सरकार अब जल्द ही साइबर स्र्ठाइम के मामलों में भी प्रभावी कार्यवाही में सक्षम हो सकेगी। दरअसलए हाल में ही सीएम योगी ने यूपी पुलिस की साइबर विंग की समीक्षा बैठक में शासन को विंग के खाली पदों को भरने और उन्हे जरूरत के अनुसार अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध कराने के लिए खाका तैयार करने को कहा है। साथ ही उन्होंने साइबर क्राइम विभाग को जल्द ही उनका अपना प्रशासनिक भवन भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। विभाग इसके लिए ब्लू प्रिंट तैयार करवा रहा है। उच्च अधिकारियों का मानना है कि अपना प्रशासनिक भवन होने के बाद साइबर क्राइम से जुड़े मामलों और उनकी जांच की कार्यवाही पर बेहतर ढंग से निगरानी की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के नेतृत्व में पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में अपराध की घटनाओं में काफी कमी आयी है। वहीं योगी सरकार ने अपराध को कम करने के लिए यूपी पुलिस को हर संभव संसाधन, मैनपॉवर उपलब्ध कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समय-समय पर गृह विभाग और यूपी पुलिस की विभिन्न विंग्स की समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साइबर विंग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जनपद स्तर पर साइबर सेल की स्थापना के बाद साइबर अपराधों में पिछले तीन साल में काफी कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में साइबर अपराध के 11770 मामले दर्ज किए गए थे वहीं वर्ष 2022 में करीब सात हजार मामले दर्ज किए गए। अगर बात वर्ष 2023 की करें तो मार्च तक सिर्फ पंद्रह सौ ही मामले दर्ज हुए हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति के तहत साइबर अपराध पर शत प्रतिशत लगाम लगाने के लिए विभाग को जिन संसाधनों की आवश्यकता है उनका खाका तैयार करें, जिससे कार्रवाई को और तेज किया जा सके। ऐसे में अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए विभाग के अपने प्रशासनिक भवन की नितांत आश्वयकता है। साथ ही रिक्त पदों को भरने, वाहन, साइबर क्राइम से जुड़े अत्याधुनिक उपकरण, मुख्यालय स्तर पर एडवांस साइबर फ ारेंसिक लैब, परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों पर बेसिक साइबर फ ारेंसिक लैब, प्रत्येक जनपद में साइबर क्राइम थानों की स्थापना की जरूरत है। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को सभी का ब्योरा तैयार कर शासन को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने विभाग को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी सारी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि वर्तमान में विंग में करीब 373 पद खाली हैं, जो अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर तक के हैं। बैठक में बताया गया कि विभाग में 3 पद अपर पुलिस अधीक्षक, 7 पद पुलिस उपाधीक्षक, 75 पद निरीक्षक, 75 पद उपनिरीक्षक, 23 पद मुख्य आरक्षी, 128 पद आरक्षी, 23 पद आरक्षी चालक, 7 फ ालोवर और 32 पद कंप्यूटर ऑपरेटर के खाली हैं। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को सभी पदों का खाका तैयार कर शासन को जल्द से जल्द सौंपने को कहा है ताकि इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सके।

सामाजिक उत्थान की दृष्टि से बाबा साहब का योगदान अविस्मरणीयः भूपेंद्र चौधरी

● बीजेपी ने पूरे प्रदेश में बूथ स्तर तक समरसता दिवस के रूप में मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पूरे प्रदेश में सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत डॉ. अम्बेडकर की जयन्ती को समरसता दिवस के रूप में बूथ स्तर पर मनाया। भाजपा ने प्रदेश में डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर सामाजिक न्याय के अग्रदूत बाबा साहब को कृतज्ञ नमन किया। जिला स्तर पर गोष्ठियों के आयोजन कर डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय, समरसता व समानता के लिए किये गए संघर्षों तथा राष्ट्रोत्थान में उनके योगदान पर चर्चा की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पुष्पार्चन करके सामाजिक न्याय के प्रणेता को नमन किया। अम्बेडकर जयन्ती पर पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और आयोग, बोर्डों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य तथा पार्टी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने डॉ. अम्बेडकर की जयन्ती पर नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सामाजिक न्याय, आर्थिक सुदृढीकरण और समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े लोगों को सबल बनाते हुए बाबा साहब द्वारा प्रशस्त मार्ग का अनुसरण कर रहे है। देश में विकास व सामाजिक उत्थान की दृष्टि से बाबा साहब का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्रसंघ में बाबा साहेब की 125वीं जयन्ती मनायी गई। इसके साथ ही मोदी ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ घोषित किया तथा उनका विकास भी किया। उन्होंने कहा कि आज हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता बाबा साहेब की जन्म जयन्ती मना रहे है। आज के दिन हम सभी पार्टी कार्यकर्ता बाबा साहब के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में उतारने का प्रण लेते है। भाजपा कार्यकर्ता बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलने के लिए कृत संकल्पित है।

एएनटीएफ में पोस्टिंग व ट्रांसफर की पॉलसी मंजूर

प्रतिनियुक्ति पर तैनात होंगे 450 कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी में नार्को नेक्सस की कमर तोड़ने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) में 450 कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति दी जाएगी। इसके लिए सरकार ने विभाग के अंदर पोस्टिंग व ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अंतरविभागीय स्तर पर निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी, आरक्षी चालक, उपनिरीक्षक (गोपनीय), उपनिरीक्षक-सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक), उपनिरीक्षक-सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) और कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पद भरे जाएंगे।

एएनटीएफ डीआईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि एएनटीएफ के सुचारू रूप से संचालन के लिए करीब 450 पदों पर नियुक्ति के लिए शासन को पत्र लिखा गया था। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की नियुक्ति के लिए ट्रांसफ र पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इसके मंजूरी के बाद विभाग में मुख्यालय, 8 ऑपरेशनल इकाई और 6 थानों में कुल 16 निरीक्षक, 38 उपनिरीक्षक, 84 मुख्य आरक्षी, 162 आरक्षी, 5 एसआईएम (स्टेनो(, 8 एसआई (एम), 35 आरक्षी चालक, 2 एसआई (एम)) 8 एएसआई (एम), 1 एसआई (एम) लेखा, 44 चतुर्थ श्रेणी, 1 एएसआई (एम) लेखा, 8 ड्रग इंस्पेक्टर, 8 फॉर्मासिस्ट तथा 28 कम्प्यूटर ऑपरेटर के खाली पद भरे जा सकेंगे। विभाग ने इन पदों पर निर्धारित अर्हता के अनुसार प्रतिनियुक्ति की कार्रवाई शुरू कर दी है। एएनटीएफ मुख्यालय स्तर पर निरीक्षक से लेकर आरक्षी तक के पदों को भरने के लिए निर्धारित अर्हता पर फिट होने वाले अनुभवी, दक्ष व कुशल कर्मियों के चयन के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। जिसके अध्यक्ष पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ या पुलिस उपमहानिरीक्षक (कार्यालयाध्यक्ष) होंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक मुख्यालय या अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन या अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सदस्य होंगे।

आरक्षी के लिए अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष, मुख्य आरक्षी के लिए 45 वर्ष, उपनिरीक्षक के लिए 50 वर्ष एवं निरीक्षक की अधिकतम उम्र सीमा 55 वर्ष होगी। गोपनीय सहायक-लिपिकध्लेखा तथा कम्प्यूटर आपरेटर के लिए उम्र सीमा की बाध्यता नहीं होगी। उक्त पुलिस कर्मियों की सम्बद्धता अवधि सामान्यत: 3 वर्ष के लिए होगी, जिसे आवश्यकतानुसार 2-2 वर्ष के लिए अधिकतम दो बार बढ़ाया जा सकता है। कार्मिक की उसकी सेवा अवधि में अथवा विगत 3 वर्षों में सत्यनिष्ठा संदिग्ध न हो तथा उसके विरुद्ध कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न हो और दीर्घ या लघु दण्ड न प्रदान किया गया हो। कार्मिक के विरुद्ध आपराधिक अभियोग अथवा विभागीय कार्यवाही प्रचलित न हो। ऐसे कार्मिकों जिनके द्वारा विगत 3 वर्षों में नार्कोटिक्स-ड्रग्स-शराब-शस्त्रों की बरामदगी के सम्बन्ध में उल्लेखनीय कार्य किया गया हो, उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उपर्युक्त अर्हता के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन के उपरान्त ही कोई शिथिलीकरण किया जा सकता है। किसी कर्मी की विशेष योग्यता होने पर कम अवधि के लिए भी सम्बद्ध किया जा सकता है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का काउंटडाउन शुरू

लोगो की लांचिंग के साथ आयोजन की तैयारी तेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करने जा रही योगी सरकार ने इसकी तैयारियों को लगभग पूरा कर लिया है। संभावना है कि 5 मई को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गेम्स के लोगो, मैस्कॉट व एंथम की लांचिंग का आयोजन किया जा सकता है जबकि 25 मई या इसके आसपास दस दिवसीय इस मल्टीस्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन किया जा सकता है। तारीखों का ऐलान सीएम योगी की मंजूरी के बाद किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पहली बार इस बड़े आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आयोजन की तैयारियों में कोई कोर-कसर नहीं रहनी चाहिए। खासतौर पर महिला एथलीट्स की सुरक्षा और सुविधा का खास ख्याल रखा जाए। खिलाड़ी गेम्स के बाद जब वापस लौटें तो उनके मन में यूपी की एक अच्छी छवि होनी चाहिए।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए योगी सरकार की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। खिलाड़ियों के रुकने और खाने-पीने की व्यवस्था पहले ही कर ली गई हैए जबकि वेन्यूज पर भी तैयारियों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। ड्रेसिंग रूम में एसी से लेकर स्पोर्ट्स इक्विपमेंट तक मंगाए जा चुके हैं। जिन विभागों से एनओसी की आवश्यक्ता है उस पर कार्यवाही पूरी हो चुकी है जबकि आयोजन से संबंधित सभी तरह की एजेंसियों के चयन का भी काम पूर्ण हो चुका है और अब सीएम योगी के इस पूरे आयोजन की तैयारियों के समीक्षा करने की संभावना है। उनकी मंजूरी मिलते ही शेड्यूल को फ ाइनल कर दिया जाएगा। इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स यूपी के 4 शहरों में आयोजित किया जाएगा। इनमें लखनऊ में सबसे ज्यादा 12 खेलों के इवेंट्स 8 वेन्यूज पर आयोजित होंगे। इसके अंतर्गत बीबीडी यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड पर आर्चरी की प्रतियोगिताएं होंगी। बीबीडी यूनिवर्सिटी मेन ग्राउंड पर जूडो और मलखंभ की प्रतियोगिताएं होंगीए जबकि इकाना स्पोर्ट्ज सिटी.इंडोर हाल में वॉलीबाल और फेंसिंग की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा। इसके अलावा बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी इंडोर हाल में बैडमिंटन और टेबल टेनिस, गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज एथलेटिक्स ग्राउंड पर रग्बी व एथलेटिक्स, इसी वेन्यू के हॉकी ग्राउंड पर हॉकी और फु टबॉल ग्राउंड पर फु टबॉल के इवेंट होंगे। हालांकि महिला फुटबॉल का आयोजन इकाना स्पोर्ट्ज सिटी के फुटबॉल ग्राउंड पर कराया जाएगा। यहीं टेनिस कोर्ट पर टेनिस के इवेंट होंगे। लखनऊ के बाद सबसे ज्यादा इवेंट्स गौतमबुद्धनगर में होंगे। यहां 3 वेन्यूज पर कुल 5 खेलों के इवेंट्स का आयोजन होगा। एसवीएसपी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में स्विमिंगए इसी कांप्लेक्स के इंडोर हॉल में कबड्डी और बॉक्सिंग के इवेंट होंगे। गौतमबुद्धनगर यूनिवर्सिटी के इंडोर हाल में बास्केटबाल और वेटलिफ्टिंग का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह वाराणसी के एक वेन्यू यानी आईआईटी बीएचयू के इंडोर हाल में दो खेलों (योगासन एवं कुश्ती) के इवेंट होंगे। वहीं गोरखपुर के वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में रोइंग की प्रतियोगिता होगी। रोइंग की प्रतियोगिता को पहली बार इन गेम्स में शामिल किया गया है। इसके अलावा शूटिंग के इवेंट दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे।

वाराणसी नगर निगम के वार्डों के लिए कांग्रेस ने घोषित किए पार्षद प्रत्याशी

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में वाराणसी नगर निगम के वार्डों के लिए कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि घोषित किये गए वार्ड वार प्रत्याशियों की सूची के अनुसार गोला दीनानाथ वार्ड से सीताराम केसरी, जोल्हा दक्षिणी वार्ड से रेहाना खातून, ओंकालेश्वर वार्ड से रेशमा परवीन, लल्लापुरा खुर्द वार्ड से प्रिन्स कुमार डिठोरी महाल वार्ड से विनय कमुार शादेजा, बिन्दूमाधव वार्ड से पूनम तिवारी खजुरी वार्ड से मयंक चौबे, जलालीपुरा वार्ड से शबाना अंसारी, कमलगढ़हा वार्ड से नूरजहां, तरना वार्ड से रामकेश यादव, पितकुण्ड वार्ड से दिलशाद हाशमी, मदनपुरा वार्ड से इशरत परवीन, ककरमत्ता वार्ड से शहनाज अंसारी, पिशाचमोचन वार्ड से आनन्द पाण्डेय, सारनाथ वार्ड से आशीष पाण्डेय, मध्यमेश्वर वार्ड से अनिल पटेल, राजघाट वार्ड से रानी देवी, रामापुरा वार्ड से प्रामोद वर्मा, नई बस्ती वार्ड से नासिर अली, हुकुलगंज वार्ड से किशोरी लाल कनौजिया, लल्लापरा कलां वार्ड से डाली अंसारी को कांग्रेस पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है।

15 पार्षद, 51 नगर पंचायत सदस्यों चार अध्यक्षों ने किया नामांकन

लखनऊ। निकाय चुनाव की घोषणा के बाद वार्डों में नामांकन शुरू हो गया है। शुक्रवार को 15 वार्डों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। महापौर के फार्मों को खरीदने वालों की संख्या 5 रही है। नगर पंचायतों में 51 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्षों में 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। शुक्रवार को सपा, भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां के महापौर पद पर किसी ने नामांकन नहीं किया है। वहीं महापौर के पद के 5 फार्म बेचा गया है। वहीं कुल पार्षदों के 272 फर्मों का विक्रय किया गया है। नामांकन 15 प्रत्याशियों ने जोन 3ख जोन 6, जोन चार, जोन 7 और जोन 8 के 1 प्रत्याशी ने पर्चा भरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नगर पंचायत अध्यक्ष में नामांकन 4 प्रत्याशियों ने मैंदान में ताल ठोकी है।

रस्म अदायगी से ऊपर उठकर जनता का भला करें: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अम्बेडकर जयंती पर प्रदेश की जनता को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर बसपा को कमजोर करने का आरोप भी लगाया। मायावती ने कहा कि देश के वर्तमान हालात में जब हर कोई ख़ासकर अपने आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की सुरक्षा के लिए चिन्तित दिखाई पड़ता है, ऐसे समय में बाबा साहेब के मूल मंत्र पर संकीर्णता त्याग कर सही से अमल करने की ज़रूरत है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि देश का यह सौभाग्य ही है कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जैसा समाज व देश को जोड़ने वाला महापुरुष मिला जिसका अस्तित्व मिटाये नहीं मिट पा रहा है। देशहित के लिए यह कितनी अच्छी बात होती अगर सरकारें बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती की रस्म अदाएगी से ऊपर उठकर उनके बताए संवैधानिक रास्तों पर सही से अमल करके आमजन का जीवन नित्य नये दु:खों से दूर सुखी, सम्पन्न व शान्त करके उनका वास्तविक भला कर रही होतीं। मायावती ने कहा कि देश पर राज करने वाली पार्टियों में ख़ासकर कांग्रेस व बीजेपी द्वारा देश को उसके सर्वजन हितैषी व जनकल्याणकारी संविधान के हिसाब से चलाकर करोड़ों गरीबों, मज़दूरों, वंचितों आदि के हितों की रक्षा तथा उनकी तरक्की सुनिश्चित नहीं कर पाने के कारण ही बाबा साहेब के जन्मदिन पर 14 अप्रैल सन 1984 को अन्तत: उनकी अनुयाई पार्टी के रूप में बहुजन समाज पार्टी बनाने की जरूरत पड़ी। मायावती ने कहा कि अति-मानवतावादी व जनकल्याणकारी संविधान देकर आधुनिक भारत की मज़बूत नींव रखने वाले परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष करोड़ों ग़रीबों, मज़दूरों, वंचितों व अन्य मेहनतकश समाज के लिए आज भी उम्मीद की एक मात्र किरण है। हालाँकि इस दौरान संकीर्ण, जातिवादी, पूंजीवादी व साम्प्रदायिक ताकतों ने बीएसपी को कमजोर व उसके नेतृत्व को बदनाम करने के लिए हर प्रकार के घिनौने हथकण्डे अपनाए, लेकिन ऐसे उतार-चढ़ावों के बावजूद पार्टी से जुड़े लोग पूरी मुस्तैदी, मजबूती व समर्पण के साथ तन, मन, धन से मैदान में डटे रहे, जिसके लिए सभी का तहेदिल से आभार।

बहुजन समाज पार्टी ने खेला मुस्लिम कार्ड

लखनऊ से शाहीन बानो बनी मेयर उम्मीदवार

● पार्टी ने वार्डों के लिए प्रथम प्रत्याशियों की सूची की जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शाहीन

निकाय चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने मुस्लिम कार्ड खेलते हुए लखनऊ से महापौर पद का अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी की ओर से मदेयगंज निवासिनी शाहीन बानो बसपा की मेयर प्रत्याशी होंगी। शाहीन बाने के प्रति मोहम्मद सरवर मलिक तृणमूल कांग्रेस से लखनऊ उत्तर विधान सभा का चुनाव लड़ चुके हैं। महापौर के साथ ही पार्टी ने वार्डों के लिए प्रथम प्रत्याशियों की भी सूची जारी की है।

पार्टी की तरफ से वार्डों के लिए जारी प्रथम सूची के मुताबिक श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के लिए सुमन गौतम, शारदानगर द्वितीय के लिए अंजू गौतम, महाराजा बिजली पासी किला के लिए कमला कश्यप, सरोजनीनगर प्रथम के लिए रन्नो देवी, शारदानगर प्रथम के लिए रचना कुरील, खरिका प्रथम के लिए माया चौधरी, खरिका द्वितीय के लिए सरोज देवी, हिन्दनगर के लिए दिलीप रावत, विद्यावती प्रथम के लिए सोमलता, विद्यावती तृतीय के लिए सावित्री देवी को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह न्यू हैदर तृतीय के लिए अमित सिंह यादव, मा. कल्याण सिंह के लिए सर्वेश कुमारी, न्यू हैदर प्रळाम के लिए कैसरजहां, न्यू हैदर द्वितीय के लिए पुत्तीलाल वर्मा, जानकीपुरम प्रथम के लिए कंचन मिश्रा पाठक, फैजुल्लागंज प्रथम के लिए कीर्ति सिंह, इंदिरा प्रियदर्शिनी के लिए रूचि राजपूत, बाबू जगीवन राम के लिए कुलदीप वर्मा, मालवीय नगर के लिए विशाल कुमार कांशी, अम्बेडकरनगर के लिए उर्मिला बौद्ध, मा. लालजी टंडन के लिए आरती गौतम, शहीद भगत सिंह द्वितीय के लिए राजपाल रावत, शहीद भगत सिंह प्रथम के लिए अंजलि मौर्या, चिनहट प्रथम के लिए दुर्गेश प्रजापित, जानकीपुरम तृतीय के लिए बाबू लाल पाल, चिनहट द्वितीय के लिए शिवा भारती, लाल बहादुर शास्त्री के लिए रामविलास उफ रवि वाल्मिकी, खरगापुर सरसवाँ के लिए अमित गौतम व भरवारा-मल्हौर के लिए मोल्हेराम गौतम को प्रत्याशी बनाया गया है।

डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है भाजपा की डबल इंजन सरकारः केशव

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र व आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की है। मौर्य ने शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय पर डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए किया गया उनका संघर्ष हर पीढ़ी के लिए एक मिसाल बना रहेगा। भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी, बाबासाहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने समतामूलक, न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। आज हम उनके जीवन तथा विचारों से शिक्षा ग्रहण करके उनके आदर्शों को अपने आचरण में ढालने का संकल्प लें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के सपनों को भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की दोनों सरकारें मिलकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ लेकर साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का कहना है कि एक रोटी कम खाना, शिक्षित जरूर बनों। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार, दोनों सरकारों द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके द्वारा सभी गरीबों के हित के कार्य हो रहे हैं तथा चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के विचारों व आदर्शों का न केवल अनुकरण करना चाहिए बल्कि आत्मसात भी करना चाहिए।

प्रदेश भर में कोरोना के 758 केस

लखनऊ। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर तेजी से बढ़ रही है। शुक्रवार को प्रदेश में कोरोना के 758 नये केस सामने आये हैं। जबकि लखनऊ में 202 केस मिले हैं। वहीं फर्रूखाबाद में एक मरीज के मौत की खबर है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक आज नोएडा में 103 केस, गाजियाबाद में 78 और मेरठ में 58 केस मिले हैं। वहीं 271 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त हुए है। प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 2579 है। वहीं आज लखनऊ में प्रमुख रूप से रेडक्रास एरिया में 8, टूडियागंज में 9, सिल्वर जुबली एरिया में में 15, चिनहट में 15 मिले है।

44 साल के आतंक का योगी सरकार ने 48 दिनों में किया अंत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रयागराज से प्रदेश के कई शहरों में जिस आतंक और दहशत को कायम करने में माफिया अतीक अहमद ने 44 साल लगा उसे यूपी की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने महज 48 दिनों में खत्म कर दिया। अतीक और उसके करीबियों के काले कारोबार के साम्राज्य को ध्वस्त करने में अब योगी सरकार को प्रवर्तन निदेशालय का भी साथ मिल रहा है ।

अतीक अहमद पर पहला आपराधिक मामला 1979 में प्रयागराज के खुल्दाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। तब से 44 साल के उसके आपराधिक सफ र में उस पर 102 केस दर्ज हुए लेकिन किसी भी मामले में कोई सरकार उसे सजा नहीं दिलवा पाई । योगी राज में पहली बार यह संभव हुआ जब पूर्व बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह अधिवक्ता उमेश पाल के अपहरण के मामले में एमपीएमएलए की कोर्ट ने अतीक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इधर 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल की हत्या से कानून व्यवस्था को नाकाम चुनौती देने के अतीक और उसके गुर्गों के दुस्साहस के बाद यूपी के सीएम योगी के माफिया को मिट्टी में मिलाने के संकल्प ने अतीक के जुर्म और जरायम के साम्राज्य तहस नहस कर दिया गया। अतीक के बेटे असद सहित उसके 4 गुर्गों को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। अपराध से अर्जित की गई उसकी और उसके गुर्गों की 1400 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी। इसे अतीक के आतंक के अंत माना जा रहा है।

अतीक के आर्थिक साम्राज्य पर ईडी का वार: एक तरफ माफिया को मिट्टी में मिलाने का सिलसिला जारी है तो दूसरी तरफ आर्थिक अपराध से जुड़ी जांच एजेंसियां भी अतीक के आर्थिक साम्राज्य को चोट पहुंचाने में लग गई हैं। अतीक अहमद पर दर्ज मनी लांड्रिंग केस की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय की 15 टीमों ने प्रयागराज में अतीक के करीबियों के कई ठिकानों पर जमकर छापेमारी की है। इसमें अतीक अहमद के वकील खान शौलत हनीफ, अतीक के अकाउंटेंट सीताराम शुक्ला, रियल एस्टेट कारोबारी खालिद जफ र, बसपा के पूर्व विधायक आसिफ जाफ री, बिल्डर संजीव अग्रवाल, कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव के नाम शामिल हैं। इस कार्यवाही में 100 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। वैसे अतीक पर दो साल पहले 2021 में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था और इस मामले में उसकी 8 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी।

डमी कंपनियों के जरिए माफिया करता था काला कारोबार प्रयागराज शहर में अतीक अहमद के करीबियों के ठिकानों पर की गई कार्यवाही में प्रवर्तन निदेशालय को मनी लांड्रिंग केस में बेहद अहम सबूत मिले हैं, जिससे उसके काले कारोबार के नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है । ईडी की ापे की कार्यवाही के दौरान बरामद दस्तावेजों से 50 से अधिक ऐसी शेल कंपनियों का भी पता चला है जो डमी कंपनियां हैं जिनका मालिक दस्तावेजों में तो कोई और है लेकिन इनमें रकम अतीक ने निवेश की थी। इनके जरिये अतीक अपनी ब्लैकमनी को व्हाइट में तब्दील करता था। इन कम्पनियों में एमजे इन्फ्रा ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स जाफरी स्टेट लिमिटेड, फ ना एसोसिएटेड प्राइवेट लिमिटेड, एमजे इन्फ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, एफ एंड एसोसिएट प्राइवेट लिमिटेड, असाद सिटी, एमजे इन्फ्रा स्टेट प्राइवेट लिमिटेड और एमजे इन्फ्रा लैंड, एलएलपी जैसी कम्पनियां शामिल हैं।

इनमें से अधिकतर वह कंपनियां हैं, जिनके बारे में जिला पुलिस ने पहले ही शासन को पत्र भेजकर इनकी जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराने का अनुरोध किया था।

मार्च 2017 से अबतक मुठभेड़ में मारे गए 183 अपराधी

● इस कार्रवाई में 13 पुलिसकर्मी शहीद व 1,443 घायल

लखनऊ। गैंगस्टर अतीक अहमद के बेटे असद और उसके साथी की प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के साथ झांसी में हुई मुठभेड़ में मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नीत सरकार के पिछले छह साल के कार्यकाल में हुई विभिन्न मुठभेड़ों में राज्य में 183 अपराधी मारे गए हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को बताया, 20 मार्च, 2017 से राज्य में पुलिस मुठभेड़ों में 183 अपराधियों को मार गिराया गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च, 2017 से राज्य में 10,900 से अधिक पुलिस मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें 23,300 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, 5,046 अपराधी घायल हुए हैं तथा 183 अपराधी मारे जा चुके हैं। पुलिस मुठभेड़ों में घायल होने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या।,443 है। यूपी पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 20 मार्च 2017 से राज्य में हुई मुठभेड़ों में अब तक 13 पुलिसकर्मी शहीद हो चुके हैं। इनमें एक पुलिस उपाधीक्षक सहित वे आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं जो जुलाई 2020 में कानपुर के चौबेपुर इलाके के बिकरू गांव में घात लगाकर बैठे गैंगस्टर विकास दुबे के साथियों की गोलीबारी में मारे गए थे। वहीं, मध्य प्रदेश के उज्जैन से उत्तर प्रदेश वापस लाने के दौरान दुबे ने भागने का प्रयास किया था और मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने बताया था कि वापसी में वाहन पलटने के बाद दुबे ने एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीनकर भागने का प्रयास किया था। वहीं, सरकार के आलोचकों और विपक्षी दलों का आरोप है कि इनमें से कई मुठभेड़ फर्जी हैं और उनके सही तथ्यों का पता लगाने के लिए उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिए। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस ने इन आरोपों को खारिज किया है और दावा किया कि 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है।

लखीमपुर खीरी में उत्साह और उमंग से मनाई गई अंबेडकर जयंती

- कलेक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम, डीएम ने किया माल्यार्पण
- डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्श को अनुकरणीय बताते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चलकर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। आज के इस पावन और पुनीत मौके पर उन्हें स्मरण करने से मन प्रफुल्लित हो उठता है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने संविधान निर्माता डा. भीमराव रामजी आम्बेडकर के सिद्धांतों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। कहा कि उनके प्रयास से समाज के सभी वर्गों को संविधान में उचित स्थान प्राप्त हुआ। उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तभी होगी, जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे संकल्प के साथ करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम विधेश, धीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी मो. सलीम, विवेक सक्सेना, सुरेश वर्मा, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट कर्मियों ने भी चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को रेखांकित किया।

एसपी ने दिखाई अग्नि सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान को हरी झंडी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा आज दिनांक 14.04.2023 को राष्ट्रीय अपसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता अभियान के अंतर्गत अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह दिनांक 14.04.2023 से 20.03.2023 तक मनाया जायेगाए जिसके अंतर्गत अग्निशमन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनता को आग बुझाने के उपकरण व आग बुझाने के बारे में जागरुक किया जायेगा।

शाहजहांपुर में मिले 6 कोरोना मरीज, अलर्ट

संवाददाता। शाहजहांपुर

देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण मरीजों की संख्या को देखते हुए शाहजहांपुर का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। गुरुवार की शाम कोरोना पॉजिटिव 6 मरीज मिले हैं। जिनको होम आईसोलेट किया गया है। जिले में प्रतिदिन एक हजार से ज्यादा लोगों के सैंपल लिए जा रहे हैं। बाहर से आने जाने वालों पर 1200 से ज्यादा निगरानी टीमों को लगाया गया है। ताकि बाहर से आने वालों को चिन्हित कर उनकी जांच की जा सके। दो दिन पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मॉक ड्रिल की थी।

इलाज कर होम आईसोलेट कर दिया

शाहजहांपुर में 24 मार्च को बंडा क्षेत्र की रहने वाली महिला की तबियत बिगाड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच होने के बाद महिला में कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए गए। जिसके बाद इलाज कर आवश्यक दवाएं देने के बाद महिला को होम आईसोलेट कर दिया गया। गुरुवार को कांट क्षेत्र के तीन, हरदोई, गदिया और अलहागंज का एक-एक मरीज सामने आया। उनका भी इलाज कर उनको होम आईसोलेट कर दिया गया।

दवाओं की कमी नहीं होने दी जाएगी

देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मरीजों को रोकने के लिए शाहजहांपुर के स्वास्थ्य विभाग ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में मॉक ड्रिल की थी। दस मिनट के अंदर कोरोना संक्रमित मरीज को इलाज प्रदान किया था। राजकीय मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में 140 बेड कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए रखे गए हैं। इसके अलावा चार सीएचसी पर 50 बेड की अलग से व्यवस्था की गई है। सीएमओ ने कहा कि आक्सीजन से लेकर तमाम दवाओं की कमी नहीं होने दी जाएगी। मामले में सीएमओ डॉक्टर आरके गौतम ने बताया कि 6 मरीज होम आईसोलेट हैं। उनकी हालत में सुधार है। कहा कि कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करें। मास्क लगाए रहे। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। 1200 से ज्यादा निगरानी टीमें बाहर से आने वालों पर नजर बनाए हुए हैं।

कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में कंट्रोल रूम स्थापित

शाहजहांपुर। एडीएम (वि.ध्रा.)उप जिला निर्वाचन अधिकारी(न.ध्नि.) श्री त्रिभुवन ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत स्वतन्त्र एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिये कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय), शाहजहाँपुर के संशोधित आदेश संख्या 2256 दिनांक 06 अप्रैल 2023 के निर्देशानुसार समस्त प्रकार की सूचनाओं का संग्रहण एवं प्रेषण तथा निर्वाचन के दौरान प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों एवं उड़नदस्ता आदि टीम से समन्वय स्थापित करने हेतु कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। निर्वाचन के दौरान सम्बन्धित इलैक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कन्ट्रोल रूम द्वारा किया जायेगा।

पुण्यतिथि पर बीपी मंडल को याद किया

संवाददाता। शाहजहाँपुर

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर सामाजिक न्याय को पिछड़े वर्गो के हितों के लिए कानूनी सब रूप में मंडल कमीशन रिपोर्ट देने वाले समाजवादी नेता पूर्व मुख्यमंत्री बिहार स्वर्गीय बी.पी मंडल की 42 वीं पुण्यतिथि जनपद शाहजहांपुर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी और उनको याद करते हुए उनके विचारों एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर तनवीर खान ने कहा कि महान समाजवादी बीपी मंडल कमीशन (मण्डल कमीशन) का नाम तो लगभग सभी सुनते रहे हैं वही कमीशन है जिसकी रिपोर्ट के आधार पर केंद्र की नौकरियों में पिछड़े वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित हुआ। इस मौके पर सपा की महापौर प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने कहा कि बीपी मंडल को पिछड़ा वर्ग के नायक के तौर पर याद किया जाता है जिन की सिफारिशों ने वंचित को मुख्यधारा में लाने में बड़ा काम किया। इस मौके पर सपा के निवर्तमान जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव ने कहा कि बीपी मंडल का जन्म 25 अगस्त, साल 1918 को बनारस में हुआ। उनके पिता रासबिहारी लाल मंडल भी राजनीति में सक्रिय थे और वो व्यक्ति थे, जिन्होंने पिछड़ी जातियों के लिए जनेऊ पहनने की मुहिम चलाई थी। इस मौके पर सपा नेता राजेश वर्मा, संजीव वर्मा, विजय सिंह, विकास चंद्र, स्तुति गुप्ता, ओंकार सिंह यादव, अवधेश कुमार पाल, संतोष पाल, हफीज अंसारी,डॉ नवनीत यादव, चौधरी रामकुमार भोजवाल ,अजहर अली खान, मुजीब मलक , शमसुद्दीन मलक, शमशुद्दीन सिद्दीकी,रोहित यादव, इम्तियाज मंसूरी, गुफरान खान, तय्यब खान, जगबीर उर्फ लाला, अखिलेश यादव, आकाश यादव, पिंटू यादव, सर्वेश कुमार, सपा के निवर्तमान जिला सचिव मोहम्मद फैसल, मनोज कुमार यादव, राजा साहब, नाजिम फारुकी, तहसीन खान, आरिफखान आदि मौजूद रहे!

रमजान के पाक महीने में दिल खोलकर गरीबों में बांटे नए कपड़े

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

पवित्र रमजान के महीने में हर साहिबे हैसियत मुसलमान गरीबों की दिल खोलकर मदद करता है। कहा जाता है रमजान बरकतों वाला महीना है और ऐसे में हर साहिबे हैसियत मुसलमान को गरीबों की मदद करनी चाहिए। इसी को लेकर पलिया कला निवासी सपा नेता रेहान खान, चाहे वो कोविड-19 रहा हो या फिर बाढ़ ग्रसित इलाके रहे हों, लगातार गरीबों की मदद करते नजर आते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार के दिन सपा नेता ने अपने आवास पर हजारों की तादाद में महिलाओं व बुजुर्गों को ईद में पहनने के लिए नए कपड़े, ईद में बनाई जाने वाली मीठी सेवईयां व नगद रुपए वितरित किए। छोटे-छोटे बच्चों और बच्चियों को भी ईद के कपड़े व रुपए वितरित किए। महिलाओं और बुजुर्गों के साथ-साथ मासूम बच्चों को कपड़े मिलने के बाद उनके चेहरे खिल उठे। रेहान खान ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि पलिया तराई इलाका है। यहां पर हर साल बाढ़ के चलते लोगों का सब कुछ तबाह और बर्बाद हो जाता है। ऐसे में हम उन तक पहुंच कर उनको जरूरत की राहत सामग्री पहुंचाने का काम करते हैं। इसके साथ गरीबों के परिवार में लड़कियों की शादी या उनके परिवार में इलाज को लेकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं उन्होंने बताया कि आज ईद को लेकर तमाम गरीबों को नए कपड़े बच्चों और बच्चियों के नए सूट इसके साथ ही ईद सामग्री व नगद रुपए वितरित किए। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश है कि गरीबों की मदद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

क्विक न्यूज

टोल फ्री की मांग के लिए किसानों ने नंगे पैर किया प्रदर्शन

बरेली। किसान एकता संघ द्वारा 5 अप्रैल को टोल प्लाजा के 5 किलोमीटर के दायरे में रह रहे किसानों को टोल फ्री किए जाने को लेकर भोजीपुरा टोल प्लाजा पर किसान पंचायत में समझौते को प्रशासन एवं टोल प्लाजा अधिकारियों द्वारा अनदेखी के विरोध में किसान एकता संघ राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ रवि नागर के नेतृत्व में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से नंगे पैर प्रदर्शन करते हुए एसीएम द्वितीय राजीव शुक्ला को दिया ज्ञापन।डॉ रवि नागर ने बताया पिछले दिनों भोजीपुरा टोल पर किसान एकता संघ द्वारा टोल प्लाजा के 5 किलोमीटर स्थानीय किसानों को टोल फ्री किए जाने के संबंध में किसान नेता डॉ रवि नागर के नेतृत्व में भोजीपुरा टोल पर किसान पंचायत हुई थी

जिसमें अधिकारियों से समझौता हुआ था कि 3 दिन के अंदर पुनः हमारी बातों पर कर स्थानीय किसानों के हित में की गई हमारी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेंगे। किंतु आज दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन या टोल प्लाजा अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। जिससे स्थानीय किसानों में रोष है। समझोते की अनदेखी से नाराज किसान नेता रवि नागर ने आज नंगे पैर भरी दोपहरी में, जलती हुई सड़क पर, नंगे पैर पदयात्रा कर अपने विरोध का जिला प्रशासन के सामने प्रदर्शन किया।

लाइब्रेरी व विज्ञान प्रयोगशाला का हुआ लोकार्पण

निघासन-खीरी। विकास क्षेत्र रमियाबेहड अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही में खंड शिक्षा अधिकारी हृदयशंकर लाल श्रीवास्तव द्वारा पुस्तकालय एवं विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया गया। जानकारी के अनुसार विद्यालय में स्थापित फर्नीचर युक्त लाइब्रेरी का संचालन प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश अपने साथी शिक्षक ब्रह्मप्रकाश एवं पुस्तकालय समिति के बच्चों के सहयोग द्वारा किया जाता है। बीईओ हृदयशंकर लाल श्रीवास्तव और एआरपी राममोहन ने पुस्तकालय को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैए इस लाइब्रेरी में विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकों के साथ कोटेदार संतोष कुमार मौर्य ने ढाई हजार रुपए विद्यालय में दानस्वरूप दिए हैं। पुस्तकालय में बच्चों के लिए बालहंस, नन्हे सम्राट, चंपक, बालवाड़ी , कामिक्स, सामान्य ज्ञान की

व्यवस्था है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विभिन्न प्रकार की पुस्तकें प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश द्वारा उपलब्ध कराई गई है जो बच्चों को निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं इसके अलावा विद्यालय में नियमित रूप से न्यूज पेपर भी आता है। इसके अलावा विद्यालय में निर्मित प्रयोगशाला में भौतिक ए रसायन और जीवविज्ञान संबंधी प्रयोगात्मक सामग्री भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। बच्चों द्वारा समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए साथ ही साथ स्वास्थ्य जागरूकता , चित्रकला, वाद विवाद , रंगोली, मेंहदी, श्रुतिलेख, खेलकूद , राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार अंतर्गत ब्लॉक, जिला तथा मंडल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्टार ऑफ द ईयर के रूप में विभिन्न प्रकार की सामग्री, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है । मंडल स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर मेडल और प्रशस्ति पत्र बेसिक शिक्षा मंत्री से प्राप्त करने वाली छात्रा नैंसी चक्रवर्ती एवं अन्य प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बादल, प्रिया , अजीत, कविता आदि को मेडल देकर सम्मानित किया जा चुका है। विद्यालय में आयोजित बृहद नामांकन मेला आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र मौर्य , प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शशिकांत वर्मा उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उमेश चौरसिया, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामगोपाल मौर्य , वरिष्ठ शिक्षक राकेश प्रताप, संकुल शिक्षक पवन कुमार मौर्य , आरपी राममोहन , अनीता मिश्रा, एसआरजी अनुपमा मिश्रा के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा । कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर राय ने किया । इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश ने आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया।

राष्ट्रीय अवसंरचना विकास को अग्नि सुरक्षा में जागरूकता

बरेली। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फायर स्टेशन सिकलापुर में शहीद अग्निशमन जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी व जन जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए दिनांक 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाये जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक

नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बरेली , मुख्य अग्निशमन अधिकारी, बरेली व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहें ।

करंट लगने से झुलसे फैक्ट्री कर्मचारी की मौत

बरेली। प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते समय करंट लगने से झुलसे एक कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन भिटौरा के पास रहने वाले 22 वर्षीय सूरज पुत्र वीरपाल की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सूरज परसाखेड़ा स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था और रविवार को काम के दौरान फैक्ट्री में ही करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया था सूचना मिलने पर फैक्ट्री पहुंचे घर वालों ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 6 भाई बहन थे उसकी मां का नाम जशोदा देवी है पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

श्मशान भूमि के पास मिला नर कंकाल

बरेली। श्मशान भूमि के पास खेत में काम कर रहे किसानों को एक नर कंकाल पड़ा वह दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया किसानों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने नर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हाफिजगंज थाना क्षेत्र में श्मशान भूमि के पास स्थित प्रभु दयाल गुप्ता के खेत में मजदूर गेहूं की फसल काट रहे थे इस दौरान उन्होंने खेत में एक नर कंकाल को देखा जिसे देखकर हड़कंप मच गया तुरंत ही उन लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई कंकाल काफी पुराना बताया जा रहा है क्योंकि शरीर पूरी तरह से सड़ चुका था शरीर के कपड़े उधड़ चुके थे पुलिस ने कंकाल की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली उसके बाद पंचनामा भरकर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी ।

पुलिस चौकी गोला तालाबंदी का शिकार

संवाददाता। गोलागोकर्णनाथ खीरी

जनपद खीरी का प्रमुख शहर गोला गोकर्णनाथ खीरी में उच्च अधिकारियों की उपेक्षा व लापरवाही के चलते सबसे पुरानी व कोतवाली की पहली पुलिस चौकी गोला में तालाबंदी का आलम यह है कि पुलिस चौकी की कुर्सी व पंखा तक चोरी हो चुका है जबकि यह पुलिस चौकी पहले कोतवाली के ठीक पहले, बाद में विकास चौराहे पर इसके बाद दुमंजिला बनी पुलिस चौकी को रातों रात गिराकर मलबा हटाया गया। जब सुबह पुलिस चौकी गायब देखकर आसपास के व्यापारी व पत्रकार तथा प्रमुख नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से बातचीत की तब जांच व आनन फानन में पुलिस ने एक टीन का कमरा बनाकर पुलिस चौकी संचालित होने लगी। इसके बाद पुलिस चौकी पर रखी गई कुर्सियां व बिजली पंखा व अन्य सामान चोरी हो गया। अभी हालात ये है कि पुलिस चौकी पर तालाबंदी हो चुकी है व इसके क्षेत्र में मोहल्ला कुम्हार टोला व पश्चिमी दीक्षिताना में खुलेआम कच्ची शराब व नशीला पदार्थ चिप्पड़ बिक रहा है। इसी पुलिस चौकी के बदनाम ग्राम कोंधवा में कच्ची शराब की मंडी लगती है और पियक्कड़ों को सुविधा के लिए चाट पकौड़ी की दुकानें सजती है। ऐसा नहीं है कि गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मालूम नहीं है पर हफ्ता वसूली के चलते छापामार कार्रवाई बंद रहती है जब उच्चाधिकारियों का दवाब आता है तब शराब का उत्पादन व बिक्री करने वालों को बुलाकर कागज में गिरफ्तारी व चालान दिखाकर निजी मुचलके पर रिहा कर दिया जाता है। नागरिकों ने पुलिस चौकी गोला की बंदी को समाप्त कर बहाल करने व बढ़ते अपराध व नगर व बदनाम ग्राम कोंधवा, बहेरा से कच्ची शराब का गोरख धंधा बंद कराने, मादक पदार्थ की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। गौरतलब हो कि नगर का सबसे महत्वपूर्ण विकास चौराहा पर से जनपद व लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारियों का आवागमन होता है उस समय पुलिस सक्रिय हो जाती है बाद में फिर हालात पहले जैसे बन कर रह जाते हैं और यह चौराहा जाम के जाम में फंसकर रह जाता है और अपराध व अपराधियों की पौ बारह बनी रहती है। देखना यह है कि पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ कब कोतवाली गोला का औचक निरीक्षण करते है और पुलिस चौकी गोला की तालाबंदी खत्म कर कागजों में तैनात पुलिस चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मियों को पुलिस चौकी पर तैनात करने में सफल होते हैं, इसको लेकर नागरिक आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं।

धूमधाम से याद किए गए डॉ भीमराव अंबेडकर

संवाददाता। शाहजहाँपुर

भारतीय संविधान के निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आवास विकास कॉलोनी स्थित अम्बेडकर पार्क एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में स्थित पार्क में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बाबा साहब द्वारा अपने जीवनकाल में किए गए कार्यों को याद किया गया तथा देश के प्रत्येक नागरिक से भारतीय संविधान को आत्मसात करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व का पल है डा अंबेडकर ने सिर्फ एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि हर समाज के लिए कार्य किया और उनको उनके अधिकार दिलाएं। संविधान लिखने का श्रेय डॉ अंबेडकर को ही जाता है। उन्होंने पूरे समाज के लिए काम किया और वह बहुत बड़े विद्वान थे। प्रांतीय जूनियर हाई स्कूल अनुदेशक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री ने कहा कि डॉक्टर साहब के पद चिन्हों पर हम सभी को चलना चाहिए और उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करें क्योंकि परिस्थितियां कितनी भी विकट हों आगे बढ़ने वाले व्यक्ति को रोक नहीं सकती। इसलिए अंबेडकर की तरह सभी पढ़ लिख कर आगे बढ़ें। उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

सर्व समाज के उत्थान के लिए कार्य करते थे बाबा साहब

पूर्व माध्यमिक विद्यालय मालूपुर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस को बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जन शिक्षण संस्थान,शैक्षिक स्टाफ बच्चे और तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि डॉ अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल सन् 1891 में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया और सिद्ध कर दिया कि कोई भी व्यक्ति छोटा नहीं होता। विभिन्न विपत्तियों से निपटते हुए उन्होंने देश का संविधान लिखा। उन्होंने सदैव दलित वंचित लोगों के लिए कार्य किया और महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने में अहम भूमिका निभाई हम सभी को उनके आदेशों का पालन करना चाहिए।

एडीएम ने नामांकन कक्षों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

- नामांकन प्रक्रिया के दौरान सतर्क दृष्टि रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए।
- निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद लखीमपुर के लिए कलेक्ट्रेट में बनाए गए नामांकन कक्षों का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। एडीएम ने नामांकन कक्ष में मौजूद आरओ/एआरओ से नामांकन की अद्यतन स्थिति जानी। निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान मा. राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नामांकन परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सतर्क दृष्टि रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए। इस दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, एसडीएम विधेश, धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। नपाप लखीमपुर के लिए अध्यक्ष पद हेतु 05 व सदस्य पद हेतु 13, नपं खीरी टाउन के लिए अध्यक्ष पद हेतु शून्य, सदस्य पद हेतु 12, नपं ओयल में अध्यक्ष पद हेतु 01 एवं सदस्य हेतु 04 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। नपाप गोला गोकर्णनाथ के लिए अध्यक्ष पद हेतु सात, सदस्य पद के लिए 29 नामांकन पत्र एवं नपं मैलानी के अध्यक्ष पद के लिए 01, सदस्य पद हेतु 05 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप पलियाकला के लिए अध्यक्ष पद हेतु 01, सदस्य पद हेतु 26 एवं नपं भीरा के अध्यक्ष पद हेतु 01 एवं सदस्य पद हेतु 08 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप मोहम्मदी के लिए अध्यक्ष पद हेतु 01 नामांकन पत्रए सदस्य पद हेतु 27 नामांकन पत्र एवं नगर पंचायत बरबर के अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु सात नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं धौराहरा के अध्यक्ष पद हेतु 02 एवं सदस्य पद हेतु 13 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं निघासन के अध्यक्ष पद हेतु शून्य व सदस्य पद हेतु 24 एवं नपं सिंगाही के अध्यक्ष पद हेतु दोए सदस्य पद हेतु 14 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नगरीय निकाय अध्यक्ष पद के लिए ओयल 03, मैलानी 02, धौराहरा 04, खीरी टाउन, गोला एवं लखीमपुर 01-01 नामांकन पत्र दाखिल हुआ। वही सदस्य पद के लिए नगरीय निकाय खीरी टाउन में 15, ओयल 10, गोला .28, मैलानी 06, धौराहरा 24, निघासन 16, सिंगाही 31, मोहम्मदी 15, बरबर 01, पलिया 25, भीरा 05 लखीमपुर 19 नामांकन पत्र दाखिल हुए।

बहुजन श्रंखला दिवस के रूप में मनाया गया बाबा साहेब का जन्मदिन

संवाददाता। बरेली

डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समिति ने बहुजन श्रंखला महोत्सव के अंतिम दिन अंबेडकर पार्क कोतवाली के सामने बड़े हर्षोल्लास से मनाया। धीरेंद्र सिंह सचान विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन, डॉ महेंद्र देव (शिक्षा निदेशक) वरिष्ठ पी ई एस के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। धीरेंद्र सिंह सचान ने अपने संबोधन में बाबासाहेब के द्वारा बनाए गए भारतीय संविधान में दिए गए कर्तव्य पर प्रकाश डाला और मुख्य अतिथि डॉक्टर महेंद्र देव ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सागर एवं डॉ राम मनोहर राव ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आरके गौतम (वरिष्ठ पीसीएस) बदायूं , व सोगारू प्रधान (जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली) उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सम्मान समिति के मुख्य संरक्षक ब्रह्म स्वरूप सागर एवं बच्चू लाल ने पंचशील का फटका पहना कर किया। इसके अलावा अतिथियों का स्वागत समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह मुंडे, रणवीर सिंह, डॉक्टर छोटेलाल, भानु प्रताप सिंह (प्रधानाचार्य), यशवंत सिंह अंबेडकर, वेद प्रकाश बाल्मीकि ने माला पहना कर किया। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत समिति के महासचिव राजेश सागर, रमेश चंद्र, भानु प्रताप सिंह, युवराज सिंह गौतम, आरके राव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, रोमी सागर, कालीचरण व ताराचंद चौधरी ने किया। कार्यक्रम में शहर के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

श्रद्धापूर्वक मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

संवाददाता। फतेहपुर

संविधान निर्माता, बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयन्ती के अवसर पर सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति, अपर

● धूमधाम से निकाली गईं झांकियां, जगह जगह हुआ स्वागत

जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनय पाठक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप ने सयुंक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट परिवार के अनेक पटलों के सहायकों ने भी बाबा साहब को नमन किया। उधर विभिन्न संगठनों की ओर से जयंती पर झांकी यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अंबेडकर पार्क से झांकी यात्रा की शुरूआत हुई जो शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कर पुन: कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाप्त हुई।

तत्पश्चात संगठनों के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कई स्थानों पर गोष्ठियों का आयोजन कर उनके जीवन पर सूक्ष्म परिचय देकर उनके संकल्पों पर चलने का एक बार फिर से संकल्प लिया गया। डा. बाबा साहब अंबेडकर विकास समिति ने शहर के विभिन्न मोहल्लों से शोभा यात्रा निकाली। यात्रा अपने निर्धारित मार्गों पर भ्रमण करने के पश्चात अंबेडकर पार्क में ही समापन किया गया। इस दौरान नगर सहित क्षेत्र भर के हजारों नव युवकों सहित बुजुर्ग महिलाएं तथा बच्चे डीजे की धुन में थिरकते नजर आए। वहीं जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। जुलूस के गुजरने वाले मार्गों पर जगह जगह स्टॉल लगाए बैठे लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। इसी प्रकार मौदहा में संविधान निर्माता तथा विधिवेत्ता डॉ अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

चित्रकूट में धूमधाम से मनाई गई डॉ अम्बेडकर की 132वीं जयंती

चित्रकूट। जिले में धूमधाम से डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। भारी तामझाम से जुलूस निकालकर अम्बेडकर वादियों ने जयंती मनाई। अम्बेडकर वादियों को जूस व शरबत पिलाकर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने स्वागत किया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने डॉ अम्बेडकर के जीवन एवं कृतित्व पर रोशनी डाली। इसी क्रम में जिले के सभी थानों में अम्बेडकर जयंती मनाई गई। डॉ अम्बेडकर जयंती समिति के अध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध ने जिले में जुलूस निकालकर धूमधाम से अम्बेडकर जयंती मनाई। इस मौके पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता आदि ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आवाहन किया।

बाबा साहब की जयंती पर विशाल जुलूस निकालकर दिया संदेश

हमीरपुर। भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर नगर में शुक्रवार को ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया जिसमें सर्व समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए जुलूस का दृश्य मनमोहक बना दिया। यह जुलूस मीरा तालाब स्थित अंबेडकर पार्क से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए स्टेशन तिराहे के पास स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचा तत्पश्चात वहां से बाजार होते हुए दोबारा अपने मुकामी स्थल पर पहुंचकर बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों द्वारा एक विशाल जनसभा को संबोधित कर जुलूस का समापन किया गया। इसी प्रकार भाजपा कार्यालय में भी अंबेडकर जयंती मनायी गयी। सर्व समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बाबासाहेब के चरित्र पर प्रकाश डाला गया

एटीएम जालसाजों को पकड़कर पुलिस ने बरामद की एक लाख से अधिक रकम

● एटीएम बूथों पर मदद के बहाने पिनकोड जानकर बदल देते थे एटीएम कार्ड

संवाददाता। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश में अपराधों पर अंकुश लगाने को की जा रही कार्रवाई के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस ने एटीएम से फ्रॉड कर दो घटनाओं का खुलासा कर दो अन्तर्राज्यीय जालसाजों को दबोचकर चोरी के 117000 रुपये, तमंचा, कारतूस व बिना नम्बर की मोटरबाइक बरामद की है।

ज्ञात है कि 13 अप्रैल को निरीक्षक अजीत पाण्डेय की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि पटेल तिराहे से बिना नम्बर की होण्डा साइन मोटरबाइक पर सवार श्यामलाल पुत्र अच्छेलाल चौधरी निवासी देवेन्द्रनगर थाना पन्ना मप्र व रामप्यारे चौधरी पुत्र कल्ला प्रसाद चौधरी निवासी नोनगरा थाना सिंहपुर जिला सतना मप्र को दबोचा। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 117000 रुपये व तमंचा 315 बोर, कारतूस, दो कीपैड मोबाइल बरामद किये। कडाई से पूंछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दोनों ने 18 दिसम्बर 2022 को आर्यावर्त बैंक शाखा कर्वी तथा छह फरवरी 2023 को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कर्वी के एटीएम बूथों से ग्राहकों के एटीएम कार्ड बदलकर पिन कोड नम्बर देखकर छल करके खातों से रुपये निकाले थे। अभियुक्तों ने बताया कि बरामद रुपये छह फरवरी व 18 दिसम्बर को ग्राहकों से छल करके कुल 134000 रुपये निकाले थे।

जिनमें 117000 रुपये बचे हैं। शेष रुपये खर्च कर डाले। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। जगह बदलकर सीधेसादे लोगो को एटीएम बूथ से पैसा निकालने में मदद के बहाने पिनकोड जानकर एटीएम कार्ड बदल देते है। बाद में वहां से हटकर ग्राहक सेवा केन्द्रों पर जाकर एटीएम कार्ड के सहरे पैसा निकालते रहे हैं।

पेयजल संकट से निपटने के लिए जिलाधिकारी ने बनाई रणनीति

चित्रकूट। हीट वेब एक्शन प्लान के अंतर्गत बढ़ती गर्मी एवं मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी एडवाइजरी के दृष्टिगत वर्ष 2023 में जनपद चित्रकूट पेयजल की समस्या से निपटने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पेयजल की समस्या रहती है कहा कि जो हैंड रिबोर की स्थिति में है उसको चेक करा कर रिबोर कराएं, यह भी कहा कि ब्लॉक वाइज एक रजिस्टर भी बनाएं, जिस पर नोट करते रहें । उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि कि कितने ऐसे हैंड पंप है जिसको रिबोर कराने से पानी आ जाएंगे इसे सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिस ब्लॉक में समस्या है उसका समाधान कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि इस सम्बन्ध सभी खंड विकास अधिकारियों से डाटा कलेक्ट कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी तक एक्टिव रहने की जरूरत है किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए जहां हैंडपंप खराब है उसको मरम्मत कराकर चालू कराएं । उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों से यह भी कहा कि जेई के भरोसे न रहकर आप लोग क्षेत्र में जाकर समस्या को देखें और निस्तारण कराएं। उन्होंने सभी उप जिला अधिकारियों से कहें कि अपने तहसीलदार, नायब तहसीलदार से कहकर क्षेत्रों में विजिट करते रहें। टैंकर की व्यवस्था एक्टिव रहनी चाहिए उन्होंने यह भी कहा जहां पानी की अधिक आवश्यकता रहती है वहां पर टैंकरों की संख्या भी बढ़ाएं। चरही के संबंध में उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि चरही जो टूटी फूटी है उसका रिपेयर करा कर उसमें पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

जल स्तर गिरने से पाठा में गहराया पेयजल संकट

चित्रकूट। बीते वर्षों की भांति इस साल भी पाठा क्षेत्र के गोपीपुर गांव में पेयजल संकट है। तीन दशक से संकट दूर नहीं हो रहा। प्रशासन हर वर्ष कुआ, हैण्डपम्प से जलापूर्ति के दावे करता है, लेकिन स्थायी रूप से संकट दूर नहीं हो पा रहा। प्रत्येक वर्ष गर्मी कहर बरपा कर चली जाती है। वर्षा आने पर पेयजल संकट टल जाता है, किन्तु गर्मी आने पर खड़ा हो जाता है। गोपीपुर गांव में तीन दशक बाद भी पेयजल संकट का निदान नहीं हो पा रहा है। समय-समय पर सतही साधनों से सार्थक समाधान न होने से गोपीपुर गांव उजड़ने की कगार पर है। जल संकट जिले के पठारी क्षेत्र की नियति बन चुकी है। अमचुर नेरुवा, बगरहा, भेंड़ा, केकरामार, टिकुरी, कोटा कंदैला आदि गांव हैं, जिनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। अमचुर नेरुवा, छोटे दादू लैण्ड मारकुण्डी के पास का आदिवासी कोलों का लगभग 70 परिवारों का एक उपेक्षित गांव है। लगभग 500 आबादी में पढ़ने योग्य 170 बालक-बालिकायें हैं। इस गांव के स्कूल को गांव से डेढ़ किमी दूर बनाया गया है, ताकि आदिवासी कोल पढ़-लिख न सकें।

पुलिस ने किया अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

जहानाबाद थाना क्षेत्र के पाताली देवी मंदिर को जाने वाली रोड से पूर्व दिशा में बने एक पुराने मंदिर के समीप जंगल में काफी समय से चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का क्षेत्रीय पुलिस व स्वाट टीम प्रथम ने भंडाफोड़ करते हुए अवैध असलहों का जखीरा व उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में फैक्ट्री संचालक को पुलिस ने दबोच लिया। एसपी ने इस कामयाबी पर पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपये का ईनाम दिये जाने की घोषणा की है।

पत्रकारों को पुलिस लाइन के सभागार में जानकारी देते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जहानाबाद थानाध्यक्ष व स्वाट टीम प्रथम के प्रभारी क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर

● फैक्ट्री मालिक पर दर्ज हैं आधा दर्जन से अधिक मुकदमे

● सफलता पर एसपी ने पुलिस टीम को दिया 25 हजार रुपए ईनाम

पाताली देवी मंदिर को जाने वाली रोड से पूर्व दिशा में बने एक पुराने मंदिर के समीप जंगल में काफी समय से चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री पर टीम ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके से फैक्ट्री संचालक संतोष पाल पुत्र सुंदर पाल निवासी ग्राम गड़रियन की अडार मजरे जमरावां थाना हुसैनगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने फैक्ट्री से 23 तमंचे, दो कारतूस, एक मोबाइल की-पैड समेत अवैध असलहा बनाने का सामान बरामद किया है। एसपी ने बताया कि संतोष पाल अवैध असलहा बनाने का कारीगर है जो अवैध असलहा बनाने में पूर्व में कई बार जेल जा चुका है। जो जेल से छूटने के बाद पुन: इसी कार्य में व्यस्त हो जाता है। अभियुक्त के खिलाफ हुसैनगंज थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

क्विक न्यूज

घायल प्राइवेट एंबुलेंस चालक की इलाज के दौरान मौत

फतेहपुर। जिला अस्पताल में भर्ती एक प्राइवेट एंबुलेंस चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के ताला थाना क्षेत्र निवासी राम किशन का 34 वर्षीय पुत्र गुड्डू माली 15 वर्षों से परिवार सहित गुजरात प्रांत में बलसाल जिले के वापी गाँव में निवास कर रहा था। वहीं पर प्राइवेट एंबुलेंस चला कर अपना व परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। गुजरात प्रांत से सिद्धार्थनगर के लिए एंबुलेंस से मरीज को लेकर गया था। उसके साथ एक दूसरी एंबुलेंस भी थी जो गोंडा जनपद गई थी। दोनों मरीजों को छोड़ कर वापस गुजरात वापस जा रहे थे। तभी रायबरेली जिले के लालगंज के समीप गुड्डू माली को गाड़ी चलाते समय अचानक झपकी लग गई। जिससे उसकी एंबुलेंस अनियंत्रित होकर खंती में चले जाने लगी तो खुद को बचाने के लिए उसने चलती गाड़ी से कूदने का प्रयास किया। जिससे वह काफी दूर तक घिसटता हुआ चला गया।

चार को दबोच भारी मात्रा में शराब की बरामद

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 55 क्वार्टर देशी शराब व 18 बीयर की कैन बरामद की है। शुक्रवार को चौकी प्रभारी सरैंया चद्रमणि पाण्डेय की टीम ने अंजू उर्फअखिलेश कुमार पुत्र घनश्याम पटेल निवासी उड़कीमाफी थाना रैपुरा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत दबोचा। अभियुक्त के खिलाफ मानिकपुर थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चन्द्रमणि पाण्डेय, सिपाही दशरथ राम, सिपाही चन्द्रभूषण राय शामिल रहे। सरधुवा थाने के दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने विनय कुमार पुत्र कृष्णचन्द्र निवासी ओमनगर चिल्लीमल को 18 बीयर की केन के साथ दबोचा है। उसके खिलाफथाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही धर्मेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

तमंचा-कारतूस के साथ तीन को दबोचा

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शुक्रवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तमंचा-कारतूस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार राव अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर रमेश पटेल पुत्र स्व. राम सजीवन निवासी बैरागी का पुरवा को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। इसी प्रकार हथगाम थाने के उपनिरीक्षक राम सिंह यादव ने गश्त के दौरान अय्यूब पुत्र रसूल निवासी कुर्मियान का डेरा मजरे पट्टीशाह को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

सरधुवा पुलिस ने पकड़ा जिला बदर अपराधी

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सरधुवा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने जिला बदर अपराधी को दबोचा है। शुक्रवार को सरधुवा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह गश्त पर थे। उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर शिवभरत पुत्र बाबू उर्फबउवा निवासी पनौटी अपने गांव में घूम रहा है। जिला बदर के आदेश का जिलाधिकारी के उल्लंघन करने पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस पर गुंडा एक्ट का मामला दर्जकर जेल भेजा है। टीम में सरधुवा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह व सिपाही अमित सिंह शामिल रहे। इसी क्रम में बहिलपुरवा थानाध्यक्ष गुलाबचन्द्र सोनकर की टीम ने वांछित शंकर पुत्र रामलाल निवासी छीतूपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में बहिलपुरवा थानाध्यक्ष गुलाबचन्द्र सोनकर के साथ सिपाही शक्ति सिंह व अभिनेश पाल शामिल रहे।

ट्रेन में मिले अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त

फतेहपुर। रेलवे स्टेशन पर तीन दिन पूर्व जीआरपी ने ट्रेन से एक 62 वर्षीय महिला का शव स्टेशन पर उतारा था। जिसको शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया था। आज शव की शिनाख्त उसके पुत्र पंकज साहू ने अपनी माँ के रूप में करते हुए बताया कि यह बिहार प्रान्त भोजपुर जिले के बेहराडोबा निवासी एकराम साहू की 62 वर्षीय पत्नी सरिता देवी का शव है। जो अपने छोटे बेटे सरवन साहू के यहां अहमदाबाद गईं थी। वहाँ इनको तीन दिन पूर्व अपने बड़े बेटे की मौत की खबर मिली तो वह वहां से ट्रेन द्वारा बिहार भोजपुर वापस जा रही थी। तभी रास्ते मे इनकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव को फतेहपुर जनपद के रेलवे स्टेशन पर उतार लिया था और जब वह घर नहीं पहुंची तो जानकारी करने पर पता चला कि एक अज्ञात महिला का शव ट्रेन में मिला था। जिसको फतेहपुर जीआरपी ने ट्रेन से उतार कर शिनाख्त के लिए रखा हुआ है।

धूमधाम से मनाया खालसा पंथ का स्थापना दिवस

संवाददाता। फतेहपुर

शहर के रेल बाजार रोड स्थित गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा में शुक्रवार को खालसा पंथ का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वक्ताओं ने खालसा पंथ की स्थापना पर जहां विस्तृत प्रकाश डाला वहीं गुरुद्वारा परिसर में आयोजित लंगर का प्रसाद सभी ने छका।

ज्ञानी परमजीत सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने अपने पिता गुरु तेग बहादुर के बाद मुगल सम्राट औरंगजेब के इस्लामी शरीयत शासन के दौरान खालसा परंपरा शुरू की थी। गुरु गोविंद सिंह ने धार्मिक उत्पीड़न से निर्दोषों की रक्षा करने के कर्तव्य के साथ खालसा को एक योद्धा के रूप में बनाया और शुरू किया। खालसा की स्थापना ने सिख परंपरा में एक नया चरण शुरू किया। इसने खालसा के लिए एक दीक्षा समारोह (अमृत संस्कार, अमृत समारोह) और आचरण के नियम तैयार किए योद्धा की। इसने सिखों के लौकिक नेतृत्व के लिए एक नई संस्था का निर्माण किया। जिसने पहले की मसंद प्रणाली को बदल दिया। इसके अतिरिक्त खालसा ने सिख समुदाय के लिए एक राजनीतिक और धार्मिक दृष्टि प्रदान की। दीक्षा लेने पर एक खालसा सिख को सिंह (पुरुष) का अर्थ शेर और कौर (महिला) का अर्थ राजकुमारी दिया जाता है। जीवन के नियमों में एक व्यवहार संहिता शामिल है जिसे राहित कहा जाता है।

इस मौके पर लाभ सिंह, परमिंदर सिंह, कुलजीत सिंह सोनू, वरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, सिमरन सिंह, कुलजीत सिंह के अलावा महिलाओं में जसवीर कौर, हरविन्दर कौर, हरजीत कौर, प्रीतम कौर, मंजीत कौर, गुरप्रीत कौर, खुशी, सिमरन कौर, हरमीत कौर उपस्थित रहे।

बस से टकराया डम्पर चालक व सवारियां घायल

फर्रुखाबाद। बीती रात्रि रोडबेज बस को डम्पर नें जोरदार टक्कर मार दी जिससे रोडबेज पेड़ से टकरा गयी । वहीं अनियंत्रित डम्पर नाले में घुस गया। दुर्घटना में लगभग रोडबेज में बैठी आधा दर्जन सबारियों व चालक.परिचालक के चोट आयीं परिचालक अखिलेश सिंह ने थाने में डंपर के अज्ञात चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। शाहजहांपुर डिपो की बस मथुरा से गौरीफंटा अड्डे से 50 सबारियों को लेकर जा रही थी। इटावा बरेली हाईवे पर रोहिला चौराहे पर जहानगंज मार्ग से तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने रोहिला चौराहे पर बस के बीच में टक्कर मार दी, जिससे अनियंत्रित हुई बस रोहिला चौराहे से नवाबगंज रोड की तरफपेड़ से टकरा गयीद्य डम्पर भी पास के ही नाले में घुस गया। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घायल सवारियों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। अन्य सवारियों के लिए अगल गस की व्यवस्था कर उन्हें पुन: रवाना किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निगरानी टीम का गठन

चित्रकूट। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय अभिषेक आनन्द ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में नगरी निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में वाहनों और व्यक्तियों के चेकिंग भारी मात्रा में लाए जाने वाले नकदी अवैध शराब कोई संदेहास्पद वस्तु या वस्त्रों इतिहास की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए निगरानी टीम गठित की गई है।

जिसमें नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी ट्राद्विक्त्र चौराहा कर्वी में प्रात: 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक मनीष कुमार अपर सांख्यिकी अधिकारी मोबाइल नंबर 8005233 545, अपराह्न 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक बाबूलाल सिंह यादव अपर सांख्यिकी अधिकारी मोबाइल नंबर 9452170792, रात्रि 10 बजे से पूर्वान्ह 6 बजे तक कृष्ण कुमार सिंह अपर सांख्यिकी अधिकारी मोबाइल नंबर 9450635500, निर्मोही अखाड़ा सीतापुर कर्वी चित्रकूट में पूर्वान्ह 6 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चंद्रप्रकाश सिंह अपर सांख्यिकी अधिकारी मोबाइल नंबर 9450139248, अपराह्न 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक हरिहर प्रसाद पांडे अपर सांख्यिकी अधिकारी मोबाइल नंबर 8090022417, रात्रि 10 बजे से पूर्वान्ह 6 बजे तक मनोज कुमार त्रिपाठी अपर सांख्यिकी अधिकारी मोबाइल नंबर 9807139919 है। नगर पंचायत राजापुर में लूप लाइन चौराहा राजापुर पर पूर्वाह्न 6 बजे से अपराह्न 2 बजे तक धर्मेंद्र यादव सहायक विकास अधिकारी पंचायत कर्वी मोबाइल नंबर 8057901011, अपराह्न 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक रूपनारायण सहायक विकास अधिकारी पंचायत पहाड़ी मोबाइल नंबर 7985247082, रात्रि 10 बजे से पूर्वान्ह 6 बजे तक देवेंद्र कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामनगर मोबाइल नंबर 6387558383 है।

पेज एक का शेष

श्रेय पाने...

पढ़ाई दोनों सुविधा शुरु हो चुकी है। कुल 1123 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित, एम्स गुवाहाटी 30 आयुष बिस्तरों सहित 750 बिस्तरों वाला एक अत्याधुनिक अस्पताल है। इस अस्पताल में हर साल 100 एमबीबीएस के छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता होगी। यह अस्पताल उत्तर पूर्व के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने तीन प्रतिनिधि लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड वितरित कर आपके द्वार आयुष्मान अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इसके बाद राज्य के सभी जिलों में लगभग 1.1 करोड़ एबी-पीएमजेएवाई कार्ड वितरित किए जाएंगे। मोदी ने असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट (एएएचआईआई) का शिलान्यास भी किया।

सीबीआई ने...

या आरोपी के रूप में तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मुख्यमंत्री से गवाह के तौर पर सवालों के जवाब देने की उम्मीद की जाती है। सीबीआई ने अपने मुख्यालय के आसपास एक विस्तृत सुरक्षा व्यवस्था की है और इसलिए रविवार को पूछताछ का दिन रखा गया, क्योंकि इस दिन आसपास के कार्यालय बंद रहते हैं। सिसोदिया को एजेंसी मुख्यालय में बुलाए जाने पर भी एजेंसी ने यही रणनीति अपनाई थी, जहां हिरासत में लिए जाने से पहले उनसे आठ घंटे तक पूछताछ की गई थी। सीबीआई ने पिछले साल 25 नवंबर को सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, लेकिन उसने मुख्य आरोपी सिसोदिया के खिलाफ जांच खुली रखी थी। इस बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सीबीआई ने अडाणी मुद्दे पर बोलने के कारण दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को तलब किया है और जोर दिया कि ऐसे नोटिस से भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई नहीं रुकेगी।

2025 के...

दूं कि नरेन्द्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बंगाल के लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव में हमें 77 सीटें देकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा, हमें पश्चिम बंगाल में 35 से अधिक लोकसभा सीटें दें, और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि भ्रष्ट टीएमसी सरकार 2025 से आगे नहीं टिक पाएगी। ममता बनर्जी सरकार 2026 में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करने वाली है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल की थी। बाद में शाम को कोलकाता में दक्षिणेश्वर काली मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे शाह ने राज्य में लोकसभा की 35 सीटें जीतने का भरोसा जताते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों में देश भर में 300 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेंगे। भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी और सीबीआई द्वारा तृणमूल मंत्रियों और नेताओं की गिरफ्तारी पर पार्टी की आलोचना करते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को खुद पर शर्म आनी चाहिए। इस आलोचना पर कि केंद्रीय एजेंसियों ने राजनीतिक कारणों से टीएमसी को निशाना बनाया है, शाह ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार और लूट में लिप्त हैं, वे अंतत: जेल में बंद होंगे।

पायलट प्रकरण...

रंधावा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट के अनशन प्रकरण को लेकर बृहस्पतिवार को पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक की थी। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से भी इस विषय पर चर्चा की। रंधावा ने बुधवार को कहा था कि पायलट ने मुद्दा सही उठाया है, लेकिन उनका तरीका गलत था। उन्होंने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस से जुड़े पहले के कई घटनाक्रमों के संदर्भ में यह भी कहा था कि पहले कई बार कार्रवाई होनी चाहिए थी जो नहीं हुई, लेकिन अब अनुशासनहीनता को लेकर कार्रवाई होगी। दूसरी तरफ, पायलट के करीबी नेताओं का कहना है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करना पार्टी विरोधी गतिविधि कैसे हो गई।

तिहाड़ में...

के मुताबिक प्रिंस और उसके साथियों ने अताउर्रहमान पर हमला कर दिया। इसके बाद रहमान के समर्थकों ने प्रिंस के साथी विनय और बॉबी को काबू कर प्रिंस पर चाकू तथा सुएं से ताबड़तोड डेढ़ दर्जन वार किए। प्रिंस को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जबकि विनय, बॉबी, उताउर्रहमान और उसके साथी का इलाज चल रहा है। प्रिंस का गिरोह दक्षिणी दिल्ली में सक्रिय था। इसके गिरोह ने दिल्ली का दाऊद नाम से मशहूर हाशिम बाबा से हाथ मिला लिया था। दिसंबर 2022 में लूट के मामले में तिहाड़ पहुंचे प्रिंस ने वहां पहले से बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से दोस्ती कर ली। जेल से ही वह अपना नेटवर्क खड़ा करने लगा था।

भाजपा किसान...

किसान मोर्चा के अध्यक्ष थे और पूर्व निगम पार्षद भी रह चुके थे। इस मामले में द्वारका जिला के पुलिस उपाध्याक्ष एम हर्षवर्धन ने कहा कि हमलावरों का सुराग लगाने की कोशिश की जा रही है। यह अभी साफ नहीं है कि हमला क्यों किया गया।

चन्नी विजिलेंस...

पहले 20 अप्रैल को बुलाया था, लेकिन बाद में 14 अप्रैल निर्धारित कर दी। पिछले महीने ब्यूरो ने पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था।

दया याचिकाओं...

पर राज्य/राज्य के राज्यपाल की ओर से फैसला करने में असामान्य और अस्पष्ट देरी हुई थी और याचिका को करीब सात साल एवं दस महीने तक लंबित रखा गया था। एक निचली अदालत ने 2001 में कोल्हापुर में 13 बच्चों के अपहरण और नौ बच्चों की हत्या के लिए उन्हें मौत की सजा सुनाई थी और उच्च न्यायालय ने 2004 में उसकी पुष्टि की थी। शीर्ष अदालत ने 2006 में उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा था। बाद में, उनकी दया याचिकाओं को राज्यपाल ने 2013 में और राष्ट्रपति ने 2014 में खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय के आदेश में कोई भी हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने के दौरान अपराध की गंभीरता पर विचार किया जा सकता है।

कड़ी सुरक्षा...

अशरफ को पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। एसटीएफ और एटीएस की स्पेशल टीमों ने शुक्रवार को दोनों से धूमनगंज थाने में कई घंटों तक पूछताछ की। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान कुछ अहम सुराग मिलने के बाद अतीक और अशरफ को पुलिस टीम अपने साथ कौशाम्बी ले जाने के लिए निकली थी। सूत्रों का कहना है कि रास्ते में अतीक की तबीयत कुछ खराब होने के बाद टीम दोनों को लेकर मोती लाल मंडलीय चिकित्सालय ले गई। जहां दोनों का मेडिकल चेकअप कराया गया। झांसी में मारे गए असद और गुलाम के शवों का पोस्टमार्टत तीन डाक्टरों के पैनल से कराया गया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम की पूरी कार्रवाई बृहस्पतिवार की देर रात ढाई बजे तक चली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार असद को दो गोलियां लगी थीं। एक गोली पीछे पीठ की ओर से लगकर दिल और सीने को चीरती हुई बाहर निकल गई। वहीं दूसरी गोली सीने में सामने से लगी जो गर्दन की ओर जाकर धंस गई। पोस्टमॉर्टम के दौरान चिकित्सकों ने शरीर से यह दूसरी गोली बरामद की है। शूटर गुलाम को एक गोली लगी पीछे पीठ की ओर से लगी। जो दिल में छेद कर सीने को चीरती हुई बाहर निकल गई। शवों का पोस्टमॉर्टम करने में लगभग 5 घंटे से अधिक का समय लगा। शुक्र

यूक्रेन संघर्ष : किसी को हथियारों का निर्यात नहीं करेंगे: चीन

भाषा। बीजिंग

चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष में शामिल किसी भी पक्ष को हथियार नहीं बेचेगा।

अमेरिका और अन्य देशों ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि चीन रूस को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर विचार कर रहा है। कांग ने इन्हीं चिंताओं के मद्देनजर यह बात की। चीन औपचारिक रूप से कहता रहा है कि वह यूक्रेन संघर्ष को लेकर तटस्थ है, लेकिन उसने राजनीतिक रूप से रूस का समर्थन किया है। कांग ने संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए बातचीत को संभव बनाने में मदद करने की इच्छा दोहराई और कहा कि सभी पक्षों को वस्तुनिष्ठ और शांत रहना चाहिए।

चीन आईं जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चीन असैन्य एवं सैन्य उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात को नियंत्रित करेगा। उन्होंने कहा, सैन्य वस्तुओं के निर्यात को लेकर चीन विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाता है। चीन यूक्रेन संघर्ष में शामिल किसी भी पक्ष को हथियार उपलब्ध नहीं कराएगा और कानूनों तथा नियमों के अनुसार दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात का प्रबंधन और नियंत्रण करेगा। मंत्री ने संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद करने की चीन की इच्छा को भी दोहराया। कांग ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के लिए ताइवान सरकार को जिम्मेदार बताया। बीजिंग ताइवान पर अपना दावा करता है और उसने इस द्वीप को डराने की कोशिश के तहत वृहद स्तर पर सैन्य अभ्यास किए हैं। इस बीच, बेयरबॉक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थाई सदस्य के रूप में चीन की संघर्ष समाप्त करने में मदद करने की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव का भी उल्लेख किया और कहा कि इस क्षेत्र में संघर्ष एक वैश्विक आपदा बन जाएगा। चीनी विदेश मंत्री ने बेयरबॉक की इन चिंताओं को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा कि ताइवान चीन का आंतरिक मामला है। ताइवान की स्वतंत्रता एवं शांति साथ-साथ नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फरवरी में, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि चीन रूस को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है - और चेतावनी दी थी कि क्रेमलिन के युद्ध के प्रयास में इस तरह की भागीदारी एक गंभीर समस्या होगी। यूरोपीय नेताओं ने भी हाल में इसी तरह की चेतावनी जारी की थी।

आकस्मिक अभ्यास के लिए रूस के प्रशांत बेड़े को हाई अलर्ट पर रखा गया

मॉस्को। समूचे रूसी प्रशांत बेड़े को आकस्मिक अभ्यास के लिए शुक्रवार को हाई अलर्ट पर रखा गया है जिसमे यूक्रेन मे लड़ाई को लेकर पश्चिम के साथ तनाव के बीच बड़े पैमाने पर अभ्यास मिसाइल प्रक्षेपण शामिल होगे। रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि युद्धाभ्यास का लक्ष्य आक्रामकता का जवाब देने के लिए रूस के सशस्त्र बलो की क्षमता का परीक्षण करना है। शोइगु ने कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण के साथ, अभ्यास मे प्रशांत बेड़े की हवाई शाखा के अलावा परमाणु सक्षम रणनीतिक बमवर्षक और अन्य युद्धक विमान भी शामिल होगे। रूसी सेना ने यूक्रेन मे अग्रिम पंक्ति मे अपनी सेना के बड़े हिस्से को तैनात किया है, लेकिन अपनी सेना को प्रशिक्षित करने और उनकी तत्परता प्रदर्शित करने के लिए उसने पूरे देश मे नियमित अभ्यास भी जारी रखा है। शोइगु ने कहा कि शुक्रवार के युद्धाभ्यास के परिदृश्य मे सखालिन द्वीप और दक्षिणी कुरील द्वीप समूह पर दुश्मन के उतरने के प्रयास पर प्रतिक्रिया की परिकल्पना की गई है।

ट्रंप से सात घंटे तक किए गए सवाल-जवाब

● कारोबारी गतिविधियों को लेकर दायर वाद के सिलसिले में पूछताछ

भाषा। न्यूयॉर्क

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी कंपनी के कारोबार से जुड़ी गतिविधियों को लेकर एक वाद के सिलसिले में न्यूयॉर्क की अटार्नी जनरल के कार्यालय ने करीब सात घंटे तक सवाल-जवाब किए गए। ट्रंप ने कारोबारी गतिविधियों को लेकर दायर वाद के सिलसिले में दूसरी बार गवाही दी है। रिपब्लिकन नेता ने अटार्नी जनरल लेतीतिया जेम्स के वकीलों से मुलाकात की। जेम्स ने पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ पिछले साल वाद दायर किया था। अटार्नी जनरल के वाद में दावा किया कि ट्रंप और उनके परिवार ने अपनी निवल संपत्ति (नेटवर्थ) और होटल एवं गोल्फ कोर्स जैसी संपत्ति के मूल्य के बारे में झूठी सूचना देकर बैंकों को गुमराह किया। यह वाद मैनहट्टन जिला अटार्नी द्वारा ट्रंप के खिलाफ दायर आपराधिक आरोपों से अलग है। ट्रंप के मैनहट्टन स्थित इमारत में प्रवेश करने के कुछ ही समय बाद उनकी वकील एलिना हब्बा ने कहा कि वह न केवल गवाही देना चाहते हैं बल्कि वह इसके लिए उत्सुक भी हैं। इसी इमारत में जेम्स के कार्यालय स्थित हैं।

इंडोनेशिया में आया 7.0 तीव्रता का भूकंप

जकार्ता,इंडोनेशिया। इंडोनिया के मुख्य द्वीप जावा और पर्यटक द्वीप बाली के कई हिस्सों में शुक्रवार को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए और लोग दहशत में आ गए। हालांकि जान-माल के किसी बड़े नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। अमेरिकी भूगर्भविज्ञान सर्वेक्षण संस्थान ने बताया कि भूकंप का केंद्र पूर्वी जावा द्वीप के तटीय शहर तूबान के उत्तर में 96.5 किलोमीटर की दूरी पर 594 किलोमीटर की गहराई पर था और उसकी तीव्रता 7.0 थी। इंडोनेशिया की मौसमविज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकीय एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है लेकिन उसने बाद के झटके आने की चेतावनी दी है। एजेंसी का कहना है कि भूकंप की प्राथमिक तीव्रता 6.6 थी। वैसे प्रारंभिक गणना में अंतर आम बात है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में मध्य जावा, योगयाकार्ता में मकान एवं भवन कई सेंकेंड के लिए कंपित होते नजर आए और लोग डर के मारे उनसे बाहर आ गए।

कैदियों की अदला-बदली शुरू की: रेडक्रॉस

सना। यमन मे लंबे समय से चल रहे युद्ध से जुड़े 800 से अधिक कैदियो की अदला-बदली शुक्रवार को शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस समिति ने यह जानकारी दी। युद्धबंदियो की अदला-बदली का फैसला महीनो के राजनयिक प्रयासो के बाद संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता मे हुआ है जो युद्ध को खत्म करने की कोशिश को भी दिखाता है। अक्टूबर 2020 मे दोनो पक्षो द्वारा 1,000 से अधिक बंदियो को मुक्त किए जाने के बाद से यमन मे कैदियो की यह सबसे महत्वपूर्ण अदला-बदली है। माना जाता है कि युद्ध शुरू होने के बाद से दोनो पक्षो द्वारा हजारो लोगो को युद्धबंदी बनाया गया है।

यूरोप जा रही नौका ट्यूनीशिया के पास डूबी, 25 की मौत

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया के तट से दूर भूमध्य सागर मे यूरोप की ओर जा रही एक नौका के डूब जाने से उसमे सवार कम से कम 25 प्रवासियो की मौत हो गई और 15 अन्य लोग लापता है। ट्यूनीशिया के अधिकारियो ने यह जानकारी दी। एफ्रैक्स के अभियोजक फाउजी मसौदी ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि ट्यूनीशियाई तट रक्षक बलो ने बृहस्पतिवार को पूर्व-मध्य ट्यूनीशिया मे स्थित बंदरगाह एसफैक्स के तट के पास नाव के नीचे फंसे 15 लोगो के शव बरामद किए। उन्होने बताया कि इससे पहले बुधवार को तटरक्षक बलो ने 10 शव बरामद किए थे और 72 प्रवासियो को बचाया था। अभियोजक ने कहा कि जीवित बचे लोगो से मिली जानकारी के आधार पर नाव मे सवार 15 से 20 अन्य लोग अब भी लापता है। मसौदी ने बताया कि मृतको और बचाए गए लोगो मे से लगभग सभी लोग उप सहारा अफ्रीका के निवासी है।

कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर अग्रणी भूमिका निभा सकता है जी7

ओतारू (जापान)। अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रेनहोम ने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि अमीर राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन मे कटौती करने के मामले मे मिसाल कायम कर सकते है। ग्रेनहोम और अग्रणी अर्थव्यवस्था वाले देशो के समूह जी-7 के वरिष्ठ ऊर्जा तथा पर्यावरण अधिकारी जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा और संबंधित मुद्दो पर बैठको के लिए इस सप्ताह उत्तरी जापान के होक्काइदो मे है। ग्रेनहोम ने दुनिया के पहले और एकमात्र तरल हाइड्रोजन वाहक पोत का दौरा करने के बाद कहा, हम इसी तरह के उदाहरणो के जरिए नेतृत्व किए जाने की उम्मीद करते है।

शीर्ष अदालत से गर्भपात की गोली तक पहुंच को संरक्षित रखने का आग्रह

वाशिंगटन। दवा विनिर्माता एक कंपनी ने शुक्रवार को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय से कहा कि गर्भपात की उसकी दवा तक पहुंच को संरक्षित रखा जाए और इसे निचली अदालत के फैसलो द्वारा लगाए गए प्रतिबंधो से मुक्त रखा जाए। डैको लैबोरैटरीज ने टेक्सास के एक मामले मे अपीलीय अदालत के फैसले के दो दिन बाद अपना आपातकालीन अनुरोध दायर किया। इस फैसले मे नियमो को कड़ा करने और मिफेप्रिस्टोन नामक दवा तक पहुंच सीमित करने की बात कही गई है। संबंधित निर्णय मे नई सीमाएं शनिवार से प्रभावी होने की बात कही गई है। मामले मे बाइडन प्रशासन की ओर से भी अपील की उम्मीद है।

जनवादी इराकी मौलवी ने आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की

बगदाद। प्रभावशाली इराकी शिया मौलवी एवं राजनीतिक नेता मुक्तदा अल-सद्र ने अपने कुछ अनुयायियो मे भ्रष्टाचार का हवाला देते हुए शुक्रवार को घोषणा की कि वह एक साल के लिए अपना आंदोलन स्थगित कर देगे। ऑनर्स ऑफ द कॉज नामक समूह का मानना है कि अल-सद्र शियाओ के धर्मगुरु इमाम माहदी है। ऐसा समझा जाता है कि इमाम माहदी 1000 साल से अधिक पहले गायब हो गए थे ।

चीन, पाक ने अफगान तालिबान से आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने को कहा

बीजिंग। चीन ने कहा है कि अफगानिस्तान में आतंकवाद बद से बदतर हो गया है और तालिबान शासकों को पड़ोसी देशों-खासकर पाकिस्तान के लिए समस्याएं खड़ी कर रहे आतंकी समूहों पर नकेल कसने के अपने संकल्प को पूरा करना चाहिए। आतंकवादी समूह टीटीपी द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों से पाकिस्तान परेशान है। इस्लामाबाद का आरोप है कि यह समूह अफगान धरती से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। चीनी विदेश मंत्री छिन कांग ने बृहस्पतिवार को उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों के सम्मेलन की अध्यक्षता करने के बाद कहा, अफगानिस्तान में आतंकवाद बद से बदतर हो गया है। अफगान आतंकी समूहों की संख्या आज बढ़कर 20 से अधिक हो गई है। इस सम्मेलन में चीन, रूस, पाकिस्तान और ईरान शामिल हुए। चीन द्वारा बुलाई गई विदेश मंत्रियों की यह चौथी बैठक है, जिसके उइगुर मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत की सीमाएं अफगानिस्तान से लगती हैं।

मोजाम्बिक के साथ समय की कसौटी पर खरे उतरे संबंधों को नए स्तर पर ले जाने को भारत तैयार : जयशंकर

भाषा। मापुटो (मोजाम्बिक)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत, मोजाम्बिक के साथ समय की कसौटी पर खरे उतरे अपने संबंधों को नए स्तर पर ले जाने को तैयार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की नीतियां विकास की राह में अपने सहयोगियों के हितों एवं प्राथमिकताओं के आधार पर मार्गदर्शित होंगी। भारतीय समुदाय को यहां संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि पिछले सात वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों में काफी बदलाव आया है। मोजाम्बिक की अपनी पहली यात्रा पर आए विदेश मंत्री ने कहा, यह समय की कसौटी पर काफी खरा उतरा संबंध है। यह ऐतिहासिक संबंध है। यह रिश्ता तब से है, जब मोजाम्बिक अपनी स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहा था। काफी दशकों तक हमारे नेताओं, हमारे लोगों और हमारे समाज ने काफी कुछ साझा किया। हम एक दूसरे से काफी गहरे जुड़े हैं। आज भी दोनों देश अपनी विकास की यात्रा में एक दूसरे के लिए काफी कुछ कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच एकजुटता का मजबूत भाव हमारे द्विपक्षीय संबंधों की प्रकृति से परिभाषित होता है। विकासशील देशों की यह सुनिश्चित करने की जवाबदेही है कि दूसरे देश उनके अनुभवों का लाभ उठा सकें। आज इसके उदाहरण सुरक्षा के क्षेत्र में हैं। अगर मोजाम्बिक एक देश के रूप में आतंकवादियों से चुनौती का सामना करता है, तो आज हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम दूसरे देश की मदद करें, जो इस दौर से गुजर रहा हो। यूगांडा की 2018 की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम अपने सहयोगियों की प्राथमिकताओं और हितों से मार्गदर्शित होंगे और हम आपसे पूछेंगे कि कृपया बताएं कि आपके लिए क्या जरूरी है।

विश्व बैंक के अध्यक्ष ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में भारत के प्रयासों की तारीफ की

वाशिंगटन। महिला सशक्तीकरण के मोर्चे पर दुनिया के ऊंची छलांग लगाने का दावा करते हुए विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने भारत खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासो की तारीफ की और कहा कि इसमे उनकी गहरी दिलचस्पी है। बृहस्पतिवार को यहां विश्व बैंक के वसंत सम्मेलन के मौके पर उसके द्वारा उद्यमियो एवं नेताओ के रूप मे महिलाओ के सशक्तीरण विषय पर आयोजित परिचर्चा मे हिस्सा लेते हुए मालपास एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अन्य वक्ताओ के साथ भारत एवं दुनिया मे महिलाओ के विकास एवं सशक्तीकरण पर चर्चा की। सीतारमण ने एक प्रश्न के उत्तर मे कहा, हम फिलहाल महिलाओ के लिए जो कुछ भी कर रहे है, हमे उन्हे जारी रखना चाहिए। उन्होने उन सभी कदमो के बारे मे विस्तार से बताया, जिन्हे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने भारत मे महिलाओ के आर्थिक सशक्तीरकण के लिए उठाया है।

क्विक न्यूज

चीन के रक्षा मंत्री अपने रूसी समकक्ष से मुलाकात करेंगे

बीजिंग। चीनी रक्षा मंत्री जनरल ली शंगफू अगले सप्ताह रूस का दौरा करेंगे और अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगू तथा अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। चीन के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ली की यह यात्रा रूस के साथ चीन के मजबूत होते संबंधों को रेखांकित करती है और चीन ने अमेरिका एवं अन्य पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों के प्रभाव को कम करने के लिए विश्व व्यवस्था को नया आकार देने के प्रयास में अपनी विदेश नीति को काफी हद तक रूस से जोड़ लिया है। चीन ने यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना करने से इंकार कर दिया है और अमेरिका एवं नाटो पर रूस को उकसाने का आरोप लगाया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2022 में बीजिंग की यात्रा की थी और उस दौरान पुतिन और चीनी नेता शी चिनफिंग ने एक संयुक्त बयान जारी कर दोनों देशों के प्रगाढ़ संबंधों की घोषणा की थी।

रूस की अदालत ने यूक्रेन युद्ध संबंधी लेख के लिए विकिपीडिया पर जुर्माना लगाया

मॉस्को। रूस की एक अदालत ने यूक्रेन पर हमले संबंधी रूसी भाषा के एक लेख को हटाने से इनकार करने पर विकिपीडिया पर फिर से जुर्माना लगाया है। यह युद्ध की निष्पक्ष रिपोर्टिंग या आलोचना को रोकने और सूचना तक रूसी जनता की पहुंच को बाधित करने के लिए रूस सरकार द्वारा उठाया गया एक और कदम है। अदालत ने जापोरिज्जिया क्षेत्र में रूस का कब्जा शीर्षक वाले विकिपीडिया के एक लेख को नहीं हटाने पर निशुल्क एवं सार्वजनिक रूप से संपादित ऑनलाइन विश्वकोश संचालित करने वाली गैर सरकारी संस्था विकिमीडिया फाउंडेशन पर 20 लाख रूबल (24,464 डॉलर) जुर्माना लगाया। कई देशों ने रूस की इस कार्वाई की निंदा की है और 2014 में यूक्रेन के क्रीमियाई प्रायद्वीप पर रूस द्वारा किए गए कब्जे को अवैध बताया है। सरकारी समाचार एजेंसी तास ने कहा कि विकिमीडिया फाउंडेशन ने गलत जानकारी देने वाले लेखों को हटाने की रूस के सरकारी संचार निगरानीकर्ता रोसकोम्नाद्जोर की मांगों पर ध्यान नहीं दिया।

उत्तर कोरिया ने ठोस-ईंधन आधारित लंबी दूरी की मिसाइल का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने पहली बार एक नव विकसित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण किया है, जो अमेरिका की मुख्यभूमि को निशाना बना सकती है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने यह खबर ऐसे समय में दी है, जब एक दिन पहले उसके पड़ोसियों ने दावा किया था कि उत्तर कोरिया ने ठोस प्रणोदक पर आधारित एक आईसीबीएम दागी है। उत्तर कोरिया 2022 की शुरुआत के बाद से 100 से अधिक मिसाइलों का परीक्षण कर चुका है। कुछ विशेषज्ञों को अब भी संदेह है कि उत्तर कोरिया ने उन मिसाइलों पर रखे जाने के लिए बेहद छोटे वॉरहेड बनाने और वायुमंडलीय क्षेत्र में फिर से दाखिल होने के दौरान वॉरहेड की रक्षा करने की तकनीकों में महारत हासिल कर ली है। मिसाइल के आगे के हिस्से को वॉरहेड कहते हैं, जिसमें विस्फोटक भरा होता है।

नाजी नरसंहार के खिलाफ विद्रोह की 80वीं वर्षगांठ, जीवित बचे लोग होंगे सम्मानित

यरूशलम। पोलैंड की राजधानी वारसॉ में तोवा गट्सटीन का जन्म उसी साल हुआ था, जब जर्मनी में एडोल्फ हिटलर सत्ता में आया था। तोवा उस वक्त 10 साल की थीं, जब वारसॉ घेट्टो (यहूदी बस्ती) में रहने वाले यहूदियों ने यूरोप में नाजियों के खिलाफ पहला सामूहिक विद्रोह शुरू किया था। आज 90 साल की तोवा नाजी नरसंहार से बचे उन चुनिंदा लोगों में से एक हैं, जो वारसॉ घेट्टो में हुए इस विद्रोह के गवाह बने थे। सोमवार को जब इज़राइल राष्ट्रीय चेतना को आकार देने वाले इस विद्रोह की 80वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब तोवा नाजी नरसंहार में बचे उन छह लोगों में शामिल होंगी, जिन्हें यरूशलम में याद वाशेम नरसंहार स्मारक पर आयोजित किए जाने वाले वार्षिक समारोह में दीप प्रज्वलित करने का सम्मान हासिल होगा। नाजी नरसंहार का खौफनाक मंजर आज भी उनके जहन में ताजा है।

सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के संबंध में संवैधानिक व्यवस्था की प्रतीक्षा में फ्रांस

भाषा। पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने की विवादास्पद योजना पर देश की शीर्ष संवैधानिक संस्था द्वारा शुक्रवार को फैसला सुनाए जाने की उम्मीद है। यह फैसला संबंधित कदम का विरोध कर रहे लोगों को या तो शांत कर सकता है, या इससे वे और अधिक भड़क सकते हैं। सभी की निगाहें संवैधानिक परिषद पर हैं जो एक जटिल पेंशन सुधार योजना के सभी या कुछ हिस्सों को समाप्त कर सकती है, जिसे मैक्रों ने संसद के निचले सदन के जरिए मतदान के बिना आगे बढ़ाया। नौ सदस्ईय परिषद के फैसले से पहले फ्रांस के आसपास स्वत: स्फूर्त प्रदर्शन हो सकते हैं। पेंशन सुधार के विरोधियों ने कुछ शहरों में प्रवेश बिंदुओं को अवरुद्ध कर दिया, जिसमें पश्चिम में रूएन या दक्षिण में मार्सिले शामिल हैं, जिससे यातायात धीमा या बंद हो गया। सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 साल करने के राष्ट्रपति के अभियान के चलते लंबी श्रमिक हड़ताल और विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

अमेरिका में गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के मामले एक व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। वाशिंगटन

मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड के एक सदस्य को यूक्रेन युद्ध और अन्य शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों से संबंधित गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के मामले में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। एक आईटी विशेषज्ञ जैक टिक्सेरा (21) को हिरासत में लिया गया है। एफबीआई अधिकारियों ने टिक्सेरा को उसके मैसाचुसेट्स स्थित घर से हिरासत में लिया। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा कि उन पर वर्गीकृत राष्ट्रीय रक्षा सूचना को हटाने या प्रसारित करने का आरोप लगाया जाना है, जो जासूसी अधिनियम के तहत एक अपराध है। सैन्य और न्याय विभाग अभी इस बात की जांच कर रहा है कि चैट रूम में साझा किए गए संवेदनशील सरकारी रहस्य दुनिया भर में कैसे प्रसारित हुए।

आयरलैंड में लोग गर्मजोशी से कर रहे हैं बाइडन का स्वागत

भाषा। डबलिन

आयरलैंड में इस सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की एक झलक पाने के लिए शुभचिंतक सड़कों पर कतारबद्ध नजर आए। बाइडन के मुस्कुराते हुए चेहरे वाली तस्वीरें यहां दुकानों की खिड़कियों पर लगी हुई हैं, और एक प्रशंसक ने पोस्टर ले रखा था जिस पर लिखा था, 2024 - मेक जो प्रेसिडेंट अगेन। अमेरिका में बाइडन की लोकप्रियता घट रही है और यह उनके राष्ट्रपति रहने के दौरान अपने न्यूनतम स्तर के करीब है। यहां तक कि कुछ साथी डेमोक्रेट्स ने यह सुझाव भी दिया कि उन्हें फिर से चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। अपनी आर्थिक और सामाजिक नीतियों पर चर्चा करने के लिए अमेरिका के भीतर यात्राओं के दौरान अक्सर लोगों का समूह हाथ हिलाकर उनका अभिवादन करता नजर आता है और मित्रवत भीड़ उनके भाषणों की सराहना करती है। हालांकि देश में मिलने वाले स्वागत की तुलना उस गर्मजोशी भरे आतिथ्य से नहीं की जा सकती जो उन्हें यहां मिल रहा है। बाइडन पश्चिमी आयरलैंड में काउंटी मेयो में एक दिन बिताकर आयरलैंड की अपनी यात्रा को पूरा करेंगे, जहां उनके परदादा पैट्रिक ब्लेविट 1850 में संयुक्त राज्य अमेरिका जाने से पहले तक रहते थे। स्थानीय लोग कई सप्ताह पहले से ही बाइडन के दौरे की तैयारियों में जुटे थे, इमारतों पर नया पेंट किया जा रहा था और दुकानों के बाहर अमेरिकी ध्वज टांगे गए थे। यह बड़ी ही विचित्र बात है और बाइडन के पूर्ववर्तियों को भी इसका सामना करना पड़ा है : विदेशी लोग अमेरिकी राष्ट्रपतियों को बहुत पसंद करते रहे हैं।

बृहस्पति के बर्फीले चंद्रमाओं को ढूंढने की कवायद

● वैज्ञानिकों ने पता लगाने के लिए मिशन लॉन्च किया

भाषा। पेरिस

क्या हम सौर मंडल में पृथ्वी के बाहर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों की खोज कर सकते हैं? यह उन रहस्यों में से एक है जिसे अंतरिक्ष मिशन जेयूआईसीई (ज्यूपिटर आइसी मून एक्सप्लोरर के लिए) स्पष्ट करने की कोशिश करेगा। शुरुआत में इसे गुरुवार 13 अप्रैल 2023 की दोपहर में कौरौ, फ्रेंच गयाना से लॉन्च किया जाना था, अब खराब मौसम के कारण अंतरिक्ष यान शुक्रवार को रवाना होगा।

इस मिशन को 60 करोड़ किलोमीटर से अधिक दूर स्थित एक ग्रह पर ले जाने के लिए, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कम से कम 13 यूरोपीय देशों, अमेरिका, जापान और इज़राइल को साथ लिया है। इस मिशन के माध्यम से, एजेंसी ने परियोजना को हरी झंडी मिलने के 11 साल बाद ही ज्यूस को लॉन्च पैड पर रखने की उपलब्धि भी हासिल कर ली है। कोविड महामारी ने हालांकि प्रक्रिया को धीमा कर दिया था, लेकिन देरी केवल नौ महीने थी। फ्रांस की टीम, जिसका मैं हिस्सा हूं, ने भी ज्यूस के दस अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों में से छह को विकसित करने में मदद की। प्रोब के 2031 में जोवियन प्रणाली में आने की उम्मीद है। ओशन मून्स पर पृथ्वी से ज्यादा पानी: नासा का गैलीलियो 1995 में चंद्रमा पर पानी की खोज करने वाला पहला था। अंतरिक्ष प्रोब द्वारा एकत्र किए गए डेटा ने न केवल इसके तीन बर्फीले चंद्रमाओं, कैलिस्टो, यूरोपा और गेनीमेड की परतों के नीचे, बल्कि इसके ज्वालामुखीय चंद्रमा, आयो पर भी विशाल तरल महासागरों का खुलासा किया। 2014 में, हबल स्पेस टेलीस्कॉप ने यूरोपा में गीजर की खोज की। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके आधार लवणों से भरे हुए हैं, जिनमें कार्बोनेट भी शामिल हैं। इसलिए यह संभावना है कि यूरोपा जीवन के लिए चार मानदंडों को पूरा कर सकता है: कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन (सीएचओएन) की प्रसिद्ध चौकड़ी, मुख्य रासायनिक तत्वों के प्रतीक हैं जो जीवित प्राणियों का निर्माण करते हैं। तरल पानी जो विलायक के रूप में कार्य करता है। जीवन के विकास को सक्षम करने के लिए ऊर्जा। एक स्थिर वातावरण (कक्षाएं, रोटेशन, औसत तापमान ...)गैलीलियन चंद्रमा आगे बृहस्पति की गुरुत्वाकर्षण ऊर्जा का आनंद लेते हैं, महत्वपूर्ण ज्वारीय प्रभाव पैदा करते हैं।

विज्ञान की सीमाओं को तोड़ना

बृहस्पति हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और सबसे अधिक चंद्रमा वाला ग्रह है। आज तक, उनकी संख्या का अनुमान 82 और 95 के बीच है, जिनमे से अधिकांश पिछले दो दशको मे खोजे गए है। ईएसए के कॉस्मिक विजन प्रोग्राम के हिस्से के रूप मे ज्यूस एक अरब यूरो से अधिक की राशि प्राप्त करने वाला पहला मिशन है। यह चार मुख्य प्रश्नो के जवाब खोजना चाहता है: ग्रह कैसे बनते है और जीवन कैसे प्रकट होता है? सौर मंडल कैसे काम करता है? ब्रह्मांड मे भौतिकी के मूलभूत नियम क्या है? वर्तमान ब्रह्मांड कैसे अस्तित्व मे आया और यह किससे बना है? ज्यूस को अन्य प्रस्तावित मिशनो से पहले चुना गया था क्योंकि इसे इन प्रश्नो मे से पहले और अंतिम को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। बल स्पेस टेलीस्कोप और नासा के अंतरिक्ष यान वाएजर, गैलीलियो, जूनो ने पहले ही इस बारे मे कुछ सुराग प्राप्त कर लिए है।

इमरान लाहौर हाईकोर्ट में पेश मिली 26 अप्रैल तक जमानत

भाषा। लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अनुपयुक्त भाषा का इस्तेमाल करने से संबंधित मामले में शुक्रवार को लाहौर उच्च न्यायालय में पेश हुए और उन्हें 26 अप्रैल तक जमानत मिल गई। इस्लामाबाद पुलिस ने एक भाषण देने को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान के खिलाफ छह अप्रैल को मामला दर्ज किया था। उस भाषण में खान ने कथित रूप से (इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस के) वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के खिलाफ अनुपयुक्त भाषा का इस्तेमाल किया था और उनके परिवारों की जिंदगी जोखिम में डाली थी। लाहौर उच्च न्यायालय ने 70 वर्षीय खान को राहत प्रदान की है और उन्हें जमानत की अवधि बढ़वाने के लिए इस्लामाबाद में संबंधित अदालत से संपर्क करने का निर्देश दिया। पूर्व प्रधानमंत्री कड़ी सुरक्षा के बीच लाहौर उच्च न्यायालय में पेश हुए। एक अदालती अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अली बकीर नजफी ने इमरान को उनके इस अनुरोध पर सुरक्षात्मक जमानत दी कि इस्लामाबाद पुलिस द्वारा उनके विरूद्ध दर्ज किए गए तुच्छ मामले में वह जांच में शामिल होना चाहते हैं। न्यायाधीश ने 26 अप्रैल तक उन्हें सुरक्षात्मक जमानत दी और उन्हें जमानत की अवधि में विस्तार के लिए इस्लामाबाद में संबंधित अदालत में जाने का निर्देश दिया।

प्रचंड ने अपने खिलाफ दायर रिट याचिका को रद्द करने का अनुरोध किया

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने उच्चतम न्यायालय से अपने खिलाफ दायर उस रिट याचिका को रद्द करने का अनुरोध किया है, जिसमें उनसे एक दशक के माओवादी विद्रोह के दौरान करीब 5,000 लोगों की मौत की कथित तौर पर नैतिक जिम्मेदारी लेने की मांग की गई है। प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ उनके विवादास्पद बयान को लेकर जांच के लिए अदालत के आदेश की मांग करने वाली रिट याचिकाएं दायर की गई थीं। न्यायालय ने उन याचिकाओं पर 10 मार्च को प्रधानमंत्री को एक लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा कि क्यों न उनके खिलाफ एक आदेश जारी किया जाए, जैसा याचिकाकर्ताओं ने मांग की है। प्रचंड ने बृहस्पतिवार को सर्वोच्च अदालत को भेजे अपने 13-सूत्री लिखित जवाब में कहा कि याचिका रद्द कर दी जानी चाहिए, क्योंकि इसका कोई संवैधानिक आधार और कारण नहीं है।

पूरे देश ने संविधान शिल्पी को किया याद

● राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं ने आंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी सहित अनेक नेताओं ने शुक्रवार को बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी 132वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक तरफ जहां कई नेताओं ने समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के उत्थान के लिए आंबेडकर के प्रयासों को याद किया, तो दूसरी तरफ कई नेताओं ने मजबूत संस्थानों के निर्माण और एक समतावादी समाज बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, समाज के वंचित और शोषित वर्ग के सशक्तीकरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। जय भीमउ इस ट्वीट के साथ मोदी ने विभिन्न कार्यक्रमों में बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए अपने भाषणों पर आधारित एक वीडियो भी साझा किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी सहित अनेक नेताओं व सांसदों ने संसद भवन परिसर में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, ज्ञान और विलक्षणता के प्रतीक डॉ. आंबेडकर ने विपरीत परिस्थितियों में भी, एक शिक्षाविद्, विधि विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में महान योगदान दिया और राष्ट्र के कल्याण के लिए ज्ञान का प्रसार किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर सामाजिक बदलाव के प्रणेता थे और उन्होंने समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को बढ़ावा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम में आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। शाह ने ट्वीट कर कहा, देश के अंतिम व्यक्ति तक न्याय व अधिकारों को सुनिश्चित करने वाले संविधान के शिल्पी बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन। सभी सुख व सुविधाओं को त्याग उन्होंने वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श व विचार निरंतर हमारा पथ प्रदर्शित करते रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह डॉ आंबेडकर की जयंती पर उन्हें सम्मानपूर्वक याद और नमन करते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने संविधान निर्माता की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को हैदराबाद में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा को 146.50 करोड़ रुपए की लागत से 360 टन शुद्ध इस्पात और 114 टन कांस्य का उपयोग करके बनाया गया है। समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और न्यायविद आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को महू शहर में हुआ। मध्य प्रदेश स्थित महू का नाम उनकी स्मृति में डॉ. अम्बेडकर नगर रखा गया है। भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज के सभी वर्गों के विकास और समृद्धि के लिए काम कर के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपने को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आंबेडकर जयंती के मौके पर कहा कि विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को जबरन चुप कराने और देशद्रोही घोषित करने का चलन खतरनाक है जिससे लोकतंत्र नष्ट हो जाएगा। आंबेडकर ने भारतीय राजनीति के संदर्भ में नायक पूजा या भक्ति को लेकर आगाह किया था। बाबासाहेब ने हमें भारतीय राजनीति के संदर्भ में नायक-पूजा या भक्ति की बुराइयों के बारे में चतावनी दी थी...यह गंभीर आत्मनिरीक्षण का समय है, क्या हम अपने लोकतंत्र के पतन की अनुमति देंगे और तानाशाही के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे? या हमारे संविधान निर्माताओं के बेहतरीन आदर्शों की रक्षा करने का प्रयास करेंगे? कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोगों का आह्वान किया कि वे सुनियोजित ढंग से हो रहे हमले से संविधान को बचाने के लिए कदम बढ़ाएं। आंबेडकर जयंती पर समाचार पत्र द टेलीग्राफ में लिखे एक लेख में सोनिया गांधी ने कहा, आज हम बाबासाहेब की विरासत का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हमें उनकी उस चेतावनी को भी याद रखना होगा कि संविधान की सफलता उन लोगों के व्यवहार पर निर्भर करती है जिन्हें शासन करने का उत्तरदायित्व मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर संविधान को नष्ट कर रही है तथा न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व की बुनियादों को कमजोर कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी आंबेडकर को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल ने ट्विटर पर आंबेडकर के कुछ कथनों का एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि वह भारतीय संविधान के निर्माता को नमन करते हैं। बसपा की प्रमुख मायावती ने आंबेडकर की जयंती पर लखनऊस्थित पार्टी कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बसपा प्रमुख ने कहा कि आंबेडकर का जीवन संघर्ष करोड़ों गरीबों, मजदूरों, वंचितों व अन्य मेहनतकशों के लिए आज भी उम्मीद की किरण बना हुआ है।

सबके लिए न्याय का आंबेडकर का सपना अब साकार हो रहा है : रीजीजू

गुवाहाटी। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का सभी के लिए न्याय का सपना मौजूदा समय में साकार हो रहा है क्योंकि सरकार दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि जब बुनियादी सुविधाएं सबसे दूर के गांवों तक पहुंचती हैं, तो यह न्याय की नींव बन जाती है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ठीक यही कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देश के कोने-कोने में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना पहले संभव नहीं माना जाता था। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में रीजीजू ने कहा, हम आज अपने संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उन्होंने न्याय: आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक का जिक्र करते हुए कहा, जब आंबेडकर ने संविधान का मसौदा तैयार किया तो उनका जोर न्याय पर था और यह प्रस्तावना का भी हिस्सा बन गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरा कहना है कि बाबा साहेब ने सबके लिए न्याय का जो सपना देखा था, वह अब देश में साकार हो रहा है। रीजीजू ने कहा कि सरकार एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से अंतिम गंतव्य तक पहुंचनै पर जोर दे रही है, जिसमें न्यायिक प्रणाली भी शामिल है। उन्होंने अदालतों के बुनियादी ढांचे में सुधार और इसके कामकाज के डिजिटलीकरण में निवेश का हवाला दिया। रीजीजू ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रथागत कानूनों पर छह पुस्तकों के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय की भी सराहना की, जो इस महीने की शुरुआत में जारी की गई थी। मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों को क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करना होगा। क्षेत्र के साझा इतिहास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में सभी एक साथ हैं। प्रशासनिक सुविधा के लिए राज्यों का गठन किया गया था। हमें विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लेना होगा।

कर्नाटक के मंत्री अंगारा ने राजनीति छोड़ने संबंधी फैसला वापस लिया

मेंगलुरु। कर्नाटक के मत्स्य मंत्री एस. अंगारा ने राजनीति छोड़ने की घोषणा संबंधी अपने बयान से पलटते हुए शुक्रवार को कहा कि वह भाजपा उम्मीदवार भागीरथी मुरुल्या के लिए प्रचार करेंगे। अंगारा ने सुलिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए टिकट से इनकार किए जाने के बाद राजनीति छोड़ने की घोषणा की थी। दक्षिण कन्नड़ जिले के निर्वाचन क्षेत्र से छह बार के विधायक अंगारा ने सुलिया में पत्रकारों से कहा कि वह सुलिया में पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार करेंगे। अंगारा ने कहा कि उन्होंने अपना विचार बदल दिया है और इतने वर्षों में उन्हें दिए गए अवसरों के लिए वह पार्टी के आभारी हैं। उन्होंने कहा, मुझे सुलिया निर्वाचन क्षेत्र से कई बार चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया गया था। मैं अपने राजनीतिक जीवन में न तो किसी भ्रष्टाचार में लिप्त रहा हूं और न ही किसी के साथ भेदभाव किया है।

न्याय प्रणाली को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की जरूरत: प्रधानमंत्री मोदी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि दूरदराज के इलाकों, विशेषकर पूर्वोत्तर, में न्याय प्रदान करने की प्रणाली को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की जरूरत है। मोदी ने यह भी कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली न्याय प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के हीरक जयंती समारोह के समापन समारोह में मोदी ने कहा, प्रौद्योगिकी पूर्वोत्तर जैसे दूरदराज के इलाकों में न्याय प्रदान करने में मदद कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार हर संभावित क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), आधार और डिजिटल इंडिया मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि ए गरीबों को उनके अधिकार दिलाने का बहुत बड़ा माध्यम बने हुए हैं। संपत्ति के स्वामित्व में स्पष्टता की कमी के चलते होने वाले विवादों के कारण न्यायपालिका पर पड़े बोझ का संकेत देते हुए, उन्होंने एक उदाहरण दिया कि कैसे ड्रोन का उपयोग पीएम स्वामित्व योजना के तहत एक लाख से अधिक गांवों में संपत्तियों की मैपिंग करके समाधान लाने के लिए किया गया है। आज देश के एक लाख से ज्यादा गांवों में ड्रोन के जरिए, मैपिंग का काम पूरा किया जा चुका है और लाखों लोगों को संपत्ति कार्ड भी दिए जा चुके हैं। इस अभियान से भी जमीन से जुड़े विवादों में कमी आएगी, जनता की परेशानी कम होगी। न्याय प्रदान करने की प्रणाली को अत्याधुनिक बनाने में प्रौद्योगिकी के लिए असीमित संभावनाएं हैं।

इस दिशा में उच्चतम न्यायालय की ई-कमेटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि इसे आगे बढ़ाने के लिए इस साल के बजट में ई-अदालत मिशन के तृतीय चरण का एलान किया गया है। न्यायिक प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते वैश्विक इस्तेमाल का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमें एआई के माध्यम से आम नागरिक के लिए न्याय की सुगमता में सुधार के प्रयासों को भी बढ़ावा देना चाहिए। वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) प्रणाली महत्वपूर्ण हैं। पूर्वोत्तर में इस संबंध में समृद्ध परंपराएं हैं। उन्होंने क्षेत्र के पारंपरिक कानूनों पर हाल ही में एक पुस्तक प्रकाशित करने के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय की सराहना करते हुए कहा, विधि स्कूलों को भी इनके (एडीआर के) बारे में पढ़ाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया, कानून को आम लोगों को समझ में आने वाली एक आसान भाषा में लिखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के प्रयास देश की अदालतों के लिए भी बहुत मददगार साबित होगी। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोदी ने कहा, यह सुखद संयोग है कि आज बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है।

बिरनपुर हिंसा मामला, घर में आग लगाने के आरोप में पांच गिरफ्तार

बेमेतरा (छत्तीसगढ़)। जिले के हिंसा प्रभावित बिरनपुर गांव के एक मकान में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मकान रहीम मोहम्मद (55) के दामाद का था। मोहम्मद और उसके बेटे की हत्या कर दी गई थी। बेमेतरा जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि बिरनपुर गांव में हुई घटनाओं की जांच के दौरान सामने आए निष्कर्षों के आधार पर पांचों को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार किया गया। एलेसेला ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान खैरागढ़ जिले के अजय रजक (23), प्रवीण कुमार साहू (27), प्रदीप रजक (21) और दिनेश रजक (23) तथा कबीरधाम जिले के संदीप साहू (20) के रूप में की गई है। आरोप है कि ए लोग 10 अप्रैल को बिरनपुर गांव के बाहरी इलाके के एक मकान में आग लगाने की घटना में शामिल थे। 10 अप्रैल को हिंदू संगठनों ने गांव में सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में बंद का आह्वान किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पहले इस सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी में और धाराएं जोड़ी गई हैं।

रायपुर से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित बिरनपुर गांव में आठ अप्रैल को स्कूली बच्चों के बीच मारपीट के बाद हिंसा भड़क गई थी। इस झड़प में स्थानीय निवासी भुनेश्वर साहू (22) की मौत हो गई थी और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। तीन दिन बाद, रहीम और उनके बेटे इदुल मोहम्मद का शव बरामद हुआ था। उनके शरीर पर चोट के निशान थे। हिंदू संगठनों द्वारा 10 अप्रैल को आहूत छत्तीसगढ़ बंद के दौरान गांव के बाहरी इलाके में रहीम के दामाद के घर समेत दो मकानों को जला दिया गया था। बिरनपुर गांव में हुई घटनाओं के सिलसिले में साजा थाने में छह प्राथमिकी दर्ज की गई है।

क्विक न्यूज

राज्यपाल बोस इस तरह काम नही कर सकते: बंगाल के मंत्री

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने प्रदेश के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के हाल में किए गए राज्य विश्वविद्यालयों के दौरों का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह राज्य सरकार को संज्ञान में लिए बिना इस तरह काम नहीं कर सकते। बसु ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने मिलकर काम करने का निर्णय किया था, लेकिन वह समझ नहीं पा रहे कि राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में बोस राज्य सरकार को संज्ञान में लिए बिना ऐसे दौरे क्यों कर रहे हैं। बसु ने कहा कि नई परिस्थिति के मद्देनजर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राज्यों के विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति के रूप में कमान संभालनी चाहिए। इससे पहले पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ के साथ विश्वविद्यालयों के प्रबंधन को लेकर लगातार गतिरोध के बाद भी राज्य ने इस प्रस्ताव पर विचार किया था। बसु ने डॉ बी आर आंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर मार्ल्यापण के बाद संवाददाताओं से कहा, अगर राज्यपाल बिना मुख्यमंत्री, विभाग, मंत्री या संस्था को सूचित किए अपनी मरजी से काम करते रहे तो मैं यह कहने को विवश हूं कि यह नहीं चलेगा। वह इस तरह से काम नहीं कर सकते। वह राज्यपाल द्वारा 10 अप्रैल से अब तक तीन राज्य विश्वविद्यालयों के परिसरों का बिना पूर्व कार्यक्रम के दौरा करने के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। हालांकि, राज्यपाल ने मंत्री की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

मुंबई : बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, पुलिस निरीक्षक की मौत, चालक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के वकोला में शुक्रवार को तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल सवार पुलिस निरीक्षक की टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मरीन ड्राइव थाने के निरीक्षक प्रवीण अशोक दिनकर(43) सांताक्रूज ईस्ट के कोले कल्याण स्थित अपने सरकारी आवास से काम पर जा रहे थे, तभी नेहरू रोड पर न्यू मॉडर्न स्कूल के पास सुबह नौ बजे यह हादसा हुआ। वकोला पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, उन्हें गंभीर चोटें आईं और वीएन देसाई अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। संयुक्त आयुक्त (कानून व्यवस्था) सत्य नारायण सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सायन के प्रतीक्षा नगर से अंधेरी के मरोज जा रही बस के 35 वर्षीय चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सी सुब्रमण्यम पुरस्कारों के लिए 22 नेताओं को चुना गया

नई दिल्ली। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सी सुब्रमण्यम पुरस्कार के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले 22 नेताओं को चुना गया है। नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया (एनएफआई) के संस्थापक अध्यक्ष सुब्रमण्यम की स्मृति में पुरस्कार की शुरुआत की गई थी जिसका उद्देश्य भारत में जमीनी स्तर पर काम करने वाले सामुदायिक नेताओं को प्रोत्साहित करना है। 10 राज्यों के 22 नेताओं को इस साल पुरस्कार के लिए चुना गया है जिनमें दलित, आदिवासी और मुस्लिम समुदायों के नेता भी हैं।

रमजान में बढ़ रही खुशबू की मांग

मुंबई। रमजान दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए प्रतिबिंब, कृतज्ञता और आध्यात्मिक विकास का समय है। यह परिवार और प्रियजनों के साथ दोबारा मिलकर खाने की मेज पर नई यादें जोड़ने का भी समय है। अजमल परफ्यूम्स ने दो अनूठी और मनमोहक खुशबुएं, एलिक्सिर इंटेंस और मोशरीका शामिल हैं, साथ ही हर मूड का जश्न मनाने के लिए क्यूरेटेड परफ्यूम गिफ्ट सेट की एक विस्तृत श्रृंखला है। परफ्यूमरी की जटिल कला में सात दशकों के शिल्प कौशल की एक समृद्ध विरासत के साथ अजमल परफ्यूम्स भारत का नामी ब्रांड है, जो अपनी बेहतरीन खुशबुओं के लिए पूरे विश्व में जाना जाता है। मेमोरी क्राफ्टिंग के अपने मिशन के साथ, ब्रांड लगातार परफ्यूमरी और क्राफ्ट की कला को अपनी सुगंध के जरिए जीवन भर की यादों में बदल रहा है। ओलिबनम मस्क का बेस इसे एक रिच और वुडी करैक्टर देता है, जो इसकी खुशबू को हिप्नोटिक कम्पोजीशन बनाती है।

तमिलनाडु: भाजपा ने द्रमुक फाइल्स जारी कर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

भाषा। चेन्नई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ने दो मुखौटा कंपनियों के जरिए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के 2011 के चुनाव कोष के लिए 200 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी। अन्नामलाई ने कहा कि इस मामले में वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष शिकायत दर्ज करा इसकी जांच की मांग करेंगे। सत्तारूढ़ द्रमुक ने इन आरोपों को ैहास्यास्पद और निराधारै बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि अन्नामलाई के खिलाफ कानूनी कार्वाई शुरू की जाएगी। द्रमुक के वरिष्ठ नेता दुरईमुरुगन ने आरोपों को महज राजनीतिक हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया।

अन्नामलाई ने 2006 से 2011 के बीच द्रमुक के शासन का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी को धनराशि एक कंपनी से मिली थी और उस कंपनी को चेन्नई मेट्रो रेल के प्रथम चरण की परियोजना के कार्यान्वयन से संबंधित निविदा मिली थी। भाजपा नेता ने यहां पार्टी की राज्य इकाई के मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार ने पांच मई, 2010 को एक नीति अधिसूचित की थी, जिसमें विदेशी कंपनियों द्वारा प्रस्तुत बोलियों के मूल्यांकन के लिए मानदंड निर्धारित किए गए थे। अन्नामलाई ने आरोप लगाया कि परियोजना के लिए बोलियां बंद होने के कुछ दिन पहले, एक संशोधन लाया गया और एक ैदूसरी कंपनीै पहले स्थानै पर आ गई, जिसने बोली जीती। बाद में, विशिष्ट संशोधन वापस ले लिया गया। अन्नामलाई ने आरोप लगाया कि जिस कंपनी को निविदा मिली, उसने स्टालिन को द्रमुक के 2011 के चुनाव कोषै के लिए दो मुखौटा कंपनियों के माध्यम से 200 करोड़ रुपएै का भुगतान किया।

1.06 करोड़ परिवारों को मिलेंगे नि:शुल्क फूड पैकेट

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रदेश क` 1.06 करोड़ परिवारों को महंगाई से राहत दिलाने क` लिए अहम निर्णय लिया है। उन्होंन `मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैक`ट योजना की कार्ययोजना का अनुमोदन कियाहै। इसक` तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) से जुड़े परिवारों को नि:शुल्क फूड पैकेट वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक पैकेट में चना दाल, चीनी, नमक एक-एक किलो, खाद्य तेल एक लीटर, मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर 100-100 ग्राम और हल्दी पाउडर 50 ग्राम सामग्री होगी। लाभार्थियों को लगभग 370 रुपए प्रति पैकेट (सभी व्ययों सहित) की लागत से फूड पैक`ट आपूर्ति करने पर लगभग 392 करोड़ रुपए मासिक व्यय होगा। इस योजना क` अंतर्गत पात्र व्यक्तियों का रजिस्टेऊशन 24 अप्रेल से आयोजित होने वाल` महंगाई राहत कैंपों में होगा। उल्लेखनीय है कि इस योजना में कॉनफैड, सहकारिता विभाग द्वारा सामग्री क्रय कर फूड पैकेट तैयार करके उचित मूल्यों की दुकानों (एफपीएस) को उपलब्ध कराए जाएंगे।

दिवंगत जनरल रावत की प्रतिमा का धामी ने अनावरण किया

भाषा। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को यहां देश के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल दिवंगत बिपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण तथा स्मारक स्थल का लोकार्पण किया। देहरादून के कनक चौक पर स्थापित की गई जनरल दिवंगत रावत की प्रतिमा तथा स्मारक स्थल का निर्माण करीब 50 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इस मौके पर धामी ने कहा कि यह भव्य प्रतिमा तथा स्मारक स्थल जनरल रावत के शौर्य, अदम्य साहस और वीरता का स्मरण कराने के साथ ही युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करेगा। जनरल की स्मृति को चिरस्थाई रखने के लिए प्रदेश की किसी बड़ी परियोजना का नाम भी उनके नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनरल रावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी मातृभूमि के लिए चार दशकों की निस्वार्थ सेवा असाधारण वीरता और रणनीतिक कौशल से परिपूर्ण थी तथा जीवन के अंतिम दिन तक वे केवल और केवल देश के लिए जिए। उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है जहां भारतीय सेना में शामिल होना युवाओं की पहली प्राथमिकता रहती है। उन्होंने कहा, सैन्य सेवा हमारे लिए मात्र रोजगार का नहीं वरन देश एवं समाज के लिए जीवन समर्पित करने का उत्कृष्ट अवसर भी है। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देहरादून के गुनियाल गांव में प्रदेश के शहीदों की स्मृतियों को बनाए रखने के लिए एक भव्य शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण किया जा रहा है। इस साल के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

भागवत ने विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच एकता की वकालत की

भाषा। अहमदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच शुक्रवार को एकता का संदेश दिया। भागवत ने कहा, पहले हम एक थे, लेकिन हम जातियों के रूप में विभाजित हुए और इस विभाजन को विदेशियों ने और बढ़ा दिया, लेकिन अब देश के विकास के लिए, हमें फिर से एक होना होगा। यहां आरएसएस कार्यकर्ताओं को समाज शक्ति संगम कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भागवत ने संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. आंबेडकर को उनकी 132वीं जयंती पर याद किया और कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि समतामूलक समाज से ही देश का विकास होगा। भागवत ने कहा, आंबेडकर ने कहा था कि हम विदेशी आक्रमणकारियों से हार गए, क्योंकि हम विभाजित थे।

2024 के आम चुनाव के बाद बीआरएस केंद्र में सरकार बनाएगी: केसीआर

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केंद्र में सरकार बनाएगी। राव ने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर पूरे देश में दलित बंधु योजना लागू की जाएगी। 2021 में शुरू की गई दलित बंधु योजना में अनुसूचित जाति के परिवारों को व्यवसाय शुरू करने के लिए 100 प्रतिशत अनुदान के रूप में 10 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं।

अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी

जम्मू। दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ मंदिर की वार्षिक यात्रा एक जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के हिमालई क्षेत्र में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा में शिवलिंग के दर्शन के लिए यह तीर्थ यात्रा प्रत्एक वर्ष आयोजित होती है। यात्रा के लिए पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू होगा। राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 44वीं बैठक में तीर्थयात्रा का कार्यक्रम तय किया गया। उपराज्यपाल सिन्हा ने तीर्थयात्रा के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि प्रशासन सुचारू और निर्बाध तीर्थ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जद(एस) ने 50 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

● देवेगौड़ा की बहू भवानी को टिकट नहीं

भाषा। बेंगलुरु

जनता दल (सेक्युलर) ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 50 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। हासन सीट को लेकर तमाम अटकलों को खत्म करते हुए पार्टी ने जद(एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की बहू भवानी रेवन्ना की जगह एच पी स्वरूप को मैदान में उतारा है। भवानी हासन से चुनाव लड़ने पर जोर दे रही थीं। पार्टी ने शुरू में 49 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की, लेकिन बाद में एक और नाम जोड़ा। हासन सीट विवाद का एक प्रमुख मुद्दा बन गई थी क्योंकि भवानी ने आखिरी समय तक इस सीट पर अपना दावा छोड़ने से इनकार कर दिया। हालांकि, जद (एस) नेता एच डी कुमारस्वामी ने बार-बार स्पष्ट किया था कि उन्हें इस सीट से नहीं उतारा जाएगा। कुमारस्वामी ने कहा था कि किसी वफादार पार्टी कार्यकर्ता को इस सीट पर उतारा जाएगा। हासन जिला पंचायत की पूर्व सदस्य भवानी रेवन्ना, कुमारस्वामी के बड़े भाई एच डी रेवन्ना की पत्नी हैं। भवानी को अपने पति के साथ-साथ अपने बेटों प्रज्वल रेवन्ना और सूरज रेवन्ना का समर्थन प्राप्त था। प्रज्वल लोकसभा में हासन सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि सूरज विधान पार्षद हैं। अपने भाई रेवन्ना के साथ मौजूद कुमारस्वामी ने हासन सीट से उम्मीदवार के रूप में स्वरूप के नाम की घोषणा करते हुए कहा, रेवन्ना और भवानी की सहमति तथा एच डी देवेगौड़ा के आशीर्वाद से नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कुमारस्वामी ने कहा, भवानी रेवन्ना ने आज सुबह मुझसे बात की। रेवन्ना और मैंने चर्चा की और निर्णय लिया...जैसा कि रेवन्ना ने कल कहा था, परिवार में कोई मतभेद नहीं है जैसा कि मीडिया में अटकलें लगाई जा रही थीं।

रेवन्ना और भवानी रेवन्ना की सहमति से हासन का उम्मीदवार तय किया गया है। हासन से टिकट को लेकर देवेगौड़ा परिवार के भीतर दरार इस हद तक बढ़ गई थी कि कुमारस्वामी ने महाभारत में वर्णित कुरुक्षेत्र की लड़ाई का हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि कुछ शकुनी उनके भाई रेवन्ना को बहकाने की कोशिश कर रहे हैं। हासन देवेगौड़ा का गृह जिला है, और 2018 के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने हासन विधानसभा सीट को छोड़कर सात में से छह क्षेत्रों में जीत हासिल की थी। हासन सीट पर भाजपा के प्रीतम गौड़ा को जीत मिली थी।

वोक्कालिगा समुदाय बहुल जिला में भाजपा की यह पहली जीत थी। सूची में शामिल अन्य नामों में मौजूदा विधायक एच डी रेवन्ना (होलेनरसीपुरा), के एस लिंगेश (बेलूर), एच के कुमारस्वामी (सकलेशपुर) और सी एन बालकृष्ण (श्रवणबेलगोला) शामिल हैं। वाई एस वी दत्ता को कडूर से मैदान में उतारा गया है। दत्ता ने जद (एस) छोड़ दिया था और कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन हाल में टिकट से इनकार किए जाने के बाद पार्टी में लौट आए। हाल में जद(एस) में शामिल हुए पूर्व मंत्री ए मंजू को अरकलागुडु से मैदान में उतारा गया है। वह पूर्व में कांग्रेस और भाजपा, दोनों में रह चुके हैं।

बंगलुरू में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी और जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पार्टी का झण्डा लहराकर रैली की शुरूआत की।

ब्रुक के आगे फीकी पड़ी नाइटराइडर्स की चमक

● सनराइजर्स हैदराबाद ने केकेआर को 23 रनों से हराया, दिया था 229 रन का लक्ष्य, बना सके रन 205 रन

भाषा। कोलकाता

सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 23 रन से हराया। 228 रन का पीछा करने उतरी केकेआर 205 रन बना पाई।

इससे पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में इस सत्र का पहला शतक जड़ा जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार विकेट पर 228 रन का विराट स्कोर खड़ा किया। ब्रुक ने पहले तीन ओवर में चार चौके और दो छक्के जड़कर आईपीएल में स्टाइल से आगमन किया जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने सत्र में सर्वश्रेष्ठ शुरुआत की। सनराइजर्स हैदराबाद ने ब्रुक को 13.25 करोड़ रुपए में खरीदा था, वह पहले तीन मैचों में केवल 29 रन ही बना सके थे। लेकिन उन्होंने आखिरकार लय हासिल कर 55 गेंद में 100 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें 12 चौके और तीन छक्के जड़े थे। ब्रुक ने 45 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और 32 गेंद में 50 रन पर पहुंचे। लेग स्पिनर सूयश शर्मा ने अपनी ही गेंद पर उनके कैच करने का आसान मौका गंवा दिया था। ब्रुक जब 61 रन पर थे, तब उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट के फैसले को बदलवाया। उन्होंने न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज के इसी ओवर में पांच चौके जड़े। ब्रुक ने अंतिम ओवर में उमेश यादव पर एक रन लेकर अपना सैकड़ा पूरा किया। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद केकेआर के क्षेत्ररक्षण ने उसे निराश किया क्योंकि केकेआर के कप्तान ऐडन मार्कराम ने भी 26 गेंद में 50 रन की पारी खेली। ब्रुक और मार्कराम ने मिलकर 47 गेंद में 72 रन जोड़े। मार्कराम के आउट होने के बाद बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (32 रन, 17 गेंद) ने ब्रुक का बखूबी साथ निभाया। इन दोनों ने 33 गेंद में 72 रन जोड़कर केकेआर की मुश्किल बढ़ाई। हेनरिक क्लासेन ने छह गेंद में नाबाद 16 रन की उपयोगी पारी खेली। सुनील नारायण (चार ओवर में 28 रन) और आंद्रे रसेल (2.1 ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट) को छोड़कर केकेआर का कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर सका। रसेल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अपना ओवर पूरा नहीं कर सके।

स्कोरबोर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद : ब्रुक नाबाद 100, अग्रवाल का वरुण बो रसेल 09,त्रिपाठी का रहमनुल्लाह गुरबाज बो रसेल 09,मार्कराम का रसेल बो वरुण 50,शर्मा का शार्दुल बो रसेल 32, क्लासेन नाबाद 16,अतिरिक्त : 12,**कुल योग :** 20 ओवर में चार विकेट पर 228 रन,**विकेट पतन :**1-46, 2-57, 3-129, 4-201 **गेंदबाजी :** उमेश 3-0-42-0,फर्ग्यूसन 2-0-37-0,नारायण 4-0-28-0,रसेल 2.1-0-22-3, चक्रवर्ती 4-0-41-1,शर्मा 4-0-44-0, ठाकुर 0.5-0-14-0

जमाल हुसैन शीर्ष पर बरकरार, भारत के करण प्रताप सिंह दूसरे स्थान पर

चंडीगढ़। भारतीय गोल्फर करण प्रताप सिंह ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में 68 का कार्ड खेलकर दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया जिससे वह चार पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। बांग्लादेश के जमाल हुसैन ने एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि के तीसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे उन्होंने दो शॉट की बढ़त कायम रखी है।

साइ के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा: ठाकुर

हमीरपुर। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि हमीरपुर में खेलो की अपार संभावनाएं है और हिमाचल प्रदेश के इस जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। हमीरपुर के रहने वाले ठाकुर ने अनु में साइ के एनसीओई में बैडमिंटन कोर्ट, मैट हॉल, जूडो हॉल और मुक्केबाजी हॉल का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। ठाकुर ने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र में आधुनिक सुविधाएं होने पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

डिज़्नी स्टार ने आईपीएल के दर्शकों के रिकॉर्ड तोड़े

मुंबई। टाटा आईपीएल 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारणकर्ता डिज्नी स्टार ने शुरुआती 10 मैचों के लिए आश्चर्यजनक रूप से 6230 करोड़ मिनट का वाच टाइम देखा है। पहले 10 मैचों के लिए 30.7 करोड़ दर्शकों की संचयी पहुंच के साथ, ब्रॉडकास्टर ने पिछले आईपीएल संस्करण की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक दर्शकों को आकर्षित किया है। यह पहुंच आईपीएल इतिहास में अब तक की दूसरी सबसे अधिक पहुंच है। डिज़्नी स्टार ने अपने फैन-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ एक सम्मोहक, आकर्षक और इंटरैक्टिव उत्पाद बनाने के लिए एक निर्बाध और निर्बाध देखने का अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। संपन्न पुरुष शहरी खेल दर्शकों के बीच टीवीआर पिछले संस्करण की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत बढ़ गया है। संजोग गुप्ता, हेड- स्पोर्ट्स, डिज्नी स्टार ने कहा, हम टाटा आईपीएल 2023 के डिज्नी स्टार के प्रसारण को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से खुश हैं।

अंबर प्रताप सिंह और तारिक हुसैन ने दिलकश टाइगर्स को दिलाई जीत

लखनऊ। अंबर प्रताप सिंह-45 की शानदार कप्तानी पारी और तारिक हुसैन 3 विकेट 26 रन के हरफनमौला प्रदर्शन से दिलकश टाइगर्स ने डिवीज़नल चैंपियंस लीग के शुक्रवार को खेले गए मैच में बलवान पैंथर्स को 4 विकेट से हराया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर बलवान पैंथर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन का स्कोर बनाया। अमित सिंह ने 34 गेंदों पर 9 चौके से 49 रन और अभिषेक पाण्डेय ने 11 रन बनाये और पहले विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। फिर विनय कुमार ने 36 और राहुल यादव ने 34 रन जोड़े। इसके बाद बल्लेबाज प्रतिरोध नहीं कर सके। दिलकश टाइगर्स से जय सिंह व तारिक हुसैन ने 3.3 विकेट हासिल किये। जवाब में दिलकश टाइगर्स ने 19ए2 ओवर में 6 विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। कप्तान अंबर प्रताप सिंह ने शानदार सलामी पारी खेलते हुए 29 गेंदों पर 6 चौके व एक छक्के से आतिशी 45 रन बनाये।

घर में काहे का डर, नजर फिर शीर्ष पर

● लखनऊ जायंटस इकाना में तीसरा मैच आज, बल्लेबाजी में सुधार करने उतरेगा पंजाब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

दो मैचों में हार से पीछे रह गई लखनऊ जायंट्स की टीम शनिवार को अपने खेल के उम्दा प्रदर्शन से फिर एकबार टॉप पर पहुंचने की कोशिश करेगी। कल उसका मुकाबला किंग्स इलेवन पंजाब से होगा। बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पिछले दो मैच गंवाने वाली पंजाब किंग्स की टीम लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में इस विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगा।पंजाब ने पहले दोनों में जीतकर इस सत्र की शानदार शुरुआत की थी लेकिन बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहने के कारण उसे पिछले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान शिखर धवन के अलावा उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज उपयोगी योगदान नहीं दे पा रहा है। पंजाब के कम स्कोर का मुख्य कारण बीच के ओवरों में तेजी से रन नहीं बना पाना है। इसके अलावा टीम काफी गेंदों को खाली छोड़ रही है। पिछले मैच में ही उसने 56 गेंद खाली छोड़ी थी जिसमें टीम को सुधार करने की जरूरत है। धवन ने पहले तीन मैचों में 40, नाबाद 86 और नाबाद 99 रन की पारियां खेली थी लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इसके बाद वह नाकाम रहे। मैथ्यू शॉर्ट और जितेश शर्मा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे हैं। बल्लेबाजों ने जहां पंजाब की टीम को निराश किया है वही अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने अच्छा खेल दिखाया है। वह अर्शदीप और इंग्लैंड के सैम कुरेन थे जो गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में अपेक्षाकृत कम स्कोर का बचाव करते हुए मैच को आखिरी गेंद तक ले गए थे। स्पिनरों में हरप्रीत बरार और राहुल चाहर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो वह इस मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगा। लखनऊके कप्तान केएल राहुल रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं लेकिन उसके अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

मोहाली। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल का लक्ष्य मैच को तीन घंटे 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण मैच चार घंटे से अधिक समय तक खिंच रहे हैं। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, यह टीम का आईपीएल आचार संहिता के तहत धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध है इसलिए उसके कप्तान हार्दिक पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इस मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया था। यह उसकी इस सत्र की तीसरी जीत है जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

आईपीएल-16 स्टेडियम से

तेवतिया ने यश दयाल से कहा, टीम में कोई भी आपको बुरा महसूस नहीं कराएगा

मोहाली। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए अंतिम एकादश से बाहर किए गए तेज गेंदबाज यश दयाल को अपनी टीम गुजरात टाइटन्स से काफी समर्थन मिला है और उनके साथी राहुल तेवतिया ने कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी ने कोई सहानुभूति नही दी है। कोलकाता नाइट राइडर्स को अंतिम ओवर में जीत के लिए 29 रन की दरकार थी और रिंकू सिंह ने दयाल पर लगातार पांच छक्के जड़कर अपनी टीम को गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स पर सनसनीखेज जीत दिलाई। हालांकि गुजरात टाइटन्स ने शानदार वापसी करते हुए गुरुवार को पंजाब किंग्स पर छह विकेट से जीत दर्ज की जिसमें तेवतिया ने चौका जड़कर विजई रन बनाया। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बात की कि किस तरह से टीम ने यश दयाल का समर्थन किया जिन्होंने पिछले सत्र में टीम की खिताबी जीत में योगदान दिया था। तेवतिया ने दयाल के इस प्रदर्शन के बाद उनसे कहा, यह सबसे खराब है, आप इससे नीचे नही जा सकते। वह हमारे मुख्य गेंदबाजो में से एक था। हम पिछले सत्र चैम्पियन बने थे और उसने इसमें काफी बड़ी भूमिका अदा की थी। उसने पिछले साल नई गेंद से और अंतिम ओवरो में भी काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, उसने हमारे लिए जो कुछ किया है, इस तथ्य को एक मैच बदल नही सकता। मुझे नही लगता कि टीम में किसी ने उसे सहानुभूति दी हो।

काफी खतरनाक हो सकते हैं प्रभसिमरन सिंह : हाडिन

मोहाली। पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्राड हाडिन का मानना है कि अपनी लय हासिल करने पर युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह काफी खतरनाक साबित हो सकते है। बाईस वर्ष के प्रभसिमरन ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 34 गेंद में 60 रन बनाए लेकिन अगले दो मैच में खाता नही खोल सके। हाडिन ने गुजरात टाइटंस से छह विकेट से मिली हार के बाद कहा , हमने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ देखा। वह काफी प्रतिभाशाली है। लय में होने पर वह मैदान में चारो ओर शॉट खेल सकता है और मैच विनर हो सकता है। अब वह अपनी भूमिका समझ रहा है। हम उसका और उसके खेलने की शैली का पूरा समर्थन करेंगे। कुछ दिन प्रदर्शन अच्छा होगा और कभी नही भी होगा। यह पूछने पर कि प्रभसिमरन के नही चलने पर क्या पंजाब के पास विकल्प है , हाडिन ने कहा , हमारे पास कई विकल्प है लेकिन इस समय वह शीर्ष पर ही खेलेगा। हमने देखा है कि खिलाड़ियों को कुछ अतिरिक्त मैच देने पर वे शानदार प्रदर्शन करते है। ए सभी काफी प्रतिभाशाली है और उसने काफी दबाव वाले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह रन बनाना चाहता है और अपनी लय में होने पर काफी खतरनाक हो सकता है।

अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट पर रहेगा शुभमन गिल का दबदबा: हेडन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि बड़े स्कोर बनाने की अपनी काबिलियत के कारण शुभमन गिल का अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में दबदबा रहेगा। तेईस वर्षीय गिल अभी तक टेस्ट मैचों में दो, वनडे में चार और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगा चुके है। उनकी 49 गेंदो पर खेली गई 67 रन की शानदार पारी से गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। हेडन उन कई लोगों में शामिल है जो गिल के खेल पर नियंत्रण बनाए रखने के कौशल से प्रभावित है। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, गुजरात टाइटंस को पंजाब किंग्स के अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो जिम्मेदारी संभालकर आखिर तक टिका रहे और शुभमन गिल ने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई। उसके कुछ शॉट ने आंखो को सुकून पहुंचाया। वह इतना अच्छा खिलाड़ी है के अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में उसका दबदबा रहने वाला है।

हार का सिलसिला तोड़ने के लिए उतरेंगे दिल्ली और आरसीबी

● एक दूसरे का सामना करेंगे आज

बेंगलुरू। लगातार चार मैच गंवाने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पिछले दो मैचों में पराजय से पस्त रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में अगर सकारात्मक परिणाम हासिल करना है तो उसके खिलाड़ियों को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की वर्तमान सत्र में शुरुआत बेहद खराब रही और पहले चारों मैच गंवाने के कारण अभी तक उसका खाता नहीं खुला है। डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम के लिए अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं रहा है और टीम प्रबंधन भी उचित संतुलन बनाने के लिए जूझ रहा है। वॉर्नर और उपकप्तान अक्षर पटेल ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित खेल नहीं दिखा पाए हैं। वॉर्नर भी अच्छे स्ट्राइक रेट से रन नहीं बना पाए हैं लेकिन अक्षर ने अभी तक अच्छी बल्लेबाजी की है। वॉर्नर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं लेकिन उनका 14.83 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह तेजी से रन नहीं बना पा रहे हैं और दूसरी तरफ से लगातार विकेट गिरने के कारण उनकी परेशानियां बढ़ रही हैं। पृथ्वी साव की अच्छे तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने कमजोरियां खुलकर सामने आई हैं जिससे उन्हें जल्द से जल्द पार पाना होगा। सरफराज खान की जगह टीम में जगह बनाने वाले मनीष पांडे भी योगदान नहीं दे पा रहे हैं जबकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में पदार्पण करने वाले यश धुल केवल चार गेंद का सामना करके पवेलियन लौट गए थे। दिल्ली के पास भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी है जो उसके लिए चिंता का विषय है। दिल्ली हालांकि इस मैच में रोवमैन पावेल की जगह फिल साल्ट को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है जिन्हें अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। उनकी मौजूदगी में वॉर्नर को पारी संवारने का मौका मिल सकता है। दिल्ली के तेज गेंदबाजों एनरिक नोर्किया और मुस्तफिजुर रहमान ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माने जाने वाली चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर उन्हें रन रोकने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

आर्या केकेआर से जुड़े

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बचे हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए शुक्रवार को आर्या देसाई को शामिल किया। देसाई घरेलू क्रिकेट में गुजरात का प्रतिनिधित्व करते हैं, वह तीन प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं और उनके नाम 151 रन है। केकेआर ने 20 साल के इस खिलाड़ी को 20 लाख रुपए में टीम से जोड़ा। देसाई ने जनवरी में प्रथम श्रेणी पदार्पण कियाथा और अभी तक वह अपने राज्य की टीम के लिए लिस्ट ए या टी20 क्रिकेट नहीं खेले हैं।

डब्ल्यूपीएल बड़ी विंडो और होम एंड अवे प्रारूप में फरवरी में आयोजित किया जाएगा

भाषा। मुंबई

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) अगले संस्करण से होम-अवे प्रारूप में बड़ी विंडो के साथ संभवत: फरवरी में खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) में एक सूत्र ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। टूर्नामेंट का शुरुआती चरण मुंबई में दो स्थलों में चार से 26 मार्च तक खेला गया था। इस महीने के शुरु में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चेयरमैन अरुण धूमल ने पीटीआई को बताया था कि डब्ल्यूपीएल अगले तीन सत्र के लिए पांच टीमों का टूर्नामेंट रहेगा और यह होम एंड अवे (घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान) प्रारूप में खेला जाएगा क्योंकि प्रशंसक बनाने के लिए यह अहम होता है। बीसीसीआई के सूत्र ने हालांकि कहा कि लीग को टीयर-2 शहरों जैसे इंदौर में ले जाना मुश्किल होगा क्योंकि इनके नाम पर डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी नहीं है। सूत्र ने कहा कि चर्चा यह भी चल रही है कि डब्ल्यूपीएल को साल के अंत तक स्थगित कर दिया जाए ताकि इसे दिवाली के समय आयोजित किया जाए लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। वहीं भारत-पाकिस्तान के विश्व कप स्थल और एशिया कप स्थल पर चर्चा अब भी जारी है। बीसीसीआई एशिया कप 2023 में भागीदारी को लेकर और विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के भारत में मैचों पर भारत सरकार के निर्देशों का इंतजार करेगा। सूत्र के अनुसार सभी सदस्य इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं और अंतिम फैसला इसके बाद ही लिया जाएगा। पीटीआई ने पहले बताया था कि पाकिस्तान के ज्यादातर विश्व कप मैच चेन्नई और कोलकाता में हो सकते हैं क्योंकि टीम अपने पिछले दौरों पर इन दो स्थलों पर सुरक्षित महसूस कर रही थी। बीसीसीआई को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मुख्य चयनकर्ता की नियुक्ति अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले कर ली जाएगी जिसके जून में ओवल में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद होने की उम्मीद है। यह पद इस साल फरवरी में चेतन शर्मा के इस्तीफे के बाद से खाली पड़ा है। बीसीसीआई को साथ ही भरोसा है कि भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह विश्व कप 2023 के लिए फिट होंगे जो पीठ की चोट के कारण क्रिकेट से बाहर हैं।

मैं अच्छे से रिकवर कर रहा हूं , कहा पंत ने

भाषा। बेंगलुरू

खराब दौर से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के इस सत्र में ऋषभ पंत की कमी बुरी तरह खल रही है और उसके इस स्टार बल्लेबाज ने कहा कि वह दिन प्रतिदिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। पंत पिछले साल दिसंबर में दिल्ली . देहरादून हाइवे पर कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद से क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने कहा , मैं अच्छे से रिकवर हो रहा हूं और हर दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी आया हूं और दिल्ली कैपिटल्स टीम भी यहां है तो मैं टीम से मिला। पंत ने यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली के मैच से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा , मैने देखा कि टीम कैसे अभ्यास कर रही है। मुझे इसकी कमी खल रही है लेकिन मेरा दिलोदिमाग टीम के साथ है। मैं उन्हें अगले मैच के लिए शुभकामना देता हूं।

जोकोविच लगातार तीसरे साल मोंटकार्लो मास्टर्स से जल्दी बाहर

भाषा। मोनाको

नोवाक जोकोविच लगातार तीसरे साल मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। एक महीने के विश्राम के बाद क्ले कोर्ट पर सत्र का अपना दूसरा मैच खेलने वाले शीर्ष रैंकिंग के जोकोविच को गुरुवार को खेले गए मैच में लोरेंजो मुसेटी ने 4-6, 7-5, 6-4 से हराया। सर्बिया का यह खिलाड़ी अब भी क्ले कोर्ट पर सामंजस्य बिठाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आठ बार अपनी सर्विस गंवाई और इटली के अपने प्रतिद्वंदी के बेसलाइन के शॉट का उनके पास कोई जवाब नहीं था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो जिस तरह का खेल मैंने आज दिखाया उससे मुझे बहुत बुरा लग रहा है। मोंटेकार्लो में दो बार के चैंपियन जोकोविच पिछले साल फ्रांस के कोटे डीजूर से पहले दौर में हार गए थे जबकि 2021 में और तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। सोलहवीं वरीयता प्राप्त मुसेटी क्वार्टर फाइनल में यानिक सिनर से भिड़ेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त सिनर ने दूसरे सेट में एक मैच प्वाइंट बचाकर 10वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्कज को 3-6, 7-6 (6), 6-1 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने भी निर्णायक टाईब्रेकर में दो मैच प्वाइंट बचाए और अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3-6, 7-5, 7-6 (7) से हराया।

फ्रिट्ज ने मोंटे कार्लो में गत चैम्पियन सिटसिपास को हराया

मोनाको। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दो बार के चैम्पियन स्टेफानोस सिटसिपास को 6-2, 6-4 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त सिटसिपास यहां लगातार 12 मैच जीत चुके थे जिसमें पिछले दो खिताब शामिल है। अब फ्रिट्ज का सामना पांचवी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रूबलेव से होगा जिन्होने जर्मन क्वालीफायर जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-1, 7-6 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच तीसरे दौर में ही हारकर बाहर हो गए है।

कूल्हे की चोट के कारण बार्सीलोना ओपन नहीं खेलेंगे नडाल

भाषा। बार्सीलोना



रफेल नडाल ने शुक्रवार को कहा कि वह बार्सीलोना ओपन नहीं खेल सकेंगे जिससे फ्रेंच ओपन से पहले एक और क्लेकोर्ट खेलने का मौका उन्हें गंवाना पड़ रहा है। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा कि वह बाएं कूल्हे की चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं जिसकी वजह से वह इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। बार्सीलोना मेरे लिए खास टूर्नामेंट है क्योंकि यह मेरे घरेलू कोर्ट पर होता है। यहां खेलने का अहसास खास है लेकिन मैं अभी पूरी तरह से फिट नहीं हूं। नडाल ने रिकॉर्ड 12 बार बार्सीलोना ओपन जीता है। फ्रेंच ओपन 28 मई से 11 जून के बीच खेला जाएगा।

दिव्यांश, विजयवीर, सिफ्ट राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीते

भोपाल। ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार, सिफ्ट कौर सामरा और विजयवीर सिद्धू ने शुक्रवार को यहां पिस्टल और राइफल निशानेबाजो के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीत हासिल की। हाल में आगामी बाकू विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान गंवाने वाले दिव्यांश ने फॉर्म में वापसी की। दिल्ली की कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में अनंत जीत सिंह नरूका और गनेमत शेखो ने क्रमश: पुरुष और महिला स्कीट ट्रायल्स में जीत दर्ज की। भोपाल में दिव्यांश ने पुरुषो की 10 मीटर एयर राइफल टी4 क्वालीफिकेशन दौर मने 636.3 अंक का स्कोर बनाया। उन्होने स्वर्ण पदक मैच में सूर्या प्रताप सिंह बंशतु को 16-12 से पराजित किया। पंजाब की सिफ्ट कौर ने स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपियन अंजुम मोदगिल को 16-4 से शिकस्त दी। तेजस्विनी सावंत तीसरे स्थान पर रही।

भारतीय पुरुष टीम 2024 एशियाई कप से पहले किंग्स कप और मर्डेका कप में खेलेगी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप से शुरू होकर नवंबर और दिसंबर में 2026 विश्व कप क्वालीफायर तक काफी व्यस्त रहेगा। मर्डेका कप इस साल बैंकॉक में वापसी करेगा और साथ ही किंग्स कप भी खेला जाएगा। मलेशिया का टूर्नामेंट मर्डेका कप 1960 से लेकर 1980 के दशक के मध्य तक सीनियर राष्ट्रीय टीम के कैलेंडर में नियमित रूप से शामिल था। एआईएफएफ ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में कई फैसलो में विदेशी खिलाड़ियो को कलकत्ता फुटबॉल लीग (सीएफएल), गोवा लीग जैसे प्रमुख राज्य लीग के साथ आई लीग डिवीजन 2 में भाग लेने से रोकने का भी फैसला किया है।

यूरोपा लीग: मैनचेस्टर ने सेविला से 2-2 से ड्रॉ खेला

मैनचेस्टर। मार्सेल सेबिजर के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड यूरोपा लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम आगे बढ़ा रहा था लेकिन अंतिम क्षणो की चूक के कारण उसे सेविला से क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा।सेबिजर ने 14वे और 21वे मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन टाइरेल मलासिया ने 84वे मिनट में आत्मघाती गोल कर दिया। इसके बाद हैरी मैगवायर ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में बराबरी का गोल दागा।क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह स्पेन में खेला जाएगा।इस बीच मैट्स वीफर के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से फेरनोर्ड ने यूरोपा लीग के पहले चरण के क्वार्टर फाइनल मैच में रोमा को 1-0 से हराया।